सूर्योदय 6:9 सूर्यास्त 6:41

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.2 न्यू | 23.4 अधि |
| धर्मशाला | 13.5 न्यू | 30.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75364.69 |
| निफ्टी | 22904.45 |

सोना 93,000 चांदी 95,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 5 अप्रैल 2025 | 23 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 96, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



विमल नेगी हत्या मामले में सीबीआई जांच पर सीएम को आपत्ति क्यों: जयराम

पृष्ठ 13 पर

## अष्टमी मां महागौरी



**नवरात्र** के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। देवीभागवत पुराण के अनुसार, मां के नौ रूप और 10 महाविद्याएं सभी आदिशक्ति के अंश और स्वरूप हैं, लेकिन भगवान शिव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में महागौरी सदैव विराजमान रहती हैं। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। नवरात्र की अष्टमी तिथि को विशेष महत्व रखती है क्योंकि कई लोग इस दिन कन्या पूजन कर अपना व्रत खोलते हैं।

**पूजन विधि :** प्रातःकाल स्नान-ध्यान के पश्चात कलश पूजन कर मां की विधि-विधान से पूजा करें। मां को सफेद पुष्प अर्पित करें, मां की वंदना मंत्र का उच्चारण करें। माता रानी को चुनरी अर्पित करें।

**श्वेते वृषेसमारूढा**
**श्वेतांबरधरा शुचिः।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥**
**या देवी सर्वभूतेषु मां महागौरी रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥**

### आज के मैच

चेन्नई सुपर किंग्स vs दिल्ली कैपिटल्स

समयः दोपहर 3:30 बजे (चेन्नई)

पंजाब किंग्स vs राजस्थान रॉयल्स

समयः शाम 7:30 बजे (मोहाली)

## न्यूज शॉर्ट्स

### नहीं रहे 'भारत कुमार' देशभर में शोक की लहर

**एजेंसी, मुंबई।** मशहूर अभिनेता मनोज कुमार का शुक्रवार अलसुबह 3.30 बजे मुंबई के कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर देशभर में शोक की लहर छा गई है। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत बॉलीवुड की कई नामी हस्तियों आमिर खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, मनोज बाजपेयी आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मनोज कुमार कुछ समय से बीमार थे। वह 'भारत कुमार' के नाम से भी मशहूर थे। बेटे कुणाल गोस्वामी के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 11 बजे किया जाएगा।



मनोज कुमार
14 जुलाई, 1937
4 अप्रैल, 2025

### द. कोरिया के राष्ट्रपति को पद से हटाया

**एजेंसी, सियोल।** दक्षिण कोरिया के संवैधानिक न्यायालय ने 'मॉर्शल लॉ' लागू करने के कारण देश के राष्ट्रपति यून सुक येओल को शुक्रवार को पद से हटाने का फैसला सुनाया। न्यायालय के इस फैसले के बाद यून ने जनता की उम्मीदों पर खरा न उतर पाने के लिए उनसे माफी मांगी है। यून पर यह कार्रवाई इसलिए की गई है ,क्योंकि चार माह पहले उन्होंने देश में 'मार्शल लॉ' की घोषणा करके और संसद में सेना भेजकर देश की राजनीति में तूफान ला दिया था। दक्षिण कोरिया को अब नया राष्ट्रपति चुनने के लिए दो माह के भीतर चुनाव कराना होगा। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मुख्य विपक्षी 'डेमोक्रेटिक पार्टी' के नेता ली जे-म्यांग अगले राष्ट्रपति बन सकते हैं।



### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- अनुराग के खड़गे पर लगाए आरोप पूरी तरह से निराधार : प्रेम कौशल — पेज 2
- पठानकोट में दुकान की ऊपरी मंजिल में लगी भयानक आग — पेज 4
- नशा तस्करों की जानकारी देने वाले की पहचान उजागर करना शर्मनाक — पेज 6
- रिकांगपिओ-धर्मपुर बस सेवा तीन माह से बंद — पेज 9
- घर-घर स्थापित होंगे सौर ऊर्जा पैनल, मिलेगी सब्सिडी — पेज 11

# अमेरिका ने सुधारी गलती... 27 नहीं, 26 प्रतिशत ही लगेगा भारत पर टैरिफ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दो अप्रैल की देर रात को अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था, लेकिन बाद में उसे सुधार करके 27 फीसदी कर दिया गया था। अब एक बार फिर इसमें सुधार किया गया है।

शुक्रवार को व्हाइट हाउस के एक दस्तावेज से पता चला कि ट्रंप सरकार के पारस्परिक टैरिफ में भारत सहित कम से कम 14 देशों के लिए संशोधन किया गया है। नए दस्तावेज से पता चलता है कि टैरिफ को संशोधित कर 26 प्रतिशत कर दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को कहा था कि नई दिल्ली वॉशिंगटन के साथ 'सही' व्यवहार नहीं कर रहा है और इसलिए उसने पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। यह हमारी पॉलिसी का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अमेरिकी घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना और भारत के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करना है, जो 2023-24 में 35.31 बिलियन डॉलर था।

### 14 अन्य देशों का भी रेट बदला



### इन देशों के रेट में भी हुआ संशोधन

**दक्षिण** कोरिया के रेट में भी उतार-चढ़ाव दिखा है। डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा में इसे 25 प्रतिशत निर्धारित किया गया था, फिर डॉक्यूमेंट में इसे बढ़ाकर 26 प्रतिशत कर दिया गया और अब यह फिर से 25 प्रतिशत पर आ गया है। इसी तरह, अन्य देशों में बोत्सवाना, कैमरून, मलावी, निकारागुआ, नॉर्वे, पाकिस्तान, फिलीपींस, सर्बिया, दक्षिण अफ्रीका, थाईलैंड, वानुअतु और फॉकलैंड द्वीप शामिल हैं। ट्रंप की पारस्परिक टैरिफ नीति को लागू करने वाले कार्यकारी आदेश के तहत, सभी अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों ने 5 अप्रैल को वैश्विक 10 प्रतिशत टैरिफ के साथ शुरुआत की।

### फार्मा पर अलग कैटेगरी के तहत टैरिफ लगाएंगे ट्रंप

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फार्मा सेक्टर पर अलग कैटेगरी के तहत टैरिफ लगाने के बयान के बाद इस सेक्टर के शेयरों में बिकवाली है। ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि फार्मा में टैरिफ उस स्तर पर आने वाला है, जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। हम अभी फार्मा पर विचार कर रहे हैं, यह एक अलग कैटेगरी है और हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे।

## शेयर बाजार में ब्लैक फ्राई-डे सेंसेक्स 930.67 अंक टूटा

**मुंबई।** व्यापार युद्ध गहराने की आशंका हावी होने से वैश्विक बाजारों में आई नरमी के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेज गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 930.67 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी में 346 अंकों की गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 930.67 अंक यानी 1.22 प्रतिशत गिरकर 76,000 के स्तर से काफी नीचे 75,364.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,054.81 अंक गिरकर 75,240.55 तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 345.65 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 23,000 के नीचे 22,904.45 अंक पर बंद हुआ और निवेशकों के 10 लाख करोड़ डूब गए।



## 2020 के बाद ग्लोबल शेयर मार्केट में सबसे बड़ी गिरावट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए टैरिफ की घोषणा की और इसके एक दिन बाद ग्लोबल शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट देखी गई। यह साल 2020 के बाद आई सबसे बड़ी गिरावट है। ऐसा अनुमान है कि इस टैरिफ से कीमतें बढ़ेंगी और इसका असर अमेरिका और विदेश में विकास पर पड़ेगा। दरअसल, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शेयर बाजारों में दूसरे दिन भी गिरावट देखने को मिली। अमेरिकी एस एंड पी 500 (मार्केट इंडेक्स) के लिए यह साल 2020 के बाद सबसे खराब दिन रहा। कोविड-19 की वजह से अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। इस बीच, व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने वैश्विक आयात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना बनाई है, ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 'उछाल' आए और संघीय राजस्व बढ़े। वहीं, चीन और यूरोपीय यूनियन ने इस टैरिफ पर जवाबी कार्रवाई करने के संकेत दिए हैं।

# बिम्सटेक देशों में सहयोग बढ़ाने के लिए पीएम मोदी ने दिए 21 सूत्र

## सदस्य देशों को दिया यूपीआई से जुड़ने का प्रस्ताव

**एजेंसी, बैंकॉक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को थाईलैंड के बैंकॉक में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

उन्होंने इस दौरान 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव में भारत के यूपीआई को बिम्सटेक देशों की भुगतान प्रणालियों से जोड़ना और समूह के सदस्यों के बीच जुड़ाव को मजबूत करने के लिए बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना करना शामिल है। इस योजना में मानव संसाधन के संगठित विकास के लिए बोधि या बिम्सटेक पहल भी शामिल है। इसके तहत हर साल बिम्सटेक देशों के 300 युवाओं को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक)' का शिखर सम्मेलन भारत, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड और भूटान के नेताओं को विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक साथ लाता है। प्रधानमंत्री मोदी, नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, भूटानी प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, श्रीलंकाई प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या, बांग्लादेशी अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और म्यांमार के सैन्य नेता वरिष्ठ जनरल मिन आंग हलिंग का थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनवात्रा ने आगमन पर स्वागत किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित शिखर सम्मेलन में साथी बिम्सटेक नेताओं के साथ। हम विविध क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। हमारी कोशिशों से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए, ऐसी कामना करता हूं। इससे पहले दिन में, प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार की सैन्य नेतृत्व वाली सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद द्विपक्षीय संबंधों और भारत के समर्थन पर चर्चा की।




### वैश्विक मुद्दों पर विचारों का किया आदान-प्रदान

**दोनों** प्रधानमंत्रियों ने वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और बिम्सटेक, आसियान और मेकांग गंगा सहयोग सहित उपक्षेत्रीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों में घनिष्ठ सहयोग बनाने के तरीकों पर चर्चा की। पीएम मोदी और थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा ने भारत-थाईलैंड रणनीतिक साझेदारी की स्थापना पर संयुक्त घोषणा पत्र के आदान-प्रदान को देखा। उन्होंने हथकरघा और हस्तशिल्प, डिजिटल प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और समुद्री विरासत के क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान को भी देखा। दोनों नेताओं ने भारत-थाईलैंड कांसुलर वार्ता की स्थापना का भी किया स्वागतदोनों नेताओं ने भारत-थाईलैंड कांसुलर वार्ता की स्थापना का भी स्वागत किया, जो दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संपर्क को और सुविधाजनक बनाएगा।

### श्रीलंका की यात्रा पर रवाना

**बिम्सटेक** शिखर सम्मेलन के बाद, प्रधानमंत्री मोदी अपने दो देशों के दौरे के दूसरे चरण के लिए शुक्रवार को श्रीलंका की यात्रा पर रवाना हो गए। तीन दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान, पीएम मोदी राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इससे पहले, राष्ट्रपति दिसानायके ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के रूप में भारत की राजकीय यात्रा की थी। वहीं, दूसरी ओर यह प्रधानमंत्री मोदी की अपने कार्यकाल के दौरान श्रीलंका की चौथी यात्रा होगी।

# वक्फ बिल के विरोध में सात मुस्लिम नेताओं ने छोड़ी जेडीयू



**एजेंसी, पटना**

जेडीयू ने वक्फ संशोधन बिल पर मोदी सरकार का समर्थन किया है। इसके बाद से सीएम नीतीश कुमार की पार्टी में घमासान मचा हुआ है और बगावत शुरू हो गई है। एक के बाद मुस्लिम नेताओं का इस्तीफा जारी है। अब तक बिल को समर्थन देने से नाराज 7 मुस्लिम नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है।

इनमें पूर्व प्रदेश सचिव एम राजू नैयर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहनवाज मलिक, बेतिया जिला के उपाध्यक्ष नदीम अख्तर, प्रदेश महासचिव सिएन मो. तबरेज सिद्दीकी अली, भोजपुर से पार्टी सदस्य मो. दिलशान राईन और खुद को मोतिहारी के ढाका विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी बताने वाले मोहम्मद कासिम अंसारी शामिल हैं। नवादा जिले के जेडीयू जिला सचिव मोहम्मद फिरोज खान ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। फिरोज खान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दोहरी नीति का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है।

मुस्लिम नेताओं ने वक्फ बिल के समर्थन पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि पार्टी ने लाखों मुसलमानों का भरोसा तोड़ा है। हालांकि, पार्टी ने दावों को खारिज किया है। वहीं, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने वक्फ संशोधन बिल को नहीं मानने वालों को देशद्रोही बताया है। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान नहीं, हिंदुस्तान है। जहां संविधान का शासन चलता है। वहीं, वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने पहली याचिका लगाई गई।

### वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ 8 राज्यों में प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यूपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी को वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी मिली, उनके बहनोई को पीटा गया। गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। भीड़ ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया।

## सुप्रीम कोर्ट से देशराज को मिली अंतरिम जमानत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत मामले में फंसे सस्पेंड डायरेक्टर देशराज को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। इससे पहले हाईकोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट के आधार पर उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए देशराज ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां उन्हें राहत मिल गई। देशराज 23 मार्च से ही गायब थे। वहीं, परिवार और भाजपा लगातार मामले की सीबीआई जांच मांग रहे हैं।

## एसडीएम पधर को मिली जान से मारने की धमकी

**कविता, पधर**



उप मंडलाधिकारी (ना.) पधर सुरजीत सिंह को जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। यह धमकी उन्हें एक मोबाइल नंबर 70180-00045 से शुक्रवार सुबह लगभग 11.01 बजे दी गई। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम अजय राणा निवासी कोटली बताया है। उक्त व्यक्ति 'नशा मुक्त भारत' अभियान के तहत किसान मेले में प्रस्तुति देने के विषय में बात कर रहा था।

एसडीएम ने बताया कि इससे पूर्व भी उक्त व्यक्ति ने इसी विषय में फोन किया था, जिस पर उन्हें आवेदन करने की सलाह दी गई थी, किंतु शुक्रवार सुबह जब वह डलाह के पूर्व प्रधान केहर सिंह तथा सेवानिवृत्त नायब-तहसीलदार बुद्धि सिंह के साथ किसान मेले को लेकर चर्चा कर रहे थे, तभी फिर से कॉल आया।

एसडीएम ने बताया कि जब उन्होंने व्यस्त होने का हवाला देकर बार-बार फोन न करने की बात कही, तो आरोपी ने अत्यंत असभ्य भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने यह भी कहा कि उक्त व्यक्ति द्वारा बार-बार कॉल कर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि आरोपी ने एक अन्य मोबाइल नंबर 70184-59412 से भी फोन करने का प्रयास किया, जिसे एसडीएम द्वारा उत्तर न देने के बाद ब्लॉक कर दिया गया। एसडीएम पधर ने थाना प्रभारी को इस संबंध में शिकायत पत्र सौंपते हुए प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

## सीएम सुक्खू औद्योगिक विकास की तलाश रहे संभावनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पिछले तीन दिन से दिल्ली, बेंगलुरु सहित केरल राज्य के दौरे पर हैं। केरल में पार्टी की तरफ से बतौर पर्यवेक्षक शामिल हुए हैं, इसके साथ ही वे वहां पर औद्योगिक विकास की संभावनाओं को भी तलाश रहे हैं।



बेंगलुरु व केरल के उद्योगपतियों को औद्योगिक विकास के दृष्टिगत बड़े निवेश को हिमाचल की तरफ आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि इन दोनों राज्यों से उद्योगपति निवेश आकर्षित हो सके और कोई बड़ा आर्थिक निवेश हासिल हो पाए जिससे सरकार को अतिरिक्त राजस्व बढ़ाने में मदद मिल सके।

सूत्रों के अनुसार 4 अप्रैल को उनका दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। समाचार लिखे जाने तक वे दिल्ली नहीं पहुंचे थे।

## आठ न्यायिक अधिकारियों को उच्च न्यायालय में पदोन्नत करने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने आठ न्यायिक अधिकारियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक अधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में कॉलेजियम की दो अप्रैल को हुई बैठक में इस आशय की मंजूरी दी गई। बयान में कहा गया, ''उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने आयोजित बैठक में न्यायिक अधिकारियों जितेंद्र कुमार सिन्हा, अब्दुल शाहिद, अनिल कुमार, तेज प्रताप तिवारी, संदीप जैन, अवनीश सक्सेना, मदन पाल सिंह और हरवीर सिंह को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।''

**सियासत** राठौर ने सार्वजनिक मंच से जाहिर की अपनी पीड़ा, बोले-काटने पड़ रहे कोर्ट-कचहरी के चक्कर

# हिमाचल कांग्रेस संगठन व सरकार में फिर बढ़ी तकरार!

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

कांग्रेस पार्टी का कुनबा अंदर ही अंदर घुटन महसूस कर रहा है। पहले दबी जुबान में अपनी सरकार का विरोध हो रहा था, अब सार्वजनिक मंच से खुलेआम विरोध के स्वर गूंजने लगे हैं। शुक्रवार को उपायुक्त दफ्तर में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन के दौरान कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने अपना दर्द साझा किया।

उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि सरकार में उनकी नहीं सुनी जा रही है और पार्टी के आम कार्यकर्ताओं की बातों को अनसुना किया जा रहा है। उन्होंने डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की मौजूदगी में बताया कि वीरवार को ही उन्हें कोर्ट से तीन समन जारी हुए हैं, ऐसे ही पार्टी के कुछ अन्य कार्यकर्ताओं को भी मिल रहे हैं।

### डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की मौजूदगी में गूंजे विरोध के स्वर

उनका इशारा साफ था कि जब सत्ता से पूर्व पार्टी कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन भाजपा सरकार के खिलाफ सत्ता से बेदखल होने को लेकर आवाज बुलंद की थी। तब से लेकर अब तक कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता कोर्ट-कचहरी के चक्कर काट रहे हैं। बावजूद इसके उन्हें फिर भी सरकार की तरफ से कोई मान-सम्मान नहीं मिल रहा है, हालत यह है कि कांग्रेस पार्टी के आम कार्यकर्ता हताशा व निराशा में घिरे हैं, जो अपनी ही सरकार में उपेक्षा का दंश झेलने को विवश हैं। सरकार में उन्हें अधिमान दिया जाना चाहिए था और कहां वह उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं।

### रजनी पाटिल के एकता भरे प्रयास भी विफल

**सूत्रों** का कहना है कि कांग्रेस पार्टी की प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल के एकता भरे प्रयास भी जमीन पर मजबूत होते नहीं दिख रहे हैं। कांग्रेस संगठन व सरकार में लगातार दूरियां बढ़ती दिख रही हैं। लिहाजा, इसी वजह से कांग्रेस संगठन की प्रादेशिक टीम का गठन भी नहीं हो पा रहा है और न ही जिला अध्यक्षों का ऐलान होता दिख रहा है।

### नजदीकियों के बजाए बढ़ रही दूरियां

**इनके** बीच नजदीकियों के बजाए दूरियां बढ़ रही हैं और सरकार के साथ भी मतभेद लगातार बढ़ते दिख रहे हैं। फिलहाल सरकार की तरफ से कोई बड़ी पहल होती नहीं दिख रही, जबकि संगठन में मौजूद कार्यकर्ता इन्हीं तमाम बातों से परेशान है।

### नए पदाधिकारियों की संगठन के अंदर लटकीं नियुक्तियां

**सूत्र** बताते हैं कि कांग्रेस पार्टी के राज्य अध्यक्ष को लेकर फिलहाल सहमति जरूर बनी है। मगर संगठन के अंदर नए पदाधिकारियों की टीम बनती नहीं दिख रही है। गुटबाजी का पेंच कहीं न कहीं, इसमें परेशानी का कारण बन रहा है। वैसे ही पार्टी अध्यक्ष के साथ संगठन की बाकी टीम की घोषणा में भी विलंब हो रहा है। कुल-मिलाकर सरकार व संगठन के लिए यह बड़े चिंता और मनन का भविष्य है। अगर जल्दी इसे लेकर कोई गंभीर कदम नहीं उठाए गए, तो राज्य सरकार को आने वाले दिनों में संगठन की वजह से अच्छी खासी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

# हिमाचल में टिकाऊ और मजबूत सरकार: मुकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की मजबूत और टिकाऊ सरकार है। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करके गैर भाजपा सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश करती रही है।




हिमाचल में भी ऐसा कई बार प्रयास हुआ, लेकिन हर बार कांग्रेस ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है, कभी ऑपरेशन लोटस चलाया जाता है, लेकिन इसका हिमाचल की सरकार को कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है। हिमाचल में ऑपरेशन लोटस के बाद भी कांग्रेस के 40 विधायक हैं।

शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में भाजपा को हर बात का जवाब दिया जा रहा है। राज्य की जनता भलीभांति जानती है कि कौन किसका हितैषी है। भाजपा द्वारा नॉन इश्यू उठाने का प्रयास किया जाता है और चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने का प्रयास किया जाता है। ऐसे हथकंडों से उन्हें सफलता हासिल नहीं होगी।

हिमाचल में टिकाऊ और स्थिर सरकार काम कर रही है। ऐसी भ्रांतियां फैलाकर भाजपा अपने मंसूबे कभी पूरे नहीं कर सकती है।

## न्यूज ब्रीफ



वरिष्ठ लेखक डॉक्टर ओपी शर्मा ने अपनी पुस्तक महरी सोच डीसी हमीरपुर को भेंट की। डीसी अमरजीत सिंह ने लेखक के साहित्य लेखन की सराहना की।

### 21 दिनों में 6 लाख श्रद्धालुओं ने किए गुफा के दर्शन

**एसके ठाकुर, बड़सर।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में 21 दिनों में 6 लाख के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन कर बाबा जी की पिंडी पर 5 करोड़ 62 लाख 35 हजार 117 रुपए चढ़ावा अर्पित किया। इस दौरान गोल्ड 121.19 ग्राम, सिल्वर 2885.03 ग्राम, इंग्लैंड पाउंड 6535, डॉलर 4311, यूरो 2475, कनाडा डॉलर 13025, ऑस्ट्रेलिया डॉलर 1085, यूएई 3980, कतर 064, सऊदी रियाल 25, न्यूजीलैंड डॉलर 620, कुवैत करेंसी 2, ओमान रियाल 3, सिंगापुर डॉलर 114, बहरीन करेंसी 8, मलेशिया करेंसी 269 प्राप्त हुई है। 761 बकरों की नीलामी से 22 लाख 80 हजार 500 रुपए प्राप्त हुए हैं। एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम का कहना है कि इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। लगभग 6 लाख श्रद्धालु गुफा दर्शनों के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बस अड्डा से लेकर लंगर भवन तक वृद्ध अपंग आदि के लिए फ्री टैक्सी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### 11 को सागर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के तहत सागर स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे वन विश्राम गृह भरेड़ी तहसील भोरंज जिला हमीरपुर के पास सागर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के उद्घाटन के संबंध में समारोह आयोजित करने जा रहे हैं। इस अवसर पर भगत सिंह ठाकुर एसपी हमीरपुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मुख्यातिथि क्रमशः डॉ. दलेल सिंह चौहान द्रोणाचार्य अवार्डी, प्रीतपाल सिंह पाली अर्जुन अवार्डी, अमीर सिंह अर्जुन अवार्डी और संजय फोगट अर्जुन अवार्डी होंगे। सागर स्पोर्ट्स अकादमी अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल कोच विद्यासागर शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर अतीत के अन्य अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी भी शामिल होंगे और उन्हें इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। भोपाल एमपी से विशेष आमंत्रितों को भी सम्मानित किया जाएगा। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग का एक प्रदर्शनी मैच भी आयोजित किया जाएगा।

### डॉक्यूमेंट्री से आपदा प्रबंधन का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने की। उन्होंने कहा कि 4 अप्रैल, 1905 के कांगड़ा भूकंप की 120वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपदा जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से आपदा प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, मॉकड्रिल भी आयोजित की। इसमें विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दीं।

### हड़ेटा में ग्रामीणों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** विकास खंड नादौन की पंचायत अप्पर हड़ेटा में जनप्रतिनिधियों व गांव वासियों को आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग, होमगार्ड, व एसडीआरएफ विभाग ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में कमांडेंट होमगार्ड 10वीं बटालियन हमीरपुर 10/3 कंपनी नादौन के कमांडर प्रीतम चंद के नेतृत्व में हवलदार संजीव कुमार, गृह रक्षक संदीप कुमार, अग्निशमन विभाग से योगराज, एसडीआरएफ टीम से हवलदार विनय कुमार, कांस्टेबल शुभम कुमार आदि पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों को जागरूक किया, जिससे आपदा से हुए नुकसान का नवीनीकरण किया जा सके।

### विधि चंद प्रधान, वरिष्ठ उपप्रधान बने किरण

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** कबीर पथ समाज सुधार सभा भोरंज ब्लॉक के बडैहर इकाई की बैठक गांव बडैहर में जनक राज, स्टेट, कोषाध्यक्ष तथा पूर्व में रहे जगदीश भाटिया अध्यक्ष व विधि चंद कौंडल प्रधान कबीर पंथ समाज सुधार सभा मंडी इकाई की अध्यक्षता में हुई। इसमें पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी गठित की गई। विधि चंद जो पूर्व में इस इकाई के प्रधान थे, वह 5 मार्च को स्वर्ग सिधार गए इसलिए दोबारा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया व सर्वसम्मति से प्रधान विधि चंद, वरिष्ठ उपप्रधान किरण बाला, उपप्रधान कश्मीर सिंह, उपप्रधान सपना कुमारी, महासचिव बलवंत सिंह, सह सचिव रणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष अंगद राम, मुख्य सलाहकार विजयपाल, कला देवी, प्रेस सचिव संसार चंद, संगठन सचिव प्रताप सिंह, संगठन सदस्य चांद राम, महेंद्र सिंह, सोम राज, किशोरी लाल, प्रदीप चंद, पप्पू कुमार, हुकुम सिंह, कमलेश कुमार, अशोक कुमार, कृतिमा व कार्यकारिणी के अन्य सदस्य सुला देवी, कुलवंत सिंह, निर्मला देवी, जीत लाल, पुरुषोत्तम लाल आदि को चुना गया।

### पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग में महक अव्वल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौतम नर्सिंग महाविद्यालय हमीरपुर की छात्राओं ने अटल मेडिकल और अनुसंधान विश्वविद्यालय मंडी द्वारा हालही में घोषित पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची में गौतम नर्सिंग कॉलेज की छात्रा महक ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान, रिया ने द्वितीय स्थान व पूनम ने चतुर्थ स्थान हासिल किया है। कॉलेज की छात्राओं व अध्यापकों में इस उपलब्धि से हर्ष व उल्लास की लहर है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर गौतम कॉलेज के प्रबंधक निदेशक जगदीश गौतम ने खुशी व्यक्त की और उनकी सफलता पर गर्व जताया।

### राम नवमीं पर विशाल भंडारे का होगा आयोजन

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर के लोकहित सनातन धर्म राम शिव मंदिर करेर में हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में भगवद् कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन कथा और भंडारे का आयोजन किया जाता है। राम नवमीं के दिन कथा विश्राम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास शास्त्री रवि शर्मा की मधुर बानी से जिज्ञासुओं को मंत्र मुग्ध किया। समस्त मंदिर कमेटी एवं ग्रामवासी करेर के लोगों द्वारा कथा का आयोजन संसार के कल्याण के लिए प्रति वर्ष किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### वक्फ विधेयक संशोधन का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** भाजपा नेता प्रकाश सड़याल ने वक्फ विधेयक संशोधन का स्वागत किया है। सड़याल ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक में 10 महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिनमें से किसी भी संपति को वक्फ का घोषित करने से उसका सत्यापन जरूरी होगा। जिला कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण और स्वामित्व निर्धारण का अधिकार दिया गया है।

### रैली से दिया भूकंप से बचाव का संदेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 1905 में जिला कांगड़ा और इसके आसपास के क्षेत्रों में आए भीषण भूकंप की 120वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर लोगों को भूकंप जैसी आपदा से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार सुबह जिला मुख्यालय में 'सॉलिडैरिटी मार्च' निकाला गया। इस अवसर पर गांधी चौकी पर एकत्रित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम संजीत सिंह ने कहा कि 4 अप्रैल, 1905 को जिला कांगड़ा और इसके आसपास के क्षेत्र में बहुत ही भीषण भूकंप आया था, जिसमें 20 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और लगभग एक लाख मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए थे। संजीत सिंह ने कहा कि 120 वर्ष पहले इस क्षेत्र में घनी आबादी नहीं थी और बहुमंजिला इमारतें भी नहीं थीं। लेकिन, आज के दौर में अगर उतनी ही तीव्रता का भूकंप आ जाए, तो वर्ष 1905 के मुकाबले कई गुणा ज्यादा नुकसान हो सकता है इसलिए भूकंप जैसी त्रासदी से बचाव के लिए आम लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है।

### पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस में भरे जाएंगे 26 पद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जिला हमीरपुर की 26 ग्राम पंचायतों मुंडखर, अणु, दड़ूही, उखली, बड़ा, पनोह, बणी, चमनेड, लंबलू, मझियार, कोहला, लोदर, बलोह, दंगड़ी, बोहनी, खैरी, डुग्घा, पटेरा, गौना, डाडू, पंधेड़, बफड़ीं, टिब्बी, ढनवान, बल्ह और करहा में अप्रेंटिस रखने जा रही है। इन पदों के लिए 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि आवेदक स्नातक होना चाहिए तथा उसकी आयु 19 से 34 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित युवाओं को कंपनी की ओर से प्रतिमाह 15 हजार रुपए वेतन और प्रति कैंप पर 500 रुपए भत्ता दिया जाएगा। किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत पात्र उम्मीदवार हिमाचली स्थायी निवासी प्रमाण पत्र और अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# संतोषी माता मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## मन्नत पूरी होने पर बैंड-बाजों के साथ मां के दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं के जत्थे

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

चैत्र शुक्ल मास के नवरात्र में श्रद्धालु मां नवदुर्गा के विभिन्न रूपों को पूरी श्रद्धा से पूजते हैं।

नवरात्र में श्रद्धालु निराहार रहकर व्रत आदि भी रखते हैं। उत्तरी भारत का प्रसिद्ध संतोषी माता मंदिर में शुक्रवार को नवरात्र के चलते दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और श्रद्धालु लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। इस दौरान हमीरपुर जिले के अलावा अन्य जिलों से भी श्रद्धालु मां का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंचे। दो जिलों हमीरपुर और बिलासपुर की सीमा पर स्थापित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल संतोषी माता मंदिर लदरौर में नवरात्र के उपलक्ष्य पर विभिन्न राज्यों के भक्त व हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के लोग मंदिर में माथा टेकने के लिए पहुंचते हैं। मंदिर कमेटी द्वारा हर वर्ष नवरात्र को लेकर विशेष प्रबंध किए जाते हैं। इस बार भी श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिए पूरे प्रबंध किए थे। संतोषी माता मंदिर में लोग दूर-दूर से अपनी मनोकामना लेकर आते हैं और मन्नत पूरी होने पर बैंड बाजों के साथ मां नवदुर्गा का गुणगान करते हुए नतमस्तक होकर मां संतोषी के चरणों में हाजिरी लगाते हैं। इस मंदिर को सजाने के लिए लगभग 1 लाख 80 हजार रुपए खर्च किए गए हैं। मंदिर में भजन-कीर्तन के अलावा महामाई का जागरण भी किए जा रहे हैं।

मंदिर कमेटी के प्रधान बलवंत सिंह, उपप्रधान विद्या सागर, सदस्य कश्मीर सिंह, वतन सिंह, अनिल कुमार, बलविंद्र सिंह, कमलजीत सिंह, भागीरथ, देशराज ने बताया कि रविवार को हवन यज्ञ होगा और पूर्णाहुति डाली जाएगी। उन्होंने बताया कि नवरात्र में कन्याओं का पूजन भी किया जाएगा। डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर, एसडीएम भोरंज शशि पाल भी हवन यज्ञ में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि रविवार को बड़ा भंडारा आयोजित किया जाएगा और रात को जगरण होगा। (अनंत ज्ञान)



### मंदिर में 17 सीसीटीवी से रखी जाती है निगरानी

**श्रद्धालुओं** की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 17 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा भगवान भोलेनाथ की मूर्ति के साथ नंदी की मूर्ति भी स्थापित की गई है। मंदिर में सभी दानपात्र 15 दिन के बाद खोले जाते हैं।

### लिफ्ट लगाई जाएगी

**मंदिर** की सराय में श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था है, जिसके लिए 25 कमरे हैं। इसके अलावा मंदिर में और भी विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। मंदिर के साथ ही 6 मंजिल भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यहां पर लिफ्ट के पास दुकानें बनाई जा रही हैं। इसी के साथ जूते रखने की जगह भी बनाई जाएगी। मंदिर कमेटी श्रद्धालुओं की सुविधा के हर संभव प्रयास कर रही है, जिससे यहां पर आने वाले श्रद्धालु मां का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने घर जाएं।

# बड़े आयोजनों में भीड़ का सही प्रबंधन अत्यंत आवश्यक : डीसी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

किसी भी धार्मिक या अन्य बड़े आयोजनों अथवा बड़े धार्मिक स्थलों पर लोगों की भारी भीड़ के दौरान आवश्यक प्रबंध करने तथा भगदड़ जैसी आपदाओं से बचाव के उपायों के संबंध में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा हमीर भवन में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हुई।

इसके समापन सत्र को संबोधित करते हुए डीसी अमरजीत सिंह ने कहा कि किसी भी तरह के बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने तथा ऐसे मौकों पर भगदड़ जैसी घटनाओं से बचाव के लिए क्रॉउड मैनेजमेंट यानी भीड़ का सही प्रबंधन अत्यंत आवश्यक होता है। इसके लिए प्रशासन, पुलिस और आयोजकों को पहले से ही आवश्यक प्रबंध करने चाहिए तथा आपदा प्रबंधन तंत्र के तहत बनाए गए इंसीडेंस रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) में क्रॉउड मैनेजमेंट का भी प्रावधान होना चाहिए। कार्यशाला के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के रिसोर्स पर्सन कर्नल (सेवानिवृत्त) वीएन सुपनेकर की सराहना करते हुए डीसी ने कहा कि जिला हमीरपुर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर में हर वर्ष लगने वाले मेलों, अन्य धार्मिक समागमों, राजनीतिक रैलियों और अन्य आयोजनों के दौरान भीड़ के प्रबंधन की दिशा में यह कार्यशाला बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होगी।

## अंकिता ने जीता सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी-पर्यावरण एवं जैव विविधता मुद्दे एवं चुनौतियां में बॉटनी विभाग की पीएचडी शोधार्थी अंकिता ठाकुर ने सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार जीतकर विभाग का नाम रोशन किया। अंकिता की शोध सतत पोषण के लिए कृषि-जैव विविधता का उपयोग नाशपाती और अंजीर से बना एक नवीन डेयरी प्रोबायोटिक पेय को इसकी नवीनता और प्रभाव के लिए सराहा गया। इस संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न संस्थानों से विद्यार्थियों, शोधार्थियों और प्राध्यापकों ने भाग लिया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की उच्च स्तरीय शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन को भी प्रमाणित करती है।

## अनुराग के खड़गे पर लगाए आरोप पूरी तरह से निराधार : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा लोकसभा में दिए गए वक्तव्य पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अनुराग द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर जो आरोप लगाए हैं, वे पूरी तरह न केवल निराधार हैं, बल्कि उम्रदराज नेता को अपमानित करने का भी प्रयास किया गया है।



यह सारा काम बेवजह हुआ है। उन्होंने कहा कि मलिकार्जुन खड़गे संघर्ष तथा सकारात्मक राजनीति करते हुए इस मुकाम पर पहुंचे हैं और वह देश की राजनीति के शीर्ष दलित नेता होने के साथ-साथ लोकसभा एवं राज्य सभा दोनों सदनों में भी वरिष्ठतम नेता हैं। कौशल ने कहा पिता की उम्र से भी बड़े और वरिष्ठ नेता के उपर अनुराग ठाकुर द्वारा तिरस्कार एवं अपमानित करने के अंदाज में लगाए गए झूठे और मनघड़ंत आरोप हमारी संस्कृति और सभ्यता के उपर भी चोट करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि खड़गे दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिए संघर्ष करने वाले देश के अग्रणी नेता हैं, जिन्होंने दलित होने के चलते अपने बचपन में अनेक प्रकार के उत्पीड़न और उपेक्षा का सामना किया है। अनुराग ने झूठे आरोप लगाकर न केवल एक उम्रदराज नेता का अपमान किया, बल्कि दलित समाज के प्रति भी अपनी सोच को उजागर किया है। कौशल ने कहा कि अनुराग ठाकुर आरोप साबित करने की मलिकार्जुन खड़गे की चुनौती को स्वीकार करें, अन्यथा अपने पद से त्यागपत्र दें।

# छात्र हितों की अनदेखी कर रहा विश्वविद्यालय प्रशासन : भवानी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



फीस वृद्धि को लेकर शुक्रवार को हिमाचल तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर में एबीवीपी के स्टूडेंट्स ने धरना-प्रदर्शन किया। फीस वृद्धि को लेकर मुख्य रूप से स्टूडेंट्स नाराज दिखे। उनका कहना था कि प्रशासन को यह वृद्धि वापस लेनी होगी।

धरना-प्रदर्शन के दौरान इकाई प्रमुख भवानी सिंह ठाकुर ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की जा रही पुनर्मूल्यांकन फीस में वृद्धि को छात्र विरोधी बताते हुए कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि पुनर्मूल्यांकन एक छात्र का अधिकार है और इस पर अतिरिक्त शुल्क लगाना आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर सीधा आघात है। उन्होंने विश्वविद्यालय में छात्रों के समग्र विकास व सुविधाओं के लिए कई मांगें रखीं। उन्होंने मांग की पुनर्मूल्यांकन की फीस वृद्धि को अविलंब वापस लिया जाए। विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त संख्या में छात्रावासों का निर्माण जल्द शुरू किया जाए, ताकि दूरदराज से आने वाले छात्रों को रहने की सुविधा मिल सके। विश्वविद्यालय की बस सेवा की संख्या बढ़ाई जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों को भी इससे जोड़ा जाए।

तकनीकी कार्यशालाएं, सेमिनार और संगोष्ठी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं, ताकि छात्र व्यावहारिक ज्ञान और नए अवसरों से जुड़ सकें। रोजगार मेलों का आयोजन किया जाए, जिससे छात्रों को उद्योग जगत से सीधा संवाद और अवसर मिल सके। विश्वविद्यालय में चिकित्सा सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए और 24 घंटे कार्यरत स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जाए। इकाई अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि छात्र केवल परीक्षा पास करने नहीं आते, वे भविष्य निर्माण के लिए आते हैं, लेकिन जब विश्वविद्यालय ही उनके अधिकारों और सुविधाओं की अनदेखी करे, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। परिषद इकाई सचिव आकांक्षा शर्मा का कहना है कि हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय पूरे प्रदेश में तकनीकी शिक्षा का केवल मात्र एक विश्वविद्यालय है। (अनंत ज्ञान)

## नुक्कड़ नाटकों से दिया वन संरक्षण का संदेश



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वनों को आग से बचाने और इसके प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग और अन्य विभागों के सहयोग से आयोजित किए गए विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध त्रिवेणी कला संगम के लोक कलाकारों ने सुजानपुर उपमंडल की पंचायत लंबरी और पंचायत चबूतरा में, जबकि साहिल म्यूजिकल ग्रुप के लोक कलाकारों ने भोरंज उपमंडल की पंचायत चंबोह तथा पंचायत भौंखर में लोगों को गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वन एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इन जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि और अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मनसाई पंचायत की प्रधान को किया निष्कासित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विकास खंड की पंचायत मनसाई की प्रधान आशा देवी को प्रधान पद से निष्कासित कर दिया है। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के चलते डीसी अमरजीत सिंह ने उन्हें प्रधान पद से निष्कासित किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मनसाई के गांव सदोह के बाल कृष्ण पुत्र चूहड़ू राम ने प्रधान आशा देवी व उसके परिवार पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। बाल कृष्ण ने इसकी शिकायत डीसी को की। जिसमें कहा कि आशा देवी के पति सुशील कुमार के खिलाफ सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की दो मिसल बनी हैं। जिनमें सरकारी भूमि पर शौचालय का निमार्ण, दीवार व स्कूल मैदान का निमार्ण करने पर नाजायज कब्जे का आरोप लगाया है। सरकार बनाम सुशील कुमार का अवैध कब्जे का केस भी सुशील कुमार के खिलाफ हो चुका है। डीसी द्वारा राज्य बनाम सुशील कुमार शीर्षक केस में पारित आदेश के तहत आशा देवी के पति के खिलाफ सरकारी भूमि से बेदखली का आदेश जारी किया गया है। डीसी ने मनसाई पंचायत की प्रधान आशा देवी को हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 122(1) ग व 146 क में अंकित प्रावधानों के तहत मनसाई के प्रधान पद से निष्कासित किया है तथा मनसाई पंचायत का प्रधान पद रिक्त घोषित कर दिया है। मनसाई पंचायत की प्रधान पद से निष्कासन की पुष्टि करते हुए जिला पंचायत अधिकारी शशि बाला ने बताया कि आशा देवी के पति सुशील कुमार पर अवैध कब्जे का आरोप पाया गया, जिस आधार पर डीसी ने उन्हें प्रधान पद से निष्कासित कर दिया है।

## वक्फ विधेयक संशोधन से भू-माफियों लुटेरों से मुक्त होगा वक्फ बोर्ड : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि 3 अप्रैल को वक्फ संशोधन बिल भारत के गरीब मुस्लिमों, तलाकशुदा महिलाओं व अन्य के लिए स्वर्णिम बिल कहलाएगा। इस बिल में महत्वपूर्ण संशोधन कर पारदर्शिता व आम जनमानस का उत्थान करने के लिए राज्यसभा द्वारा पारित कर दिया है। अब यह बिल राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए उनके पास जाएगा।



जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में वक्फ संशोधन विधेयक में 10 महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जिनमें से किसी भी संपत्ति को वक्फ का घोषित करने से उसका सत्यापन जरूरी होगा। जिला कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण और स्वामित्व निर्धारण का अधिकार दिया गया है। राकेश ने कहा कि वक्फ बोर्ड व केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना अनिवार्य होगा। बोर्ड और परिषद में कम से कम दो महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलेगा। विवादों में अब ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में चुनौती दे सकेंगे। बिना दान के कोई भी संपत्ति वक्फ की नहीं मानी जाएगी, जिससे केवल दावे के आधार पर संपत्ति हड़पने की प्रथा खत्म होगी।

जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सभी वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल पर कर इसमें पारदर्शिता लाई जाएगी। सरकारी संपत्तियों को वक्फ संपत्ति के रूप में दावा करने पर प्रतिबंध लगेगा। वक्फ -अल-औलाद मैं अब महिलाओं को भी उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकेगा। राकेश ने कहा कि संरक्षक के लिए सख्त दंड होंगे, जिसमें 6 महीने तक की जेल और 20000 से 100000 रुपए तक का जुर्माना शामिल है।

## कंज्याण में ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग 9 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ड्राइविंग टेस्ट व वाहन की पासिंग का 9 अप्रैल को कांज्याण हेलिपैड भोरंज में होगी। पंजीयन एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी भोरंज शशी पाल शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी जो अपना लाइसेंस, रीटेस्ट व वाहन पासिंग आदि करवाना चाहते हैं, वह इससे संबंधित फीस 8 तक ऑनलाइन या पंजीयन एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। 9 को कोई भी फीस जमा नहीं की जाएगी व फीस व अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना किसी भी अभ्यर्थी को पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट की अनुमति नहीं दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ड्राइविंग टेस्ट व वाहन पासिंग के लिए 9 अप्रैल को प्रातः 10 बजे कांज्याण हेलिपैड भोरंज में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**कार्यक्रम** रैली निकालकर लोगों को आपदा से बचाव बारे किया गया जागरूक

# भूकंप से जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि




**अनंत ज्ञान, नादौन**

कांगड़ा घाटी में वर्ष 1905 में आए भूकंप की 120वीं वर्षगांठ पर नादौन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें इस भूकंप के दौरान जान गवाने वाले 20000 लोगों को श्रद्धांजलि दी गई तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाल व कन्या नादौन के बच्चों व बाल स्कूल के एनसीसी केडेटस ने रैली निकालकर लोगों को आपदा से बचाव बारे जागरूक किया।

रैली में वेद प्रकाश नायब तहसीलदार नादौन, नगर परिषद नादौन के ईओ रमन शर्मा, सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाल नादौन के एनसीसी अधिकारी रिपन परमार, पूर्व प्रधान रीना देवी, कमल कम्मी, पार्षद संदीप जैन, योग राज, सुषमा के अलावा नवल, जेई अंशुल सहोत्रा आदि उपस्थित थे। बच्चों को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार वेद प्रकाश, नगर परिषद के ईओ रमन शर्मा व एनसीसी अधिकारी रिपन परमार ने बताया कि आज के दिन 120 साल पहले जिला कांगड़ा की कांगड़ा घाटी में 7.8 रिक्टर स्केल की तीव्रता से भूकंप आया था। इसमें 20 हजार लोगों की जान चली गई थी। चारों तरफ तबाही मच गई थी। इस भूकंप में जिन लोगों की जान चली गई थी, उन्हें श्रद्धांजलि दी व लोगों को आपदा प्रबंधन व आपदा से बचाव की विस्तृत जानकारी दी।

### भूकंप के बारे में संपूर्ण जानकारी साझा की

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में भूकंप संबंधी आपदा प्रबंधन विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। आज ही के दिन हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में 1905 में अत्यंत तीव्रता वाला भूकंप आया था। इसमें कांगड़ा जिले में जान माल का भारी नुकसान हुआ था। इस दिवस को ध्यान में रखते हुए इस जागरूकता अभियान को कॉलेज में मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सुरेश कुमार ने की और छात्रों को इन समस्याओं से निपटने और जागरूक रहने के लिए आह्वान किया। इस कार्यक्रम पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. राजीव कुमार उपस्थित रहे उन्होंने कांगड़ा में हुए भूकंप के बारे में छात्रों के बीच संपूर्ण जानकारी साझा की और भूकंप आने के वैज्ञानिक तथ्यों को छात्रों के समक्ष रखा तथा भूकंप से बचने के उपाय के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### लोहारली स्कूल में भूकंप से बचाव की मॉकड्रिल की



**हमीरपुर।** 1905 में जिला कांगड़ा और इसके आसपास के क्षेत्रों में आए भीषण भूकंप की 120वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर जिला मुख्यालय के अलावा उपमंडल स्तर पर भी कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुजानपुर में अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों और आम लोगों ने 'सॉलिडेरिटी मार्च' निकाला। उधर, बड़सर उपमंडल की लोहारली स्कूल में भी भूकंप से बचाव की मॉकड्रिल की गई।

## आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू का होगा कायाकल्प : डॉ. पुष्पेंद्र



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लंबलू आयुर्वेदिक अस्पताल की दशा को सुधारने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।

इसी कड़ी में लंबलू आयुर्वेदिक अस्पताल में एक और चिकित्सक होम्योपैथिक की नियुक्ति और साथ में अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की भी नियुक्तियां पिछले हफ्ते की गई हैं। आज इस आयुर्वेदिक अस्पताल का दौरा करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि जल्द ही 2 से 3 हफ्तों के भीतर इस अस्पताल में रात्रि सेवाएं भी लोगों के लिए मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से उपलब्ध करवा दी जाएंगी। इसके अलावा डॉक्टर वर्मा ने कहा कि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर ब्रिज के नेतृत्व में आयुर्वेद विभाग लगातार लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत है और जल्द ही लंबलू अस्पताल की अपग्रेडेशन के लिए एक प्रपोजल, जो जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा तैयार किया गया है, उसको मुख्यमंत्री से स्वीकृति क्षेत्र के इलाकावासियों की भलाई के लिए करवाई जाएगी और कोशिश रहेगी की लंबलू अस्पताल को चरक योजना के अंतर्गत लाकर इलाका वासियों को निशुल्क जांच सुविधा से जोड़ा जाए। इस अवसर पर क्षेत्र के अन्य गनमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इसके बाद डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने लंबलू बाजार द्वारा लगाए जा रहे भंडारे में माता का प्रसाद ग्रहण किया।

# राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्द्रनगर


मनीश चौधरी
एसडीएम जोगिंद्रनगर


डॉ मुकुल अनिल शर्मा
तहसीलदार जोगिंद्रनगर


कमल भारती
डीएफओ


सकीनी कपूर
थाना प्रभारी जोगिंद्रनगर


राजेश कुमार जसवाल
एपीआरओ


विनय राशपा
नायब तहसीलदार
जोगिंद्रनगर


देवराज ठाकुर, सहायक
लोक संपर्क विभाग


संजय ठाकुर
प्रिंसिपल, डीएवी
जोगिन्द्रनगर


भास्कर गुप्ता
अध्यक्ष व्यापार मंडल
जोगिंद्रनगर


सुरेन्द्र कुमार शर्मा
शारदा ज्योतिष निकेतन
जोगिंद्रनगर


गौरव सूद
व्यापारी


अमित शर्मा
जनता ढाबा
जोगिंद्रनगर


दीपन ठाकुर
बूथ अध्यक्ष बीजेपी
मसौली पंचायत

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचार पत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।


अभिषेक शर्मा
संवाददाता जोगिंद्रनगर, मो. 7018982097





राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

उज्जवल दीप
प्रभारी, हर्बल गार्डन जोगिंद्रनगर

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अजय धरवाल
उपाध्यक्ष नगरपरिषद

चुला प्रोजेक्ट ऊहल तृतीय चरण जोगिंद्रनगर
की तरफ से
राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

देवेन्द्र कुमार चौधरी, एमडी चुला प्रोजेक्ट ऊहल तृतीय चरण जोगिंद्रनगर

शारदा ज्योतिष निकेतन जोगिंद्रनगर
की तरफ से
राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा

ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा

बीफार्मा कालेज जोगिंद्रनगर
की तरफ से
राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले
की हार्दिक शुभकामनाएं

राकेश थर्मल
प्रधानाचार्य

सुरेश भंडारी
वाइस प्रिंसिपल




हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड जोगिंद्रनगर
की तरफ से
राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले
की हार्दिक शुभकामनाएं

पूर्ण चंद्र, अधिशाषी अभियंता

समस्त शहरवासियों को
DAV PUBLIC SCHOOL
JOGINDER NAGAR
की तरफ से
राज्यस्तरीय लघु शिवरात्रि मेले
की हार्दिक शुभकामनाएं
Admission Open For Nursery to 10+2
Hurry up! Limited Seats
Vill. Garoru P.O. & Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi (H.P.) 175015
Contact us for more info:- 01908-222188, 9816057965, 8679774085

वनविभाग जोगिंद्रनगर
की तरफ से
जोगिंद्रनगर
लघु शिवरात्रि मेले
की हार्दिक शुभकामनाएं

कमल भारती
डीएफओ

AD
राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ABHI
DESIGN
Main Bazar, Opp. Banta Bhawan
Near Bus Stand Joginder Nagar
Mandi (H.P.) Mob. 8178976672
65-66, Billing Complex
Joginder Nagar Mandi (H.P.)
Mob. 7807901600





## न्यूंदर

# राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर 2025

## का समापन

# श्री यादविन्द्र गोमा

माननीय आयुष, कानून, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री हि.प्र. सरकार

## के कर कमलों द्वारा

## 5 अप्रैल 2025 को अपराहन 2:00 बजे

पूजनीय देवताओं की शोभायात्रा की अगुवाई के उपरांत
सायं 5:00 बजे

मेला मैदान, जोगिन्दर नगर में किया जाएगा।

उत्तरापेक्षी
मेला समिति
जोगिन्दर नगर

निवेदक
मनीश चौधरी
हि.प्र.से
अध्यक्ष, जोगिन्दर नगर मेला समिति
एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) जोगिन्दर नगर



## न्यूज ब्रीफ

### ढाटी स्कूल में भूकंप पर करवाई मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढाटी में शुक्रवार को भूकंप पर मॉक ड्रिल की गई। इस मॉकड्रिल में विद्यालय के समस्त प्राध्यापक व अध्यापक वर्ग और 50 बच्चों ने भाग लिया। इस मॉक ड्रिल में बच्चों से ड्रॉप ,कवर व होल्ड की प्रैक्टिस करवाई गई। निकासन योजना की जानकारी दी गई और फर्स्ट एड की प्रैक्टिस करवाई गई। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य अंजू शर्मा और आपदा प्रबंधन कार्य प्रभारी व प्रवक्ता राजनीति शास्त्र नवीन गुलरिया ने बच्चों को कांगड़ा जिला में 4 अप्रैल 1905 को आए भयंकर भूकंप के बारे में जानकारी दी और ऐसी स्थितियों से निपटने के उपाय सुझाए।

### बैजनाथ कॉलेज में मॉक ड्रिल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में 1905 के कांगड़ा भूकंप की 120वीं वर्षगांठ पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास का उद्देश्य भूकंप के दौरान सुरक्षित निकासी प्रक्रियाओं और घायलों को सुरक्षित ले जाने की विधियों की जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने की, जिन्होंने आपदा प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया। ड्रिल के दौरान एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स और रेंजर्स सहित विभिन्न संकायों के लगभग 150 छात्रों और स्टाफ को ड्रॉप, कवर और होल्ड% तकनीक का अभ्यास कराया गया, जिससे वे सुरक्षित स्थानों की पहचान कर सकें और आपात स्थिति में त्वरित एवं व्यवस्थित निकासी कर सकें। इसके अलावा, फायरमैन कैरी, दो-व्यक्ति कैरी और प्राथमिक चिकित्सा जैसी घायलों को सुरक्षित ले जाने की तकनीकों पर भी प्रशिक्षण दिया गया।

### शिव मंदिर छतड़ी में कल लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रामनवमी के मौके पर 6 अप्रैल को शिव मंदिर छतड़ी में 39वां वार्षिक भंडारा हर वर्ष की भांति इस बार भी आयोजित हो रहा है। इस भंडारे में दूरदराज से संत महात्मा पधारकर अपने प्रवचनों से भंडारे में आए हुए भक्तजनों को निहाल करेंगे। यह जानकारी मंदिर के सेवक राम चंद्र, दीपा ज्योतिषी सतीश अवस्थी ने दी। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर में मंदिर कमेटी हनुमान मंदिर लदवाड़ा के प्रांगण में 29वां वार्षिक भंडारा 11 अप्रैल को लगाने जा रही है। भंडारे से एक दिन पहले 10 अप्रैल को जगराता भी होगा, जिसमें दूर-दूर से कलाकार भाग लेंगे।

### अलूहा में वॉलीबाल प्रतियोगिता 12 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** खुंडियां तहसील के अलूहा क्लब द्वारा शहीद घुंघर राम की स्मृति में दूसरी वॉलीबल प्रतियोगिता का आयोजन 12 अप्रैल को किया जाएगा। प्रमोद राजू व रणजीत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावनाओं को जागृत करना व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। रणजीत शर्मा ने बताया कि विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

### चंबापतन सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** चंबापतन सड़क पर रैंखा सोसाइटी के पास कीचड़ की वजह से लोगों को पैदल चलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ियों से उछलते कीचड़ से दुकानदारों का सामान खराब हो रहा है। जानकारी के मुताबिक कीचड़ की वजह से डीपो में रखा कुछ सामान भी खराब हो गया था। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाने पर मजबूर हैं । संजू, बबलू ,रमेश, सुरेश चौधरी आदि दुकानदारों का कहना है कि रैंखा सोसाइटी के पास पानी की निकासी न होने से पूरी सड़क कीचड़ से भर गई है। जनता लोक निर्माण विभाग की लापरवाह कार्य प्रणाली से क्षुब्ध हैं। क्योंकि चंबापतन का विस्तारकर्ण का कार्य कई सालों से कछुआ चाल की वजह से अधर में लटका हुआ है। रैंखा व खोलियां के दुकानदारों और स्थानीय जनता ने अपनी गंभीर समस्या को लेकर लोक निर्माण विभाग के खिलाफ न्यायलय की शरण में जाने की बात कही है । उल्लेखनीय है कि यहां पर कीचड़ की वजह से आए दिन दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं । लोगों ने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि रैंखा सोसाइटी व खोलियां के पास पानी की निकासी के नाली बनाई जाए, ताकि लोगों को कीचड़ की वजह से कोई परेशानी ना उठानी पड़े ।

# 1905 के भूकंप ने सिखाया सबक, रहें सतर्क

## कांगड़ा भूकंप की स्मृति में डीसी ऑफिस धर्मशाला से पुलिस मैदान तक निकाला मार्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में 4 अप्रैल 1905 को आए भयावह भूकंप की स्मृति में जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को डीसी ऑफिस से पुलिस मैदान धर्मशाला तक मार्च निकाला गया। मार्च में उपायुक्त कार्यालय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों व स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कांगड़ा भूकंप की स्मृति में पुलिस मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षण संस्थानों से आए बच्चों ने भूकंप और प्राकृतिक आपदा से संबंधित विषयों पर भाषण दिए तथा कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने सभी को 1905 के भूकंप से सबक लेते हुए प्राकृतिक आपदाओं को लेकर सजग और सतर्क रहने को कहा। उन्होंने इस दौरान 1905 के भूकंप में जान गंवाने और हताहत हुए लोगों व अन्य प्राणियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 1905 में जब कांगड़ा में विनाशकारी भूकंप आया था तब जिले में भवनों की संख्या और जनसंख्या दोनों कम थीं, उसके बावजूद भी भूकंप ने सब नेस्तनाबूद कर दिया था। उन्होंने कहा कि तब की तुलना में आज भवनों की संख्या और जनसंख्या अनेकों गुणा ज्यादा है। दोबारा कभी ऐसी त्रासदी आए उससे निपटने के लिए हम सबको पहले से ही तैयारी रखने और जरूरी उपायों की करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण के समय भूकंपरोधी तकनीक को अपनाने और अपने आसपास कुछ क्षेत्र खुला रखने की दिशा में सबको प्राथमिकता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 120 वर्ष पूर्व आए कांगड़ा भूकंप ने देश में और विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश में भूकंपीय सुरक्षा के महत्व को समझाया।

उन्होंने भवनों के निर्माण में भूकंपीय मानकों का पालन करने पर जोर दिया। इसके अलावा, भूकंप के आने पर लोगों को बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। कहा कि आज भी कांगड़ा भूकंप को एक चेतावनी के रूप में देखा जाता है, क्योंकि इस घटना ने हमें यह सिखाया कि प्राकृतिक आपदाएं कभी भी हो सकती हैं, और हमें उनसे निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदाओं के समय में संकट से निपटने और उभरने के लिए सजग और सक्रिय समाज हमेशा सहायी होता है।



### आपदा मित्र और छात्राएं की सम्मानित

**अतिरिक्त** उपायुक्त विनय कुमार ने युवा आपदा मित्र योजना के तहत केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान जम्मू से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे तीन आपदा मित्रों निकिता, नरेंद्र और अनीता को प्रशस्ति पत्र भेंट किए। साथ ही भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वालीं छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला की गीतांजलि ने प्रथम, देवांशी भट्ट ने द्वितीय और सोनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर लोगों को भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं बारे जागरूक किया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त सुभाष गौतम, एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार सहित पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड, एनआईडीएम के अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षण संस्थानों से आए शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पठानकोट में दुकान की ऊपरी मंजिल में लगी भयानक आग

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

पठानकोट शहर के मामून चौक स्थित पीवीसी और लकड़ी के बोर्ड की दुकान की ऊपरी मंजिल पर आग लग जाने से लाखों का नुकसान होने का समाचार प्राप्त हुआ है। आलीशान डिस्ट्रीब्यूटर के मालिक इंदिरा कालोनी निवासी अमरजीत सिंह ब्रिंदा ने बताया कि बीते कल वह शाम 6 बजे रोजाना की तरह अपनी दुकान बंद करके घर गए थे कि रात्रि दो बजे के करीब उन्हें पास की दुकान के किशन टेंट के मालिक का फोन आया कि उनकी दुकान की ऊपरी मंजिल से आग की लपटें निकल रही है, वह तुरंत अपने बेटे सहित दुकान में पहुंचे। उन्हांने बताया कि फायर बिग्रेड को सूचित करने पर मौके पर तीन से चार फायर बिग्रेड की गाड़ियां ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अमरजीत ने बताया कि दुकान की उपरी मंजिल पर पीवीसी, दरवाजे, कैमिकल, अलमोनियम और कटर मशीन पूरी तरह से जल कर राख हो गई। उन्होंने बताया कि इससे उनका लगभग 12 से 15 लाख रूपये तक का नुक्सान हो गया। गनीमत रही कि फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया, यदि आग नीचे दुकान में पहुंच जाती तो काफी बड़ा नुक्सान हो सकता था। उन्होंने बताया कि शुरुआती तौर पर यही बात सामने आई है कि शार्ट सर्किट से आग लगी है, फिलहाल वह सीसीटीवी कैमरे चेक करवा रहे हैं। मौके पर उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा उन्हें मुआवजा दिया जाए, ताकि आग लगने से उन्हें पहुंची भारी क्षति की भरपाई हो सके।

### 1905 में आए भूकंप की याद में नूरपुर अस्पताल में हुई मॉक ड्रिल

## भूकंप से बचाव के लिए सतर्कता और तत्परता जरूरी : गुरसिमर सिंह

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

जिले में 4 अप्रैल 1905 को आए विनाशकारी भूकंप की स्मृति में सिविल अस्पताल नूरपुर में भूकंप से बचाव हेतु एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस मॉक ड्रिल का आयोजन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, अग्निशमन विभाग तथा पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। एसडीएम गुरसिमर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करना था। मॉक ड्रिल के दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया तथा अस्पताल में मौजूद चिकित्सा दल और अन्य कर्मियों को बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए सतर्कता और तत्परता आवश्यक है। इस प्रकार की मॉक ड्रिल से न केवल आपदा प्रबंधन दलों की क्षमता में वृद्धि होती है, बल्कि आमजन को भी सही दिशा में मार्गदर्शन मिलता है।




कांगड़ा जिला जोन-5 में स्थित होने के कारण यहां आपदा प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। प्रशासन हमेशा जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट कर्म सिंह ने कहा कि आपदा के समय सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उस स्थान के स्थानीय स्टाफ की होती है कि वे न केवल खुद का बचाव करें, बल्कि पीड़ितों को भी सुरक्षित रूप से बाहर निकालने और बचाव दलों की सहायता करने में योगदान दें। किसी भी भवन की एक आपदा प्रबंधन योजना होनी चाहिए और आपदा के समय उसी के अनुरूप कार्रवाई करनी चाहिए।

## हैप्पी बर्थडे



धुंदला (बंगाणा) की रायशा वर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



ढसोली (जवाली) के नमनदीप को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



सुंदरनगर (भनबाड़) की प्रिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



जसौर (कनेड़) के अक्षय को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।




# गर्मियों में मूली की खेती से किसान हो जाएंगे मालामाल

## बाजार में मांग ज्यादा, रेट भी हाई



"अप्रैल महीने की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में किसान रबी फसलों का कटाई के साथ ही जायद और खरीफ फसलों की तैयारियों में जुट जाते हैं। चूंकि यह मौसम गर्मी का होता है, तापमान अधिक रहता है, इसलिए सब्जियों की अच्छे से देखभाल की जानी चाहिए। साथ ही इस मौसम में सब्जियों की खेती अधिक की जाती है, क्योंकि इसकी मांग भी अधिक रहती है। गर्मी में सिंचाई की व्यवस्था कम नहीं रहने पर अधिक किसान खेती नहीं कर पाते हैं, इसलिए सब्जियों की खेती करके किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

### गर्मियों में करनी पड़ती है ज्यादा देखरेख

**गर्मी** के मौसम में मूली की फसल को ज्यादा देखरेख और पानी की जरूरत पड़ती है, जिससे इसकी खेती कुछ ही किसान करते हैं। इसलिए इन दिनों इसकी कीमत अन्य सीजन के मुकाबले अच्छी मिलती है। इससे किसान मोटी कमाई कर सकते हैं। इस वजह से यहां के किसान मूली की खेती कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। गर्मियों में लोग सलाद खाना काफी पसंद करते हैं। मूली की कुछ ऐसी भी किस्में आपको बाजार में मिल जाएंगी, जो गर्मी के मौसम में अच्छा उत्पादन देती हैं। इनमें चेतकी मूली और बैशाखी मूली किस्में शामिल हैं, जो गर्मी में भी अच्छी उपज देती है। दरअसल, मूली एक कम अवधि वाली खेती है। इसकी उन्नत किस्मों की बुवाई करने के बाद यह 30-40 दिनों में तैयार हो जाती है। गर्मियों में मूली की मांग अधिक रहती है, इसलिए बाजार में इसकी कीमत भी अच्छी मिलती है। इससे किसानों को अच्छी कमाई होती है।

### अच्छी फसल के लिए करें गहरी जुताई

**मूली** की खेती के लिए गहरी जुताई की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसकी जड़ें भूमि में गहरी जाती है। गहरी जुताई के लिए मिट्टी पलटने वाले हल से जुताई करें। जुताई करते समय 200-250 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद मिला देना चाहिए। मूली का बीज 10 से 12 किग्रा प्रति हेक्टेयर पर्याप्त होता है। मूली के बीज को 2.5 ग्राम थिरम प्रति किग्रा बीज की दर से शोधित करना चाहिए। मूली की बुवाई इसकी किस्म के आधार पर अलग-अलग समय पर की जाती है। पूसा चेतकी को मार्च व अप्रैल से मध्य अगस्त तथा पूसा देसी को अगस्त से अक्तूबर तक बोया जाता है। 2 से 3 निराई-गुड़ाई करनी चाहिए। जब जड़ों की बढ़वार शुरू हो जाए तो एक बार मेड़ों पर मिट्टी चढ़ा देनी चाहिए। खरपतवार नियंत्रण हेतु बुवाई के तुरंत बाद 2 से 3 दिन के अंदर 3.3 लीटर पेन्डीमेथालीन को 600 से 800 लीटर पानी के साथ घोलकर प्रति हेक्टेयर के हिसाब से छिड़काव करना चाहिए।

### मूली खाने के फायदे

मूली खाने से डाइजेशन मजबूत होता है। ये एसिडिटी गैस और कब्ज की समस्याओं को ठीक करने में मददगार है। मूली में विटामिन सी की काफी ज्यादा मात्रा होती है, जो इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करता है। इसके अलावा ये फ्री रेडिकल से होने वाले नुकसान से भी बचाता है। मूली खाने से रेड ब्लड सेल्स बढ़ती हैं। डैमेज सेल्स रिपेयर होते हैं और खून में ऑक्सीजन की आपूर्ति को भी बढ़ावा मिलता है। मूली में एंथोसायनिन नामक फलेवोनॉयड की अच्छी मात्रा पाई जाती है जो दिल के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है। ये हार्ट हेल्थ के जोखिम को कम कर सकता है। ये कोलेस्ट्रोल लेवल को भी कंट्रोल करने में भी बहुत लाभकारी है। मूली ना सिर्फ हाइड्रेटिंग है, बल्कि इसमें विटामिन सी का उच्च स्तर भी होता है। विटामिन सी को स्किन के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता हैं। ये कोलेजन बनाने में मदद करते हैं और त्वचा की लोच में सुधार करता है। मूली में पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है। ये हाई ब्लड प्रेशर को संतुलित करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा इसके सेवन से ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलता है।



प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला

# मक्की और सोयाबीन की मिश्रित खेती से मिलेगा ज्यादा मुनाफा

हिमाचल प्रदेश के किसान अब आने वाले दिनों में मक्की की फसल के साथ सोयाबीन की अच्छी पैदावार कर सकते हैं। इस मिश्रित खेती से किसान अधिक लाभ कमा सकते हैं। सोयाबीन के कारण गेहूं की फसल बीजने में देरी न हो, इस पर जल्द ही कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने सोयाबीन की नई किस्मों पर शोध शुरू किया है, जिससे आने वाले समय में किसानों की सोयाबीन में आर्थिकी मजबूत होगी। प्रदेश में कई इलाकों में आज भी मक्की की खेती के साथ सोयाबीन की फसल बीजी जाती है, लेकिन अभी तक मक्की और सोयाबीन की होने वाली मिश्रित खेती में ज्यादा पैदावार नहीं देखी गई है। अब कृषि विवि पालमपुर सोयाबीन की नई किस्मों पर काम कर रहा है। शोध में मक्की की खेती के साथ बीजी जाने वाली सोयाबीन की अधिक पैदावार हो, ताकि किसानों का इस फसल के प्रति रुझान भी बढ़े और आर्थिकी मजबूत हो। साथ ही विवि ने सोयाबीन की जल्द पकने वाली फसल पर भी शोध कार्य शुरू किए हैं, ताकि सोयाबीन की फसल जल्द पक सकें। इससे गेहूं काय रवी की फसलों की बिजाई प्रभावित न हों। कई इलाकों में बरसात के बाद सोयाबीन की फसल देरी से पकने पर गेहूं की बिजाई में देरी हो जाती है।



### कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कृषि वैज्ञानिकों ने सोयाबीन की नई किस्मों पर शुरू किया शोध

कृषि विवि पालमपुर के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने बताया कि विवि अब सोयाबीन की नई किस्में विकसित करने पर शोध करने लगा है। इससे सोयाबीन की फसल जल्द पक सके। कृषि विवि पालमपुर इससे पहले अपने शोध में हरा सायोबीन, पालम, हिम सोया, पालम सोया, अर्ली सोयाबीन की फसलें विकसित कर चुका है। इसमें हरा सोयाबीन के दानों को सब्जी के रूप में इस्तेमाल होता है। इसका स्वाद मटर की तरह पाया गया है, जिसका कारण यह है कि आम सोयाबीन में रासायनिक जैसी आने वाली बदबू हरा सोयाबीन में नहीं है। जिसे लोग सब्जी के रूप में अच्छी तरह से इस्तेमाल कर रहे है। जबकि सब्जी के रूप में पाया जाने वाला हरा सोयाबीन देश की पहली सोयाबीन की किस्म है। जिसे कृषि विवि ने अपने शोध में विकसित किया है। सोयाबीन की फसल में प्रदेश के किसानों की आर्थिकी मजबूत करने पर कृषि विवि पालमपुर इसकी कई किस्मों पर शोध कर रहा है। इसमें सोयाबीन की फसल जल्दी पकने और मक्की के साथ अच्छी पैदावार जैसी किस्मों पर काम कर रहा है। प्रदेश की जलवायु की आधार पर होने वाली सोयाबीन पर भी काम हो रहा है। कृषि विवि की हरा सोयाबीन की पूरे देश में पहली फसल है, जो सब्जी के रूप में इस्तेमाल हो रही है।

# हिमाचल के किसान स्वदेशी केंचुआ खाद से जैविक खेती में लाएंगे क्रांति

हिमाचल प्रदेश के किसान स्वदेशी केंचुओं की मदद से बनी खाद से जैविक खेती में एक क्रांतिकारी बदलाव ला सके हैं। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जय गोपाल द्वारा विकसित तकनीक को जिला सिरमौर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) धौलाकुआं में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। से स्वदेशी केंचुए विदेशी केंचुओं के मुकाबले तेजी से और अधिक कुशल खाद उत्पादन करते हैं। विदेशी प्रजातियों के विपरीत ये देशी केंचुए प्रदेश की चरम जलवायु परिस्थितियों के लिए बेहतर रूप से अनुकूलित हैं, जिससे उच्च जीवित रहने की दर और बेहतर वर्मीकंपोस्टिंग दक्षता सुनिश्चित होती है। कई वर्षों से, राज्य के किसान वर्मीकंपोस्टिंग के लिए विदेशी केंचुओं पर निर्भर थे, लेकिन ये प्रजातियां अक्सर तापमान में उतार-चढ़ाव को झेलने में संघर्ष करती थीं और खाद बनाने में अधिक समय लेती थीं। जैविक खाद की उपलब्धता में देरी के कारण कई किसानों को रासायनिक उर्वरकों का सहारा लेना पड़ा। देशी केंचुओं के आने से खाद बनाने के समय में उल्लेखनीय कमी आने और जैविक खाद की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित होने से इस चुनौती का समाधान होने की उम्मीद है।



### केवीके धौलाकुआं किसानों को कर रहा प्रशिक्षित

केवीके धौलाकुआं, जिला सिरमौर के प्रमुख डॉ. पंकज मित्तल ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और लुधियाना के कृषि संस्थानों के साथ मिलकर किसानों को इस तकनीक के बारे में प्रशिक्षित कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डॉ. जय गोपाल द्वारा विकसित स्वदेशी केंचुआ संस्कृति को इसकी दक्षता और अनुकूलनशीलता के कारण सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। अब जब किसान उच्च गुणवत्ता वाली खाद का उत्पादन अधिक तेजी से कर पा रहे हैं, तो उम्मीद है कि हिमाचल प्रदेश में कृषि को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होने और प्राकृतिक खेती के तरीकों की ओर बढ़ने से लाभ होगा।

### देसी केंचुआ 46 डिग्री सेल्सियस तापमान में रह सकता है जीवित



**व्यापक** शोध के कारण केंचुओं की एक देसी किस्म विकसित हुई है, जो 2 डिग्री सेल्सियस से लेकर 46 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में जीवित रहने में सक्षम है। ये कीड़े अपने विदेशी समकक्षों की तुलना में जैविक पदार्थों को बहुत तेजी से विघटित करते हैं, जिससे किसानों को कम समय में पोषक तत्वों से भरपूर खाद मिल जाती है। कृषि विज्ञान केंद्र वर्तमान में इन देशी कीड़ों की खेती कर रहे हैं, और एक बार जब यह संस्कृति पर्याप्त रूप से स्थापित हो जाती है, तो उन्हें जैविक खेती के तरीकों को बढ़ाने के लिए पूरे राज्य में किसानों को वितरित किया जाएगा। देसी कीड़े छोटे, महीन और हल्के लाल रंग के होते हैं, जबकि विदेशी कीड़े बड़े, मोटे और गहरे रंग के होते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि देशी प्रजातियों ने हिमाचल की चुनौतीपूर्ण जलवायु में पनपने की बेहतर क्षमता का प्रदर्शन किया है, जिससे वे किसानों के लिए अधिक टिकाऊ विकल्प बन गए हैं।

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

# अष्टमी को 24 घंटे खुले रहेंगे मंदिर, सातवें नवरात्र पर हुई मां कालरात्रि की पूजा

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के तीनों शक्तिपीठों कांगड़ा बज्रेश्वरी देवी, चामुंडा देवी, व ज्वालामुखी देवी मंदिरों में सातवें नवरात्रे को दर्शन करने को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। मंदिरों में मां दुर्गा के शक्तिशाली स्वरूप मां कालरात्रि की भी पूजा की गई। मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। मां कालरात्रि का स्वरूप बेहद उग्र है। मान्यता है कि देवी की पूजा करने और व्रत कथा का पाठ करने से सभी प्रकार के भय और नकारात्मक शक्तियां दूर हो जाती हैं। तीनों शक्तिपीठों में चैत्र नवरात्रों में देश के कोने कोने से भक्त माता के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी श्रद्धालुओं ने लाईनों में लगकर देवी दर्शन किए। शनिवार को अष्टमी के दिन प्रशासन ने मंदिरों को 24 घंटे खुला रखने को कहा है ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के माता के दर्शन करते रहें। इस दौरान सिर्फ मंदिर की आरतियों के लिए गर्भ गृह बंद रहेगा। न्यास सदस्य सौरभ शर्मा ने बताया कि सप्तमी को श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण ज्वाला ज्योतियों के दर्शन किये। वहीं बज्रेश्वरी देवी व मां चामुंडा देवी में भी श्रद्धालुओं ने माता का अशीर्वाद लिया। मंदिरों में कालरात्रि माता का पूजन किया गया और आज मुंडन का विशेष महत्व है। इस दौरान श्रद्धांलु अपने बच्चों का मुंडन भी करवाया। माता मनवांछित फल दात्री है और नवरात्रो में पूजन से सभी का कल्याण होता है। जिला प्रशासन की ओर से





श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया गया है। सातवें नवरात्र पर उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, एमपी, बिहार, राजस्थान आदि प्रदेशों से आए श्रद्धालुओं जयकारों के साथ माता के दर्शन किए। कांगड़ा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी रामप्रसाद शर्मा ने कहा कि शनिवार अष्टमी को मंदिर में भारी भीड़ रहेगी। श्रद्धालु कंजका पूजन कर माता का अशीर्वाद प्राप्त करते हैं। अष्टमी को श्रद्धालुओं द्वारा लंगर भी लगाए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

## ज्वालाजी मंदिर में चढ़ा 5,97,121 रुपए का चढ़ावा

**ज्वालामुखी।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां ज्वालादेवी मंदिर में चैत्र माह के छठे नवरात्र पर 5,97,121 रुपए का चढ़ावा चढ़ा। सातवें नवरात्र पर लगभग 16000 श्रद्धालुओं ने मां ज्वालाजी की दिव्य ज्योतियों के दर्शन कर मां ज्वालाजी से आशीर्वाद लिया। मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने कहा कि मंदिर न्यास द्वारा नवरात्रों में मन्दिर परिसर की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। देव नगरी मां ज्वालाजी देवी शहर मां भजनों और जयकारों से गुंज रहा है। मंदिर न्यास द्वारा निशुल्क लंगर, निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है। मां ज्वालादेवी जी की दिव्य ज्योतियां मां धूमावती दुर्गा का ही साक्षात स्वरूप हैं। नवरात्रों को लेकर मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल है।

# बाइक सवार से 74 .83 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस थाना इमटाल के अधीन एक्साइज बेरियर तौकी में नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल नंबर एचपी97-5382 पर सवार आंचल पुत्र विद्यासागर निवासी गांव व डाकघर तौकी तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा के कब्जे से 74.83 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ अभियोग संख्या 38/25 अधीन धारा 21,25,29 में पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। भविष्य में भी नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जिला पुलिस नूरपुर का अभियान जारी रहेगा। आरोपी आंचल पुत्र विद्यासागर एक कुख्यात तस्कर है, जिसके विरुद्ध अन्य अभियोग भी दर्ज हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नलसुहा की कृतिका ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नलसुहा की छात्रा कृतिका ठाकुर पुत्री कुलदीप सिंह का चयन नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप के लिए हुआ है और इस छात्रा को 12000 रुपए प्रति वर्ष चार वर्ष के लिए 48000 रुपए की छात्रवृति मिलेगी। स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य विपिन कुमार शर्मा ने अध्यापकों संग कृतिका ठाकुर को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया और छात्रा को हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### छात्रों ने फीस वृद्धि के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मस्सल नगरोटा बगवां के छात्रों ने शुक्रवार को कॉलेज के छात्रों ने नारेबाजी कर तकनीकी यूनिवर्सिटी द्वारा फीस में वृद्धि के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों के अनुसार हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा फीस जहां पहले रिएव्यूलेशन फीस 500 ली जाती थी वह अब फीस वृद्धि कर हजार रुपए कर दी गई है वहीं रिचेकिंग की फीस 400 से बढ़कर 500 कर दी गई है। वहीं विश्वविद्यालय द्वारा अगर किसी छात्र को अपने आंसर शीट की फोटो कॉपी लेनी है तो उसकी फीस पहले हजार रुपए हुआ करती थी, जिसे अब 1500 कर दिया गया है इस फीस वृद्धि के चलते छात्रों ने आज कॉलेज के प्रशासनिक ब्लॉक के सामने जोरदार धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों ने प्रशासन को अवगत कराया तथा मांग की कि तुरंत इस फीस वृद्धि को वापस लिया जाए। इस धरने प्रदर्शन के दौरान कॉलेज के निदेशक व प्रधानाचार्य दीपक बंसल अन्य प्राध्यापकों ने छात्रों के साथ बातचीत की तथा उन्हें आश्वासन दिया कि इस सारे मसले पर तकनीकी निदेशक व हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय को अवगत करा दिया जाएगा।

### डीएसपी ने की नशे से दूर रहने की अपील

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ महाविद्यालय में नशा विरोधी जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा, हेड कॉन्स्टेबल पंकज पटियाल और पीएसओ बैजनाथ ने छात्रों को नशे के खतरों और इससे बचाव के उपायों पर संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया और छात्रों से समझदारी से निर्णय लेने और नशा मुक्त समाज बनाने में योगदान देने की अपील की। डीएसपी अनिल शर्मा ने एक संवादात्मक सत्र में युवाओं को राष्ट्र के सच्चे संरक्षक बताते हुए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत जिज्ञासा, तनाव, अवसाद और साथियों के दबाव से शुरू होकर समाज को भावनात्मक, सामाजिक और आर्थिक रूप से तोड़ देती है। उन्होंने तंबाकू, शराब व अन्य नशे के प्रकारों का ज़िक्र करते हुए इनके कारण बढ़ते अपराधों और सामाजिक पतन की बात कही। श्री शर्मा ने युवाओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया का उपयोग जागरूकता फैलाने और सकारात्मक आयोजनों के लिए करें। उन्होंने कहा कि केवल पुलिस की कोशिशें काफी नहीं, युवाओं की भागीदारी से ही नशामुक्त समाज संभव है। इस अवसर पर डॉ. राजेश चौधरी, लेफ्टिनेंट डॉ. विक्रम सिंह और कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान 150 से अधिक छात्रों ने सत्र में भाग लिया।

### 30 अप्रैल तक करवाएं परिवार का पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** परिवार रजिस्टर डाटा बेस तैयार करने के लिए धर्मशाला नगर निगम द्वारा परिवार रजिस्टर सर्वेक्षण कार्य करवाया गया था, जोकि 30 सितंबर, 2024 तक पूरा किया जाना था। धर्मशाला नगर निगम आयुक्त जफर इकबाल ने आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से नगर निगम धर्मशाला के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सर्वेक्षण के दौरान छूटे हुए परिवारों को एक बार पुनः 30 अप्रैल तक अपना परिवार रजिस्टर करवाने का अवसर दिया जा रहा है। इसके लिए वार्ड 1 से 10 के निवासी सर्वेक्षण के लिए गठित टीम के इंचार्ज आकाश चौधरी से 9805843438 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं वार्ड 11 से 17 के निवासी इंचार्ज अंकेश से 7807318965 पर संपर्क कर अपने परिवार का रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### निजी स्कूल कर रहे नियमों की अवहेलना

**अनंत ज्ञान, जवाली।** उपमंडल जवाली के अधीन आने वाले निजी स्कूल हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। निजी स्कूल संचालकों द्वारा बच्चों को स्कूलों में ही यूनिफार्म, टाई-बेल्ट, शूज, किताबें-कॉपियां अभिभावकों को बेची जा रही हैं तथा इस एवज में अभिभावकों को कोई बिल भी नहीं दिया जाता है। स्कूल संचालकों के पास किताबें-कॉपियां सहित अन्य सामग्री बेचने का कोई लाइसेंस नहीं है तथा बिना लाइसेंस ही किताबें-कॉपियां व अन्य सामान बेचकर टैक्स को चूना लगाया जा रहा है। अभिभावकों की जेबों पर डाका डाला जा रहा है जबकि शिक्षा बोर्ड व प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। बोर्ड के नियमों के विपरीत हर कक्षा में दाखिला फीस ली जा रही है। कुछ संचालकों द्वारा किताबें-कॉपियां, टाई-बेल्ट, यूनिफार्म, शूज बेचने के लिए स्कूल के पास ही दुकान खोली गई हैं ताकि शिक्षा बोर्ड व प्रशासन की आंखों में धूल झोंक सकें। अभिभावकों ने कहा कि अगर कोई अपने बच्चे को स्कूल से निकलवाने के लिए स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र मांग रहा है तो उसकी एवज में भी पांच सौ रुपए वसूल किए जा रहे हैं। अभिभावकों ने शिक्षा बोर्ड व प्रशासन से मांग की है कि निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाई जाए तथा स्कूलों में किताबें-कॉपियां व यूनिफार्म इत्यादि बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### बस के खराब होने से कांगड़ा में लगा जाम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा पेट्रोल पंप के पास एक निजी बस के खराब होने से इस मार्ग से वाहन चालकों को काफी कठिनाइनों से गुजरना पड़ा। मार्ग पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रह। कांगड़ा ट्रैफिक पुलिस को भी इससे निपटने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी खबर लिखे जाने यह सिलसिला जारी रहा।

## नगर निगम-एक्साइज वाले काट रहे पर्ची, महंगे दामों पर कैसे होगी खरीद

# दाड़ी मेले में स्थानीय लोगों की अनदेखी नहीं होगी सहन : सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दिग्गज भाजपा नेता व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने कहा है कि दाड़ी मेले में स्थानीय लोगों की सहभागिता को खत्म करके उनकी अनदेखी की जा रही है। प्रशासन ने इस मेले को अपने अंडर लिया है। उसके बाद से ही मेले के प्लॉट महंगे दामों में बेचे गए हैं। ऐसे में धर्मशाला व अन्य क्षेत्रों से इस मेले में आने वाले लोगों पर अतिरिक्त खर्च पड़ेगा।

सुधीर शर्मा ने कहा कि साल 2012 में धर्मशाला आने के बाद उन्होंने इस मेले में स्थानीय लोगों की सहभागिता को बढ़ाया था। यह मेला दशकों से लोकल लोगों के कारण आगे बढ़ा है, लेकिन अब इसे सिर्फ बिजनेस प्वाइंट के तौर पर लिया जा रहा है। स्थानीय दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है। मेले में स्थानीय लोगों को बराबर स्पेस तक नहीं दिया जा रहा। यह शायद पहला मेला होगा, जहां नगर निगम और एक्साइज आदि विभाग दुकानदारों की पर्ची काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई छोटे दुकानदार ऐसे हैं, जिनकी एक हजार तक दैनिक सेल होती है, उनसे भी हजार रुपए की पर्चियां काटी जा रही हैं। यह न्यायसंगत नहीं है। सुधीर शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि धर्मशाला के दाड़ी में इस वर्ष 8 अप्रैल को झंडा रस्म के साथ धुम्मू शाह मेले के आगाज पर स्थानीय लोगों को खास तवज्जो दी जाए। 8 से 15 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में 9 अप्रैल को छोटी माली, 10 अप्रैल को बड़ी माली, 11 अप्रैल को पुरस्कार वितरण तथा 12-13 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्याएं होनी हैं। इसमें स्थानीय लोगों को बरारब तवज्जो मिलनी चाहिए।

सुधीर शर्मा ने कहा कि दाड़ी में होने वाला धुम्मू शाह मेला क्षेत्र के बड़े उत्सवों में से एक है और इसमें लगभग पूरे धर्मशाला सहित बड़ी संख्या में साथ के इलाकों के लोग भी आते हैं। मेले में स्थानीय लोगों को सस्ते दामों में चीजें मिलनी चाहिए।

### मेले को एक बिजनेस इवेंट बनाना गलत



**सुधीर** शर्मा ने कहा है कि मेले के सामाजिक ढांचे से छेड़छाड़ करके इसे महज एक बिजनेस इवेंट बनाना गलत बात है। प्रशासन को सुरक्षा और ट्रैफिक के पुख्ता इंतजाम करने चाहिएं। मेले से पहले पार्किंग, यतायात, और सुरक्षा इंतजाम जनता के साथ साझा करे प्रशासन। पिछली बार भी सड़क के साथ लगी एक महीना पुरानी चैनलिंक को पुलिस ने ही तोड़ दिया था, जो आज तक ठीक नहीं हुई और नगर निगम पंगु बन कर देखता रहा। यह प्रचलन बन गया है कि सड़क और स्कूल की भूमि को भी ऑक्शन कर दिया जाता है जो नियमों का उलंघन है। मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, इनके स्वरूप से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पूर्व सीपीएस सुरेंद्र काकू ने बज्रेश्वरी मंदिर में टेका माथा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में ग्रीष्मकालीन नवरात्र के मेले चल रहे हैं। सातवें नवरात्र पर पूर्व सीपीएस एवं विधायक चौधरी सुरेंद्र काकू माथा टेकने पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम माता के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ उनकी धर्मपत्नी, मंदिर ट्रस्ट सदस्य अशोक हिमाचली, पवन कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे। इसके उपरांत उन्होंने महाशतचंडी यज्ञ में पूजा-अर्चना की। वरिष्ठ पुजारी ने उनसे विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। मंदिर अधिकारी नीलम राणा और मंदिर जेई विजय कुमार ने उनको माता की चुनरी और तस्वीर भेंट की। चौधरी सुरेंद्र काकू ने मंदिर प्रशासन द्वारा सफाई व्यवस्था पर किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा पूर्व में भी मंदिर को लेकर उनका पूरा सहयोग रहा है और आगे भी वह मंदिर में हर तरह की सुविधाओं के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

**कहा, मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए करते रहेंगे सहयोग**

# एक-दूसरे से भिड़े प्राइवेट बसों के ड्राइवर और कंडक्टर

**अनंत ज्ञान, गगल**



शुक्रवार को पठानकोट से गगल की ओर आ रही कुमार बस और शाहपुर से कांगड़ा की ओर आ रही भारद्वाज बस के ड्राइवर और कंडक्टर समय सारिणी को लेकर 45 मील में आपस में भिड़ गए। लड़ाई झगड़े का यह मामला गगल थाने पहुंच गया। गगल पुलिस के कर्मचारियों ने दोनों बसों को गगल पुलिस थाने में हिरासत में ले लिया। दोनों बसों के ड्राइवर और कंडक्टर थाने में भी आपस में हाथ पाई पर उतर आए, जिस पर पुलिस ने दोनों पार्टियों को शांत करवाया और बारीकी से छानबीन की। छानबीन के बाद दोनों बसों का आपसी समझौता हो जाने पर अपने-अपने गंतव्य की ओर चली गईं और पुलिस में मामला भी दर्ज नहीं हुआ, लेकिन इन दोनों बसों की लड़ाई में बस में बैठी सवारियां काफी परेशान हुईं।

## नशे का बढ़ता कारोबार चिंता का सबब: सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने जसूर प्रेस वार्ता की नशे को लेकर चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देवभूमि नाम से भी विश्व में पहचान मिली है। एक शांतप्रिय राज्य होने के नाते इस राज्य पर किसी की बुरी नजर लगने से प्रदेश में चिट्टे के तस्करों की तादाद बढ़ गई है, जिससे तमाम राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में चिट्टा तस्कर अपने पांव जमाने में पनप रहा है, जोकि चिंता का विषय है। इसके समाधान हेतु हिमाचल की सुक्खू सरकार तत्पर है। सुदर्शन शर्मा ने कहा कि हाल ही में चिट्टा तस्करों पर अंकुश लगाने में फांसी का विधानसभा में विधेयक का प्रावधान रखा है जो कि एक सराहनीय कदम है।

# आपदाओं को लेकर रहें सतर्क : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

वर्ष 1905 की 4 अप्रैल को जिला कांगड़ा में आए भयावह भूकंप की स्मृति में संयुक्त कार्यालय भवन कांगड़ा में एसडीएम इशांत जसवाल की अध्यक्षता में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा, थाना प्रभारी संजीव कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अल्पना, फायर ऑफिसर अनिल कुमार,एसपीसी होम गार्ड अनिल कुमार, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बच्चों ने भाग लिया। संयुक्त कार्यालय भवन को घटनास्थल बनाया गया। एसडीएम कांगड़ा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा 1905 के भूकंप से सबक लेते हुए प्राकृतिक आपदाओं को लेकर हमे सजग और सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने सभी को ऐसे समय में किस तरह अपना बचाव करना चाहिए इसके बारे में बताया।

## कांगड़ा अस्पताल में करवाई मॉक ड्रिल

**कांगड़ा।** वर्ष 1905 की 4 अप्रैल को जिला कांगड़ा में आए भयावह भूकंप की स्मृति में सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अल्पना की अध्यक्षता में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में आपदा की स्थिति से यदि निपटना पड़े तो उस समय में किस प्रकार कार्य किया जाए इसके बारे में रिहर्सल की गई। इसमें आपदा से प्रभावितों को किस तरह प्रारंभिक चिकित्सा दी जानी है गंभीरता के हिसाब से उनका इलाज किन श्रेणी में किया जाना है इसकी भी रिहर्सल की गई।

## जीया स्कूल में मनाया आपदा प्रबंधन जागरूकता दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरी।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जीया में शुक्रवार को आपदा प्रबंधन जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल राम प्रकाश वर्धन ने बच्चों को आपदा प्रबंधन पर संबोधित किया। आपदा प्रबंधन के इंचार्ज विकाश कुमार ने बताया कि आपदा के दौरान ब बाद में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इस मौके पर छात्रों से पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता एवं मॉक ड्रिंक भी करवाई गई। इस मौके पर स्थानीय लोगों को जागरूक करने के लिए एक रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक सुधाकर व्यास, प्रीति, प्रधान कविता, विनोद शर्मा, अनिता देवी, रेखा देवी, दीप्ति, सोनिका, मनोज कुमार वेद शास्त्री उपस्थित रहे।

## वक्फ संशोधन बिल ऐतिहासिक फैसला : पठानिया

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** केंद्र सरकार के नए वक्फ बिल को लेकर रेहन में पूर्व वन मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पठानीयां ने कहा कि अब हिन्दुस्तान के लोगो की एक नई सोच बनी है। राज्यसभा में पारित होने पर वक्फ बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पुर्व वन मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पठानिया ने कहा कि नए वक्फ बिल एक ऐतिहासिक फैंसला है। इस विधेयक से मुस्लिम समाज की महिलाओं और गरीबों का कल्याण होगा। इसके साथ ही राकेश पठानियां ने कहा कि इस चर्चा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नहीं बोले। यह पता नहीं चला कि वे इसके पक्ष में थे या पक्ष में नही थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व अन्य दूसरी पार्टियों का दोहरा चेहरा भी जनता के सामने आ गया है। सब जानते थे कि यह विधेयक अल्पसंख्यकों के हित में है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियां जो प्राइवेट लोगों के हाथ में थीं, वो अब सरकारी रहेंगी।

## शिक्षा बोर्ड ने वेबसाइट पर अपलोड की अस्थायी आंसर की

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल में प्रवेश के लिए आयोजित की गई परीक्षा की अस्थायी उत्तर कुंजियां बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। बोर्ड के सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा बीते 23 मार्च 2025 को प्रदेश भर में स्थापित विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई थी। उत्तर कुंजियां सीरीज ए, बी, सी और डी बोर्ड की बेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। उपरोक्त परीक्षा से संबंधित उत्तर कुंजियों में दर्ज उत्तरों के संबंध में यदि अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्तियां प्रमाणित तथ्यों सहित 10 अप्रैल तक अनुभाग अधिकारी, प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को ईमेल आईडी पर मेल द्वारा भेज सकते हैं। 11 अप्रैल 2025 के उपरांत उत्तर कुंजियों से संबंधित किसी भी मौखिक या लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**निर्देश** रैत में आयोजित सहकारी सभाओं के सचिवों की बैठक में केवल सिंह पठानिया बोले-

# सोसायटियों का जल्द बुलाया जाए जनरल हाउस

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शुक्रवार को रैत वन विभाग विश्राम गृह में रैत विकास खंड की सहकारी सभाओं के सचिवों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने की। बैठक में ब्लॉक के लगभग 40 सोसायटियों के सचिव मौजूद रहे। बैठक में सोसायटी सचिवों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने बताया कि जिला कांगडा के धर्मशाला सहायक रजिस्ट्रार के अंतर्गत 257 सोसायटी कार्य कर रही हैं, जिसमें से रैत में 96 सोसायटी क्रियाशील हैं। उन्होंने कहा कि सभी सोसायटी का जल्दी ही जनरल हाउस बुलाया जाए और सभी का डेटा बेस तैयार करें, ताकि सोसायटी की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।



उन्होंने सचिवों से आह्वान किया कि जहां तक हो सके अंतिम पंक्ति में बैठे गरीब इंसान की मदद करें। उन्होंने सोसायटी सचिवों से कहा कि उनकी विभिन्न समस्याओं को सरकार के साथ सांझा किया जाएगा और शीघ्र निदान के प्रयास किए जाएंगे। सहायक रजिस्ट्रार पूर्ण चंद ने संचालित की जा रही सोसायटी के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया का बैठक में आने पर आभार जताया और उन्हें आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देश एवं सुझावों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाएगा। सचिव सहकारी सभा यूनियन के प्रधान रघुबीर सिंह ने मुख्यातिथि तथा अन्य आए हुए मेहमानों का स्वागत किया । उन्होंने सोसायटी सचिवों को आ रही विभिन्न समस्याओं बारे उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया को अवगत करवाया। बैठक में पहुंचने पर समस्त सहकारी सभा के सचिवों ने उपमुख्य सचेतक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## लोगों की समस्याओं को हल करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने नेशनल राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित कर निर्माण कार्य से स्थानीय लोगों हो रही दिक्कतों के बारे में अवगत करवाया तथा इन समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया। उन्होंने डोहब एवं द्रमण में फोरलेन के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। डोहब कूहल कमेटी ओर द्रमण बाजार की फोरलेन कार्य के चलते आ रही समस्याओं को लोगों ने उनके समक्ष रखा तथा इसके तुरंत बाद तहसीलदार दीक्षित ठाकुर तहसीलदार एवं फोरलेन अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करवाई गई। इस अवसर पर प्रधान तिलक, डोहब कूहल कमेटी के सभी सदस्य, प्रधान अरुणा देवी,देवदत्त शर्मा, नीना ठाकुर जिला परिषद सदस्य, अश्वनी शर्मा, करनैल सिंह उपस्थित रहे।

# छोटी बहन ने इकलौते भाई को दी मुखाग्नि

**अनंत ज्ञान, जवाली**

मत्स्य विभाग देहरा में कार्यरत जवाली के डुग्गी गांव के रहने वाले 24 वर्षीय आकाश चौधरी की सड़क हादसे में हुई मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। माता-पिता के इकलौते बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गमगीन माहौल में जब छोटी बहन आकांक्षा ने अपने भाई की देह को मुखाग्नि दी, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। मृतक आकाश चौधरी मत्स्य विभाग देहरा में कार्यरत था। रोज शाम को अपने मामा के घर हरिपुर जाता था। देर रात ड्यूटी के बात मृतक आकाश चौधरी रोजाना की तरह अपने मामा के घर जा रहा था। लेकिन होनी कुछ ओर ही थी।

बता दें कि बीती रात करीब 12:30 बजे आकाश अपनी बाइक पर देहरा से हरिपुर की ओर आ रहा था। विद्युत विभाग कार्यालय के पास अचानक उसकी बाइक सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। नाक और कान से खून बहने लगा। इसी दौरान नगरोटा सूरियां की ओर से आ रहे कुछ लोगों ने सड़क पर पड़े युवक को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल आकाश को इलाज के लिए सीएचसी हरिपुर पहुंचाया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उसे टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद जब आकाश का शव घर पहुंचा, तो पूरे गांव में मातम छा गया। मां बेसुध होकर बार-बार बेटे को पुकार रही थी, पिता की आंखें आंसुओं से भरी थीं। सबसे हृदयविदारक क्षण वह था, जब उसकी छोटी बहन आकांक्षा ने कांपते हाथों और बहते आंसुओं के साथ अपने इकलौते भाई को मुखाग्नि दी।

## न्यूज ब्रीफ

### राजभवन में फलाहार वितरण कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजभवन में पांच अप्रैल को दोपहर एक बजे फलाहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की है, जो पिछले दो वर्षों से राजभवन में इस पावन परंपरा का पालन करते आ रहे हैं। यह उनकी भक्ति और सेवा भावना को दर्शाता है।

### ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** कोटखाई के सरस्वती विद्या मंदिर में अखिल भारतीय ग्राम पंचायत द्वारा एक कार्यशाला लगाई गई। इसमें ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव के के बचाव के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के मुख्य पर्यटक अनिल वर्मा रहे। कार्यशाला में बच्चों को मोबाइल फोन में खेले जाने वाली ऑनलाइन गेम्स से दूर रहने के सुझाव दिए गए व बच्चों को ज्यादा से ज्यादा मैदान में खेले जाने वाली खेलों का बढ़ावा देने की बात कही गई।

### पर्ची के पैसे वसूलने का फैसला लें वापसः भाटिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** संत श्री रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने सीएम सुक्खू से आग्रह किया है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों से पर्ची बनाने के पैसे वसूलने और मरीजों को मिल रही फ्री टेस्ट सुविधा किसी भी रूप में बंद न की जाए। यह सरकार का बहुत ही निंदनीय निर्णय होगा। सरकार इसे तुरंत वापस लें। भाटिया ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जिस तरह पर्चियों पर पैसे वसूली और निःशुल्क विभिन्न टेस्टों की सुविधा बंद करने जा रही है, यह सरकार का बहुत ही निंदनीय फैसला है और इसको लेकर सरकार के खिलाफ आम पब्लिक में आक्रोश भड़क उठा है और सरकार के इस तरह के निर्णय की निंदा हो रही है।

### नोगली में भूकंप से सुरक्षा के बताए गुर

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** नोगली स्कूल में शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से उपमंडल स्तरीय मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान एनडीआरएफ, होमगार्ड, अग्निशमन विभाग, वन विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। यह आयोजन एसडीएम नरेंद्र तोमर की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि भूकंप आने की स्थिति में किस प्रकार से बचाव किया जाए इस बारे मॉकड्रिल के माध्यम से वहां मौजूद लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, रामपुर उप मंडल की महिला मंडल व कर्मचारियों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कंपनी कमांडर होमगार्ड, दमकल अधिकारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एवं एनडीआरएफ के अधिकारी मौजूद रहे।

### अवमानना कार्यवाही शुरू करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सड़क को पक्का करने की वचनबद्धता को पूरा न करने पर लोक निर्माण विभाग के सचिव सहित अधीक्षण अभियंता मंडी व कार्यकारी अभियंता करसोग मंडल के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के आदेश जारी किए हैं। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने प्रार्थी हेम सिंह द्वारा दायर अनुपालना याचिका की सुनवाई के पश्चात यह आदेश जारी किए। प्रार्थी ने केलोधार से सियांज बगड़ा सड़क को पक्का व चौड़ा करने की मांग की थी। कोर्ट ने मामले से जुड़े रिकॉर्ड का अवलोकन करने पर पाया कि प्रतिवादियों द्वारा स्वयं दायर की गई स्थिति रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट ने दिनांक 6 अगस्त 2019 के अपने आदेश के तहत याचिकाकर्ता की रिट याचिका का निपटारा किया था।

### नेरवा में शिविर में 1200 लोगों को जांचा

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** डिजिटल मिडिया एसोसिएशन चौपाल-नेरवा-देहा द्वारा सिविल अस्पताल नेरवा में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ खंड चिकित्सा अधिकारी नेरवा गुरमेल सिंह ने किया। इस शिविर में नेत्र रोग, आंख, नाक, कान, गला रोग, आंतरिक चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, हड्डी रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, शिशु रोग विशेषज्ञो द्वारा करीब 1200 रोगियों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में करीब 150 मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया गया। इसके अलावा शिविर में दिव्यांगो के मेडिकल बोर्ड द्वारा पास भी बनाये गए।

# कालीबाड़ी मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

## सातवें नवरात्र में श्रद्धालुओं ने मां की विशेष पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला



**राजधानी** शिमला के प्रसिद्ध कालीबाड़ी माता के मंदिर में सातवें नवरात्र के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सातवां नवरात्र मां कालरात्रि को समर्पित है। माता काली की मूर्ति इस ऐतिहासिक मंदिर में विराजमान है। श्रद्धालुओं ने इसकी महत्ता को देखते हुए शुक्रवार को मंदिर में माता की विशेष पूजा-अर्चना की और काली माता के मंदिर में मौजूद प्रतिमा का विशेष शृंगार किया। यह मंदिर सबसे प्राचीनतम मंदिरों में से एक है। काली माता श्यामला के रूप में मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई है। श्यामला माता के नाम से शिमला का नाम अस्तित्व में आया है। यह मंदिर बैंटनी हिल पर स्थित है, इसका निर्माण 1845 में बंगाली ब्राह्मण रामचरण ब्रह्मचारी ने करवाया था। (अनंत ज्ञान)

### बंगाली समुदाय के लोगों के लिए विशेष महत्व

**यह** मंदिर बंगाली समुदायों के लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है। यहां पर विशेष आयोजन के दौरान बंगाली राज्यों से बड़ी तादाद में श्रद्धालु लोग पहुंच रहे हैं और मां के दीदार कर विशेष पूजा-अर्चना में भाग लेते हैं। मंदिर में बंगाली ब्राह्मणों का बोलबाला है, जो मंदिर में होने वाली पूजा-अर्चना इत्यादि को करवाते हैं और यहीं पर रहकर मां की सेवा करते हैं।

### मां के भयानक अवतार को समर्पित है मंदिर

**कहा** जाता है कि यह मंदिर माता के भयानक अवतार को समर्पित है। मां के नौ रूपों में से सबसे में यही भयानक रूप जोकि माता कालरात्रि के रूप में जग विख्यात है, यहां पर इसी और इंगित करता है, जो काल पर भी विजय हासिल करें। उसे कालरात्रि का रूप कहा गया है, जो यहां पर मौजूद है, इसलिए यह पवित्र मंदिर देश-विदेश के श्रद्धालुओं को आकर्षित करने की क्षमता रखता है।

### पर्यटक भी जरूर लेते हैं मां का आशीर्वाद

**शिमला** आने वाले पर्यटक भी इस मंदिर में जाना नहीं भूलते। वे यहां पहुंचकर मां का आशीर्वाद जरूर लेते हैं। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि शिमला की सांस्कृतिक धरोहर का भी हिस्सा है।

## मंत्री रोहित ने 38 लाख से बनने वाले निरीक्षण कुटीर का किया भूमि पूजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**शिक्षा** मंत्री ने खड़ापत्थर स्थित जलशक्ति विभाग के जुब्बल मंडल के अंतर्गत 38 लाख रुपए से निर्मित होने वाले निरीक्षण कुटीर का भूमि पूजन किया। उसके बाद शिक्षा मंत्री ने राजकीय उत्कृष्ट प्राथमिक विद्यालय खड़ा पत्थर के नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस विद्यालय के निर्माण में 25 लाख रुपए का व्यय किया गया है। इसी के साथ ही शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि राजकीय उच्च विद्यालय खड़ापत्थर का निर्माण भी किया जाना है, जिसके लिए 80 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिल चुकी है ।

शिक्षा मंत्री ने निर्माण से जुड़े अधिकारियों को समय से कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद शिक्षा मंत्री मंढोल पहुंचे जहां पर उन्होंने 6 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से स्तरोन्नत होने वाली मंढोल नगरकोटी शेलापानी जोहटा संपर्क मार्ग का भूमि पूजन किया। मंढोल में आयोजित एक भव्य समारोह में शिक्षा मंत्री ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि मंढोल गांव उनके विधानसभा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण और बड़ा गांव है और यहां के निवासियों का सहयोग सदैव ही उनके साथ रहा है।

### पीढ़ी माता मंदिर में लगाई हाजिरी

**शिक्षा** मंत्री ने पीढ़ी माता मंदिर में शीश नवाया और देवी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जुब्बल नावर कोटखाई कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मोती लाल डेरटा आदि पदाधिकारी भी शामिल रहे।

## एक राष्ट्र एक चुनाव से भारत के मतदाताओं को होगा लाभ: सुरेश भारद्वाज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** विश्वविद्यालय विधि अध्ययन संस्थान, शिमला द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव पर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन एवालॉज में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व आईएएस अधिकारी जीसी शर्मा, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज एवं विधि विधि अध्ययन संस्थान के प्रमुख शिव डोगरा उपस्थित रहे।

एक राष्ट्र एक चुनाव पर इस कार्यक्रम में विस्तृत चर्चा हुई जिसमें विचारों को लेकर आदान-प्रदान भी हुआ यह जानकारी जेसी शर्मा द्वारा दी गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश भारद्वाज ने एक राष्ट्र एक चुनाव के लाभ गिनते हुए कहा कि चुनावों के एक साथ होने से आर्थिक स्थिरता और विकास में वृद्धि होगी, जिससे व्यवसाय प्रतिकूल नीतिगत परिवर्तनों के भय के बिना निर्णय लेने में सक्षम होंगे।

## साहज के 3 छात्रों ने प्राप्त की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** एनसीआरटी सोलन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में राजकीय उच्च विद्यालय साहज तीन विद्यार्थियों ने अव्वल प्रदर्शन करते हुए छात्रवृति प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रभारी युगेश कुमार ने बताया कि परीक्षा में राजे कीय विद्यालय उच्च विद्यालय साहज के तीन होनहार विद्यार्थियों ने जिला मंडी को सूची में अपना स्थान बनाया है और संस्थान से छात्रवृति प्राप्त की है। विद्यालय के विद्यार्थी नैतिक चंदेल, पावनी चंदेल व कुमकुम वर्मा ने छात्रवृत्ति प्राप्त है ।

## खनेरी अस्पताल में 60 मरीजों की हुई कीमोथैरेपी, 150 का चल रहा इलाज

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर



**रामपुर** के खनेरी अस्पताल में अब कीमोथैरेपी शुरू हो गई है। इसके शुरू होने से कैंसर के मरीजों को राहत मिली है। इससे पूर्व ऐसे मरीजों को आईजीएमसी शिमला या पीजीआई चंडीगढ़ जाना पड़ता था। अब उन्हें यह सुविधा रामपुर में ही उपलब्ध होगी।

कीमोथैरेपी डॉक्टर सुचिता पाल्मो ने बताया कि 20 नंबर ओपीडी में मरीज कीमोथेरेपी बारे परामर्श कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक खनेरी अस्पताल में 60 कैंसर पीड़ितों की कीमोथैरेपी की जा की जा चुकी है। जबकि लगभग डेढ़ सौ मरीजों का उपचार चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### अब नहीं जाना पड़ेगा शिमला-चंडीगढ़: नेगी

**खनेरी** अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय नेगी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अब कैंसर पीड़ितों को उपरोक्त उपचार के लिए शिमला या चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। इस अस्पताल के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

## डॉ. वाईएस परमार विवि के कुलपति को पद से हटाएं: छतर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर ने शिमला में एक संयुक्त प्रेसवार्ता में राज्य के अंदर शिक्षा के भगवाकरण और डॉ. वाईएस परमार विवि नौणी में डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल की अवैध नियुक्ति में अनियमितताओं को उजागर किया। छतर सिंह ठाकुर ने बताया कि डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल को 6 मई, 2022 को विवि के कुलपति पद पर नियुक्त किया गया था, जो विवि अधिनियम की धारा 24 का स्पष्ट उल्लंघन है। इस धारा के अनुसार कुलपति की चयन समिति में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक का शामिल होना अनिवार्य है, जो इस मामले में नहीं था। उन्होंने कहा कि डॉ. वाईएस परमार विवि के कुलपति को पद से हटाया जाए।

## लोगों को आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक

### डीसी ने दिखाई हरी झंडी, बच्चों ने सीटीओ से शेर-ए पंजाब तक निकाली रैली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**जिला** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला की ओर से 4 अप्रैल 1905 को जिला कांगड़ा में आए भूकंप में जान गंवाने वालों की याद में जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को आपदा जागरूकता दिवस के तौर पर रैली निकाली गई। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बच्चों की रैली को हरी झंडी सीटीओ से शेर-ए पंजाब तक रवाना किया। लोअर बाजार से होते हुए बच्चों ने नारेबाजी करते हुए लोगों को आपदा को लेकर जागरूक रहने का आह्वान किया।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि 4 अप्रैल, 2025 को कांगड़ा भूकंप के 120 वर्ष पूरे हुए हैं। उस दुर्भाग्यपूर्ण घड़ी में विपत्ति-ग्रस्त लोगों की याद में जागरूकता रैली निकाली गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान आपदा का शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। 1905 में भूकंप के दौरान 20 हजार के करीब लोगों ने जान गंवाई थी जबकि एक लाख से भी ज्यादा भवन क्षतिग्रस्त हुए थे।



### सभी कार्यालयों में भूकंप पर करवाई मॉकड्रिल

**जिलाधीश** भवन में सभी कार्यालयों में भूकंप को लेकर मॉकड्रिल का भी आयोजन किया गया। एसडीएम शिमला (ग्रामीण) कविता ठाकुर, जिला राजस्व अधिकारी संजीत शर्मा सहित डीडीएमए के कर्मचारी भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

# गोलीकांड में विधायक का हाथ: बंबर

## पूर्व विधायक ने बीजेपी पर गैंगस्टरों को संरक्षण देने का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने प्रेसवार्ता कर भाजपा पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि होली के दिन बिलासपुर में हुए गोलीकांड के पीछे सदर के मौजूदा विधायक का हाथ है। बंबर ठाकुर का दावा है कि उन पर हमला करने की साजिश रचने वाले सभी लोग भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से संबंध रखते हैं और सीधे तौर पर विधायक के करीबी माने जाते हैं। बंबर ठाकुर ने यह भी कहा कि सदर के विधायक लगातार उनकी सुरक्षा हटाने की मांग कर रहे थे, जिससे साफ संकेत मिलता है कि हमले की प्लानिंग पहले से की गई थी और इसमें विधायक की भूमिका भी संदिग्ध है। उन्होंने इस हमले को राजनीतिक षड्यंत्र बताया और कहा कि अगर समय रहते प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाले समय में हालात और बिगड़ सकते हैं। पूर्व विधायक ने बीजेपी पर गैंगस्टरों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'भाजपा ने बिलासपुर में गैंगस्टरों को पनाह दी है, और आज इसका खामियाजा पूरा शहर भुगत रहा है। अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने से कानून-व्यवस्था चरमरा गई है।' इस गंभीर आरोप के बाद बिलासपुर की राजनीति में हलचल मच गई है। अभी तक बीजेपी या सदर विधायक की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। बंबर ठाकुर ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि दोषियों को जल्द नहीं पकड़ा गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। इस स्थिति पर सभी की नजरें टिकी हैं कि क्या ये मामला राजनीतिक विवाद तक सीमित रहेगा या कानून का शिकंजा सच में दोषियों तक पहुंचेगा।

## प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की उपमंडलीय अधिकारी कुनिका अर्ष ने स्किल डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत संचालित एक प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण की गुणवत्ता और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ विकास खंड अधिकारी झंडूता संजीव पुरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने केंद्र में मौजूद बच्चों से बातचीत की और प्रशिक्षण से संबंधित सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। बच्चों ने उन्हें केंद्र की गतिविधियों, शिक्षकों की उपस्थिति और संसाधनों की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी।

## मिनर्वा स्कूल में दाखिले के लिए 1200 बच्चों ने दिया एंट्रेंस टेस्ट



अनंत ज्ञान, घुमारवीं

शिक्षा के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में अव्वल रहने वाले मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल घुमारवीं में दाखिले के लिए बच्चे उत्साहित हैं। तीन चरणों मे आयोजित एंट्रेंस टेस्ट में बिलासपुर जिला से ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों से भी बच्चे एंट्रेंस टेस्ट देने पहुंचे थे। तीन चरणों आयोजित की गई परीक्षा में दाखिले के लिए करीब 1200 बच्चों ने एंट्रेंस टेस्ट दिया। परीक्षा में मैरिट के आधार पर ही प्रवेश मिलेगा। पहले चरण की परीक्षा 24 मार्च को आयोजित की गई थी जिसमे लगभग 500 बच्चो ने एंट्रेंस टेस्ट दिया था। वही दूसरे चरण की परीक्षा 30 मार्च को आयोजित किया गया जिसमें लगभग 600 बच्चों ने एंट्रेंस टेस्ट दिया। वही तीसरे चरण की परीक्षा शुक्रवार को आयोजित की गई। एंट्रेंस टेस्ट का रिजल्ट पांच अप्रैल को घोषित किया जाएगा। स्कूल प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने बताया कि जो बच्चे इस परीक्षा में उतीर्ण होंगे वह सात अप्रैल तक अपना एडमिशन स्कूल में करवा लें। 10 अप्रैल से नए सेशन की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि एंट्रेन्स टेस्ट में दूसरी कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 25 अंकों की रखी गई थी। जबकि छठी कक्षा से लेकर नौवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 35, दसवीं कक्षा के बच्चों की परीक्षा 45, जमा एक तथा जमा दो की परीक्षा में 60 अंकों के प्रश्न पूछे गए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बच्चों के अभिभावकों ने मिनर्वा संस्थान पर विश्वास बनाए रखा है, उसके लिए सारा मिनर्वा परिवार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए बचनबद्ध है।

## कांगड़ा में 1905 में आए भूकंप की वर्षगांठ पर बिलासपुर में निकाला एकजुटता मार्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) बिलासपुर द्वारा 1905 के विनाशकारी कांगड़ा भूकंप की 120वीं वर्षगांठ पर नागरिक एकजुटता मार्च का आयोजन किया गया। डीसी बिलासपुर, आबिद हुसैन सादिक (आईएएस) ने मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा, 'आपदा की तैयारी और जोखिम में कमी के प्रयासों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। हमें पिछली त्रासदियों से सीख लेकर भविष्य के नुकसान को कम करने की दिशा में काम करना चाहिए।' यह आयोजन उन हजारों पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए किया गया, जिन्होंने इस भीषण आपदा में जान गंवाई थी। मार्च की शुरुआत डीसी ऑफिस बिलासपुर से हुई और यह सर्किट हाउस में समाप्त हुआ। मार्च चेतना चौक, कॉलेज चौक, गुरुद्वारा चौक और गांधी मार्केट से होकर गुजरा। इसमें स्वयं सहायता समूहों, रेड क्रॉस स्वयंसेवकों, स्कूल के छात्रों, शिक्षकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में डीआरओ बिलासपुर, डीडीएमए स्टाफ तथा विभिन्न हितधारक विभागों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। यह मार्च न केवल अतीत को याद करने का अवसर था, बल्कि आपदा-प्रवण क्षेत्रों में सामूहिक तैयारी और कार्रवाई की आवश्यकता पर बल देने वाला एक सशक्त संदेश भी था।

## मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता की आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देश के तहत शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में भूकंप मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भूकंप आपदा प्रबंधन, अग्निशमन तकनीकों और आपातकालीन प्रतिक्रिया पर बहुमूल्य ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर 12:20 पर भूकंप के आने का सायरन बजा। सायरन बजते ही महाविद्यालय में कार्यरत लोग अपने आप को बचाने के लिए आफिस में स्टूल/ मेज के नीचे छिपते नजर आए, वहीं कुछ अपने सिर ढककर इमारत से बाहर निकलते हुए दिखाई दिए। विद्यार्थियों द्वारा कृत्रिम तरीके से इमारतों के अंदर फंसे हुए लोगों को सकुशल बाहर निकालकर प्राथमिक चिकित्सा भी प्रदान की गई। भूकंप आपदा की विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय कुमार जी ने बीते दिनों सबसे सांझा की थी। इस अभ्यास में महाविद्यालय के लगभग 40 विद्यार्थियों सहित शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग ने भाग लिया।

## दधोल स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में कांगड़ा भूकंप के 120 में वर्ष पूरे होने पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य डॉक्टर सुरेश भारद्वाज एवं प्रवक्ता अर्थशास्त्र नरेंद्र देव द्वारा आपदाओं और संकटों के बारे में जागरूकता के ऊपर भाषण दिए। हाल ही में म्यांमार में भूकंप से हुई तबाही के बारे में बच्चों को बताया गया तत्पश्चात सभी बच्चों को मॉक ड्रिल के बारे में समझाया गया। समस्त पाठशाला स्टाफ को जागरूकता सृजन टीम, प्राथमिक चिकित्सा दल, निकासी दल, वार्निंग सुरक्षा दल, अग्नि सुरक्षा दल, चेतावनी और सूचना प्रसार टीम, खोज एवं बचाव तथा आपातकालीन सुरक्षा दल के रूप में बांटा गया था। अचानक जैसे ही सायरन बजा संपूर्ण प्रक्रिया प्रारंभ हो गई बच्चे अपने-अपने स्थान एवं उसके आसपास सुरक्षित स्थानों पर छुप गए, जिनके पास छुपने के लिए कोई जगह नहीं थी उन्होंने अपने-अपने स्कूल बैग से सर को ढक लिया कुछ विद्यार्थी डेस्क के नीचे छुप गए द्य इसके बाद सभी विद्यार्थी सुरक्षित खेल के मैदान में लाइनों में एकत्रित हो गए खोज एवं बचाव दल के द्वारा सभी कमरों में जाकर के देखा गया तो चार विद्यार्थी घायल अवस्था में पाए गए उनको स्ट्रेचर और व्हीलचेयर के ऊपर उठाकर सुरक्षित स्थान पर लाया गया तथा प्राथमिक चिकित्सा दल के द्वारा उनको प्रारंभिक चिकित्सा प्रदान की गई।

## जोल में जहरीली गैस से किशोरी की मौत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत जोल की एक 14 वर्षीय किशोरी की सल्फास की गैस चढ़ने से मौत हो गई। परिजन किशोरी को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़सर लाए थे, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान कृतिका कुमारी पुत्री अशोक कुमार, गांव जोल, डाकघर घराण के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसारकृतिका अपनी दादी विमला देवी के साथ घर पर पुराने गेहूं की टंकी से गेहूं निकाल रही थी। इन गेहूं में पहले सल्फास की गोलियां डाली गई थीं। गेहूं से निकली जहरीली गैस की दुर्गंध से कृतिका की तबीयत बिगड़ गई। परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़सर लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर किया, लेकिन एंबुलेंस से जैसे ही वे बड़सर अस्पताल से रवाना हुए, कृतिका की सांसें बंद हो गईं। उसे दोबारा अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ग्रीष्मोत्सव में होने वाली खेल स्पर्धाओं के बारे में की चर्चा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव खेल समिति घुमारवीं की बैठक आयोजित की गई। इसमें मेले में आयोजित किए जाने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन और पुरस्कार वितरण को लेकर निर्णय लिए गए। ग्रीष्मोत्सव में कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन और चौस व अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिताओं की शुरुआत 6 अप्रैल से होगी, जबकि 7 को विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन में विभिन्न खेलों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

## नशा तस्करों की जानकारी देने वाले की पहचान उजागर करना शर्मनाक

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं संस्कार सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने पुलिस थाना घुमारवीं में सामने आए एक गंभीर मामले को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम में आम नागरिक जब सहयोग के लिए आगे आते हैं, तो पुलिस द्वारा उनकी पहचान उजागर करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। धर्माणी ने बताया कि हाल ही में घुमारवीं क्षेत्र में एक आम नागरिक ने साहस दिखाकर नशे के खिलाफ पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी दी थी लेकिन इसके बदले में संबंधित पुलिस कर्मचारियों ने उसकी पहचान नशा कारोबारियों तक पहुंचा दी। यह घटना न केवल उस व्यक्ति की सुरक्षा के लिए खतरा बन गई है, बल्कि इससे आम लोगों का मनोबल भी टूटा है। उन्होंने कहा कि एक ओर पुलिस आम जनता से सहयोग की अपील करती है। वहीं दूसरी ओर जब लोग सचमुच सहायता करते हैं तो उनकी सुरक्षा की अनदेखी की जाती है। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि कहीं न कहीं पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारियों और नशा कारोबारियों के बीच गहरी सांठगांठ मौजूद है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि ऐसे पुलिस कर्मचारियों को तत्काल उनके पदों से हटाया जाए और उनकी जगह ईमानदार अधिकारियों की नियुक्ति की जाए।

**बयान** पंजाब के सीएम भगवंत मान ने किए मां नयना देवी के दर्शन, बोले-

# पंजाब और हिमाचल भाई-भाई

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शुक्रवार को शक्तिपीठ श्री नयना देवी पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी पत्नी के साथ माता रानी का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्र के अवसर पर माता के दरबार में हाज़िरी लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश और प्रदेश के कल्याण की कामना की है। मीडिया से बातचीत करते हुए भगवंत मान ने पंजाब और हिमाचल प्रदेश के आपसी संबंधों को भाईचारे पर आधारित बताया। उन्होंने कहा, 'चाहे कोई भी विवाद हो, लेकिन पंजाब और हिमाचल हमेशा भाई-भाई की तरह रहे हैं और हमारा व्यवहार आपसी सद्भाव से भरा रहा है।' मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि वह कलाकार के रूप में पहले कई बार हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों जैसे बिलासपुर, कुल्लू, मनाली और शिमला में प्रस्तुतियां दे चुके हैं, और इस राज्य से उनका गहरा लगाव है। नशे के मुद्दे पर भगवंत मान ने चिंता जताई, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अब हालात में सुधार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने श्री नयना देवी और श्री आनंदपुर साहिब को जोड़ने वाले प्रस्तावित रज्जू मार्ग (रोपवे) पर भी बात की। उन्होंने बताया कि दोनों राज्यों के अधिकारियों को जल्द बैठक के लिए बुलाया जाएगा, ताकि इस धार्मिक परियोजना को शीघ्रता से पूरा किया जा सके। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने माता रानी से देशवासियों के कल्याण और सुख-शांति की प्रार्थना की है।

## मलांगण की दो छात्राओं ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय उच्च पाठशाला मलांगण की दो छात्राओं ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा आठवीं की छात्रा खुशी पुत्री सुखदेव तथा अंजलि पुत्री देवराज ने राज्य स्तर पर आयोजित इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित इस परीक्षा के माध्यम से आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। परीक्षा में सफल छात्राओं को प्रति माह 1000 रुपए की राशि चार वर्षों तक छात्रवृत्ति के रूप में दी जाएगी। विद्यालय के मुख्याध्यापक ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।

## ओवरलोडेड ट्रकों पर कार्रवाई करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम क्षेत्र में नीतीश ठाकुर ने ओवरलोडिंग के कारण हो रही समस्याओं को उठाते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस से सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। नीतीश ठाकुर ने बताया कि एनटीपीसी कोलडैम में ओवरलोडिंग और ओवर बॉडी ट्रकों की समस्या लंबे सम से बनी हुई है। कई बार पुलिस और प्रशासन को इस मुद्दे से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन द्वारा 20 टिपर में 2 टिपर का छोटा से छोटा चालान किया जाता है। ज्यादा ओवरलोड पाए जाने पर चालान का नियम बनाया गया है, लेकिन धरातल पर इसका पालन नहीं हो रहा है। नीतीश ठाकुर ने स्पष्ट किया कि माइनिंग से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी आरटीओ, माइनिंग ऑफिसर और स्थानीय पुलिस की है, लेकिन इन विभागों की लापरवाही से अवैध गतिविधियां जारी हैं। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि अवैध ओवरलोडिंग और माइनिंग पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### गरोला में मां सरस्वती मूर्ति की स्थापना की

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** नवरात्र के पावन अवसर पर भरमौर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल गरोला में शुक्रवार को पूरे विधि-विधान के साथ मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की गई। इस मौके पर पंडित केवल कुमार ने पूरे विधि-विधान के साथ सरस्वती माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की। इस मौके पर प्रधानाचार्य मेहर सिंह पंचायत समिति सदस्य पवन शर्मा स्कूल प्रबंधन समिति के तमाम सदस्य स्टाफ भी विशेष रूप से मौजूद रहा। स्कूल में विद्या की माता मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना के बाद स्कूल के बच्चों ने काफी खुशी जाहिर की है।

### बंजर भूमि पर बना बहुउद्देशीय खेल मैदान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत उदयपुर की युवाशक्ति ने अपने सामूहिक संकल्प और श्रमदान से एक मिसाल कायम की है। गांव की 150 बीघा बंजर भूमि को खेल मैदान में तब्दील कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि जनभागीदारी से कोई भी सपना साकार हो सकता है। अब यह मैदान क्रिकेट सहित कई खेलों की गतिविधियों के लिए उपलब्ध हो चुका है। यूथ स्पोर्ट्स क्लब उदयपुर के अध्यक्ष राकेश कपूर ने बताया कि यह पहल करीब पांच वर्ष पहले कुछ साथियों के छोटे प्रयासों से शुरू हुई थी। खेलों के प्रति जुनून और नशे से दूरी की सोच ने इस मिशन को सफल बनाया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत वासियों के पूर्ण सहयोग व विभिन्न विभागीय योजनाओं की मदद से अब तक लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

### भट्ट आईटीआई का किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** शिक्षा खंड बनीखेत व तीसा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों की अगुवाई में भट्ट नर्सिंग कॉलेज एवं आईटीआई बोंखरीमोड (बनीखेत) व भट्ट आईटीआई खुशनगरी (तीसा) का शैक्षणिक भ्रमण किया। भट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस के चेयरमैन परवेज अली ने बताया कि देवीदेहरा, सुदली, चुहन, बेढल, धरोटा, त्रिठा स्कूल के विद्यार्थियों ने भट्ट नर्सिंग कॉलेज एवं आईटीआई बोंखरीमोड़ (बनीखेत) व भट्ट आईटीआई खुशनगरी (तीसा) का शैक्षणिक भ्रमण किया।

### आपदा से बचाव की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कांगड़ा भूकंप की 120वीं स्मृति के उपलक्ष्य में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा के तत्वावधान में आपदा जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत, बचाव और सतर्कता को लेकर आमजन को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने जागरूकता रैली को इरावती होटल परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मां चामुंडा मंदिर मार्ग से होकर मिलेनियम गेट पर सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न संस्थानों के प्रशिक्षुओं, एनजीओ प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान दमकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षु डॉक्टरों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहुतकनीकी संस्थान चंबा के विद्यार्थियों सहित अन्य प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में कार्य करने की प्रशिक्षणात्मक जानकारी दी गई।

### आपदा से निपटने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, किलाड़ में तहसीलदार पांगी, शांता कुमार की अगुवाई में भूकंप जैसी आपदा के दौरान उत्पन्न होने वाली आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में अग्निशमन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अन्य विभागों से आए कर्मचारियों को आपात स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी दी गई। मॉकड्रिल के दौरान एक काल्पनिक भूकंप परिदृश्य तैयार किया गया, जिसमें छात्रों के फँसने की स्थिति का प्रदर्शन किया गया और तत्पश्चात उनका सफलतापूर्वक राहत एवं बचाव कार्य किया गया। यह अभ्यास आपदा के समय संयम, तत्परता एवं समन्वय के महत्व को रेखांकित करता है।

### झौट की छात्रा भानु प्रिया को मिलेगी छात्रवृत्ति

**बालक राम, पंडोह।** कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती% इस कहावत को राजकीय उच्च पाठशाला झौट की कक्षा नवमी की छात्रा भानु प्रिया ने सच साबित कर दिया। जी हां इस छात्र ने वर्ष 2024 में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (स्ष्टश्च ज्ज ) सोलन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह - योग्यता छात्रवृत्ति योजना (ह्रूस्स्) परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए अपना और अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। समुचे पडोह क्षेत्र में बेटी हो तो भानू प्रिया जैसी ,चर्चा आम हो रही है। उत्तीर्ण होने से इस निर्धन छात्रा को कक्षा नौवीं से कक्षा 12वीं कक्षा तक प्रतिवर्ष 12000/- की राशि बतौरु स्कॉलरशिप मिलती रहेगी। जिससे यह निर्धन छात्रा भी अपने सहपाठियों के साथ अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेगी। बता दें कि इस स्कॉलरशिप की शुरुआत वर्ष 2008 में निर्धन बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली के रोहित ने जीता लूनापाणी दंगल

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** जय लखदाता छिंज कमेटी लूनापाणी-अर्ठी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता बालासुंदरी मंदिर के पास गांव अर्ठी में एक विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय पहलवानों के अलावा बाहरी राज्यों से आए नामी गिरामी पहलवानों ने भी भाग लेकर दमखम दिखाया। इस मौके पर बड़ी माली और छोटी माली के अलग-अलग मुकाबले हुए, जिसमें बड़ी माली के फाइनल मुकाबले में रोहित दिल्ली ने बबलू यूपी को चित करके लगातार तीसरी बार माली पर कब्जा कायम रखा। वहीं छोटी माली के फाइनल मुकाबले में सुंदरनगर के सिद्धार्थ राव ने बटवाड़ा के भारत भूषण को हराकर जीत हासिल की। इससे पूर्व दंगल का आयोजन पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस आयोजन में उधम सिंह गुलेरिया सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। (अनंत ज्ञान)

# 3 किलोमीटर तक बनेगा एंबुलेंस मार्ग

## हड़सर से लेकर धनछो तक बनाया जाएगा मार्ग, पीडब्ल्यूडी करेगा निर्माण

**ओपी शर्मा, भरमौर**

**हड़सर** से लेकर धनछो तक तीन किलोमीटर शीघ्र ही एंबुलेंस रोड का निर्माण होगा। इस सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग करेगा। इस एंबुलेंस सड़क निर्माण के लिए तमाम औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

सूत्रों के अनुसार सरकार द्वारा सड़क निर्माण के विभाग को आदेश भी दे दिए गए हैं। उत्तर भारत की सुप्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा के दौरान अब यात्रियों को तीन किलोमीटर तक यात्रा और सुगम हो जाएगी। लोक निर्माण विभाग शीघ्र ही हडसर से लेकर धनछो तक 3 किलोमीटर सड़क बनाएगी। इसके लिए बाकायदा विभाग ने अभी से कदमताल शुरू कर दी है।

गौरतलब है पिछले वर्ष मणिमहेश यात्रा के दौरान देश-विदेश से लाखों की तादाद में श्रद्धालु ऐतिहासिक पवित्र स्थल मणिमहेश के लिए आते हैं। पिछले वर्ष भी उम्मीद से अधिक श्रद्धालुओं के आने के चलते रास्ता तंग होने के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा था। यही नहीं यहां पर बाकायदा एक साइड की यात्रा को रोककर श्रद्धालुओं को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाया गया था। जिसके कारण यात्रियों को एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचाने के लिए प्रशासन के भी हाथ पांव फूल गए थे।

लिहाजा आने वाले समय में यात्रा का स्वरूप बदलने के चलते यहां पर रास्ता चौड़ा करने की मांग स्थानीय लोगों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने उठाई थी। यह मुद्दा विधानसभा व लोकसभा तक भी प्रमुखता से उठाया गया था। लिहाजा इसी के चलते सरकार की ओर से इसी वर्ष हडसर से लेकर धनछो तक 3 किलोमीटर एंबुलेंस रास्ता निर्माण को लगभग हरी झंडी दे दी गई है। (अनंत ज्ञान)



**मणिमहेश यात्रा के दौरान यात्रियों को भी मिलेगी सुविधा**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### मणिमहेश में कृष्ण जन्माष्टमी से लेकर राधा अष्टमी तक आते हैं लाखों श्रद्धालु

**गौरतलब** है हर वर्ष मणिमहेश में कृष्ण जन्माष्टमी से लेकर राधा अष्टमी तक देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु यहां पर आते हैं। यह यात्रा उत्तर भारत की सबसे बड़ी धार्मिक यात्रा मानी जाती है। 13 हजार फुट से अधिक ऊंचाई होने के कारण यहां पर हर वर्ष नए रास्ते का निर्माण करना पड़ता है। रास्ता तंग होने के चलते यहां पर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। लिहाजा वर्ष 2024 में उम्मीद से अधिक श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने के कारण यहां पर रास्ते तंग पड़ गए थे। लगभग13 किलोमीटर की यात्रा के दौरान जगह-जगह रास्ता तंग होने के चलते यात्रियों को एक जगह से दूसरी जगह पर पहुंचने के लिए लगता है। लिहाजा बार-बार मांग करने के बाद अब सरकार ने 3 किलोमीटर एंबुलेंस मार्ग बनाने के लिए हरी झंडी दे दी है और विभाग को इसके लिए आदेश भी दे दिए गए हैं।

# पारिवारिक विवाद में पति की संदिग्ध हत्या, पत्नी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** के शांत माने जाने वाले जिले चंबा में वीरवार को एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया। जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। चंबा शहर के मुगला मोहल्ला में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी को मुख्य आरोपी मानते हुए हिरासत में लिया है।

प्राथमिक जांच के आधार पर यह खुलासा हुआ है कि मृतक केवल पुत्र अमर लाल और उनकी पत्नी के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंध थे, और बुधवार रात दोनों के बीच जमकर झगड़ा हुआ था, जो बाद में हिंसक रूप ले गया।

बुधवार रात के झगड़े के बाद वीरवार सुबह आरोपी महिला अपने काम पर चली गई, जबकि मृतक का पुत्र भी कार्य पर निकल गया। पड़ोसियों के अनुसार, सुबह केवल ने पानी मांगा, लेकिन दोपहर बाद जब किसी ने उसका हालचाल नहीं लिया तो शक की स्थिति में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर देखा कि मृतक केवल कमरे में अचेत अवस्था में पड़ा था।

मौके की जांच के दौरान यह भी पाया गया कि मृतक के शरीर पर गहरी चोटों के कई निशान मौजूद थे, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिला कि मौत सामान्य नहीं बल्कि हिंसात्मक झगड़े का परिणाम हो सकती है।

### हत्या का मामला दर्ज

**इस** दिल दहला देने वाली घटना की पुष्टि करते हुए एसपी चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि चंबा थाना में मृतक की पत्नी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। शव को मेडिकल कॉलेज चंबा में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और जांच में यह जानने की कोशिश की जा रही है कि हत्यारे द्वारा किस वस्तु का प्रयोग किया गया और झगड़े के पीछे की वास्तविक वजह क्या रही। पुलिस हर पहलू से गहन जांच कर रही है ताकि इस दुखद घटना के पीछे की सच्चाई जल्द से जल्द सामने लाई जा सके।

# बीआरटीसी क्रिकेट टूर्नामेंट में 30 टीमें दिखा रहीं दमखम

## विजेता टीम को मिलेंगे एक लाख रुपए व एक माह तक चलेगी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**बीआरटीसी** क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 खेल प्रेमियों व युवाओं के बीच उत्साह का केंद्र बन गया है। इस भव्य आयोजन की शुरुआत रविकांत भारद्वाज (लक्की) और उनके भाई चंद्रकांत भारद्वाज (हैप्पी) द्वारा की गई। टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना है।

रविकांत भारद्वाज ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 30 टीमें भाग ले रही हैं व यह टूर्नामेंट लगभग एक महीने तक चलेगा। टूर्नामेंट को व अधिक प्रतिस्पर्धात्मक और प्रेरणादायक बनाने के लिए आयोजकों ने 2.10 लाख के पुरस्कार की घोषणा की है। इसमें विजेता टीम को एक लाख व उपविजेता टीम को 51 हजार मिलेंगे।



# विकास की गति को बनाए रखने के लिए विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक : कुलदीप सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जिला मुख्यालय में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम की एक अत्यंत महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष एवं समिति अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। इस उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ गैर-सरकारी सदस्यों की भी भागीदारी रही। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, मिड-डे मील, पर्यावरण संरक्षण, टीबी और मलेरिया नियंत्रण, लघु सिंचाई योजनाएं, और पेयजल व खाद्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही विकेंद्रीकृत योजना कार्यक्रम, एसडीपी, विधायक क्षेत्रीय विकास निधि और मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को औपचारिक मंजूरी प्रदान की गई। पठानिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास की गति को बनाए रखने के लिए विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा किचंबा आकांक्षी जिलों में शामिल है, और यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने विशेष रूप से लंबित कार्यों को प्राथमिकता देने, उनकी समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने और उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर जमा करवाने पर बल दिया।

### उपायुक्त मुकेश रेपसवाल का आश्वासन

**बैठक** की शुरुआत में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि दिए गए सभी निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी।

# बजंतरी प्रतियोगिता में माता बज्रेश्वरी मंडी का दल रहा प्रथम

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में देवी-देवताओं के देवलुओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया जा रहा है। इसी कड़ी शुक्रवार को मेला के तीसरे दिन बजंतरी और शहनाई वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें मेला में देवी-देवताओं के साथ आए 13 शहनाई वादक और 7 बजंतरी समूहों ने भाग लिया। बजंतरी प्रतियोगिता बल्ह, नाचन और मंडी के दलों के लिए शुक्रवार को आयोजित की गई। इसमें मंडी की माता बज्रेश्वरी का बजंतरी दल पहले स्थान पर रहा है। दूसरे स्थान पर माता नैना बल्ह व तीसरे स्थान पर माता अंबिका का दल रहा। (अनंत ज्ञान)


अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**

**I, Kamini** W/o Sh. Pawan Kumar R/o Sukriah Upper, P.O Jansooh, Sub Teh. Kangoo, Distt. Hamirpur (H.P) declares that I have changed my minor daughter's name from Bandita to Vandita for all purposes in future. Please

**बेदखली सूचना**

**मैं विमला देवी** (61वर्ष) पत्नी श्री रोशन लाल निवासी वार्ड न.5 गांव व डाकघर कबाड़ी, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरा बेटा कुलदीप चन्द मेरे कहने-सुनने से बाहर है अत: मैं अपने बेटे कुलदीप चन्द को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम दुरूस्ती**

**मैं प्रियंका सहगल** (38वर्ष) पत्नी श्री सौरव कुमार तुली निवासी गांव सलेट गोदाम, डाकघर योल कैंट, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरी बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम प्रियंका सहगल के स्थान पर चंदा तथा पिता का नाम सौरव कुमार तुली के स्थान पर सौरव गलत दर्ज हैं। अत: मेरी बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता का नाम दुरूस्त किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।



**व अदालत तहसीलदार पथम श्रेणी एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।**

मिसल न. तह. /2025 (RMS)
ता. दा. 22-03-2025 ता. पेशी 05-05-2025

**अनुमान मुकदमा**

प्रार्थीया श्री मति माया देवी पुत्री वोगा राम निवासी गांव मुंदला डाकघर सुनेहड़ तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा। ...प्रार्थी पक्ष बनाम

**आम जनता**

प्रत्याक्षी पक्ष

विषय: प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) के अन्तर्गत श्रीमति माया देवी की जन्म तिथि 01-07-1960 ग्राम पंचायत मुदला के रिकार्ड में दर्ज करने बारे।

**अखबारी ईस्तहार**- प्रार्थीया श्री मति माया देवी पुत्री वोगा राम निवासी गांव मुंदला डाकघर सुनेहड़ तहसील नगरोटा बगवां जन्म तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनाक 01-07-1960 को ग्राम पंचायत मुंदला में हुआ था परन्तु किसी कारणवश सम्बंधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज न करवा सके। दर्ज करने का आग्रह किया है।

अत: इस अदालती नोटिस अखवारी ईस्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने वारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 5-5-2025 अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्म तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 3-4-2025 को मेरे इस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**ह/-कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.**


### रेगुलर पे स्केल नीति लागू करने की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अनुबंध समिति कर्मचारी संगठन, जिला चंबा के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की और अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहीं आरती परमार, जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अनुबंध कर्मचारी संघ चंबा ने बताया कि प्रदेशभर में लगभग 2500 कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनमें से कई कर्मचारी 20 से 22 वर्षों से लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के लिए कोई स्थायी नीति या रेगुलर पे स्केल प्रणाली लागू नहीं की गई है, जिससे न केवल कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित हो रहा है बल्कि उनके भविष्य को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है।

# किलोड पंचायत को मिली सौगात

## ललित ने किया बतोटू से सेरी कोठी वाया मौआ सड़क का भूमिपूजन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भरमौर** विधानसभा क्षेत्र ,जिला चंबा की ग्राम पंचायत किलोड की वर्षों पुरानी मांग को आज आखिरकार पूरा कर दिखाया गया। ललित ठाकुर के प्रयासों से 'बतोटू से सेरी कोठी वाया मौआ सड़क卐 का भूमिपूजन विधिवत रूप से संपन्न हुआ, जिसे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस सड़क के बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और विकास की नई राहें खुलेंगी। इस अवसर पर ललित ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र की भाग्य रेखाएं होती हैं। इनसे न सिर्फ आवाजाही सुगम होती है बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन और रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।

उन्होंने कहा कि यह कार्य सीएम सुक्खू के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से संभव हो पाया है। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने ललित ठाकुर जी का उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए इस पहल के लिए उनका धन्यवाद किया। यह सड़क परियोजना आने वाले समय में क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सशक्त, युवाओं को रोजगारोन्मुख, और गांवों को शहरों से जोड़ने वाला पुल साबित होगी।



**सूडोकु नवताल- 7391** ★★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल -7390 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

5 अप्रैल, 2025, शनिवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** अष्टमी (07:29): **नक्षत्र** पुनर्वसु (05:33), **पक्ष:** शुक्ल, **योग** : अतिगंड **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:59-12-49), **राहुकाल** (09:15-10:49)।

**विशेष दिन**

▶▶ 05 अप्रैल 2025: अशोकाष्टमी आज।
▶▶ 5 अप्रैल 2025: दुर्गाष्टमी आज।

**मेष:** समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता है। अपने बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा।

**वृषभ:** जो लोग दूसरे के लिए मांगते है, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से अपने संबंध तोड़ने से बचें।

**मिथुन:** जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था, आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें।

**कर्क:** अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पडोसियों की मदद करनी पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन नाखुश होंगे।

**सिंह:** किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मनमुटाव होगा।

**कन्या:** सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे। प्रेम-प्रसंग के चलते मन उदास रहेगा।

**तुला:** आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आय परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे। मांगलिक समारोह में सक्रिय भूमिका रहेगी।

**वृश्चिक:** अपने हिसाब से जिंदगी जिना पसंद रहेंगे। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आपका विरोध करेंगे। भवन भूमि के विवादों का अंत होगा।

**धनु:** समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा।

**मकर:** व्यस्ता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपकी दोनों की वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें। वाणी में मधुर रहें।

**कुंभ:** सेहत को नजरअंदाज न करें। आनावाश्यक किसी को परेशान करना अच्छी बात नहीं है। मेहमानों की खातिरदारी करना पड़ेगी।

**मीन:** जल्दबाजी में किये फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

# बदार और पंडोह को जोड़ने के लिए 23 .65 करोड़ रुपए से बनेगा पुल

**अनंत ज्ञान, पधर**

बरसात के दौरान हुए भारी नुकसान के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश को बड़ी राहत देते हुए पुलों के निर्माण के लिए 140 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। इसी कड़ी में द्रंग क्षेत्र को भी बड़ी सौगात मिली है। बदार और पंडोह को जोड़ने के लिए 23.65 करोड़ की लागत से एक पुल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। यह जानकारी दरंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने पधर में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री ने भी बेली ब्रिज के शीघ्र निर्माण का आश्वासन दिया था, लेकिन प्रदेश सरकार इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठा पाई है। पूर्ण चंद ठाकुर ने पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि वे भी अपनी सभाओं में लगातार करोड़ों रुपये की घोषणाएं करते आ रहे हैं, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं हो पा रहा है।

# जनता की हर समस्या को हल करना मेरी जिम्मेदारी : नीरज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**शुक्रवार** का दिन जनसेवा और जनसंवाद के नाम रहा, जब सदर विधायक चंबा नीरज नैयर अपने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याएं न केवल गंभीरता से सुनीं, बल्कि उन्हें समाधान की दिशा में ठोस और व्यावहारिक आश्वासन भी दिया। यह दिन एक बार फिर यह प्रमाणित कर गया कि जब जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहकर कार्य करता है, तो विश्वास की डोर और भी मजबूत होती है। विधायक नीरज नैयर के शब्द, 'आपका विश्वास मेरी शक्ति है और आपकी हर परेशानी का हल निकालना मेरी जिम्मेदारी' केवल एक वादा नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रतिबद्धता हैं, जिन्हें जनसंवाद के माध्यम से लगातार साकार किया जा रहा है। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और उन्होंने सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, युवाओं के लिए रोजगार, तथा महिला सशक्तिकरण जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। विधायक ने इन समस्याओं को गहनता से सुनते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए। यह संवाद केवल शिकायतों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विकास की साझी रणनीतियों पर भी चर्चा हुई।




**QUOTATION**

**Gram Panchayat Gadiara**
**Block Baijanth, District Kangra H.P.**

The sealed quotations are hereby invited for Financial Year 2025-26 to supply the following materials/items in the office of Gram Panchayat Gadiara of Development Block Baijanth, District Kangra H.P.

| Sr. No. | Particular | Unit | Rate In Figures | Rate In Words |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Crushed Sand | Cft. | | |
| 2 | Local Sand | Cft | | |
| 3 | Crushed Aggregate 10mm, 20mm | Cft. | | |
| 4 | Crushed Aggregate 40mm | Cft. | | |
| 5 | Brick 1st class | Number | | |
| 6 | Brick 2nd class | Number | | |
| 7 | Soling Stone | Cum | | |
| 8 | cut stone (6 inch) | no. | | |
| 9 | Cut Stone (8 inch) | No. | | |
| 10 | Cutting/Excavation by JCB Machine (Hydraulic excavator) | Hour | | |
| 11 | Hire charges of Steel Shuttering | Sqm | | |
| 12 | Hire Charge of wooden Shuttering | Sqm | | |
| 13 | Interlocking Concrete paver 40mm (ISI) | Sqm | | |
| 14 | Interlocking Concrete paver 80mm (ISI) | Sqm | | |
| 15 | Cement Carriage & Loading, Unloading from civil supply to Panchayat | per unit | | |
| 16 | Aggrigate 60mm | Cft | | |
| 17 | Aggrigate 90mm | cft | | |
| 18 | Interlocking Concrete paver 60mm (ISI) | Sqm | | |
| 19 | Carriage of material from road side to work side by mules | Cft | | |
| 20 | Sing Board with writing | No. | | |

The interested firms/contractors are requested to submit their sealed quotations for supply of above mentioned materials/items through registered post or in person on a before 10 April, 2025 up to 03:00PM in the office of concerned Gram Panchayats. The quotations will be open on dated 11 April, 2025 at 12:00 PM in the presence of participants or their representatives before purchase committee of concerned Gram Panchayat.

**Terms and Conditions:- 1.**Conditional quotation will not be accepted. **2.** The firm/Vendor must have GST Number. **3.** Rates quoted should include GST and all other charges. **4.** 100 % payment will be made through PFMS and RTGS to firms/Contractors. **5.** The rates should be F.O.R. nearest to the work site of concerned Gram Panchayat. **6.** Firms/ Vendor are required to quote their rates clearly in words and figures. **7.** Rates from contractors/Firms should be received in Performa issued by concerned GP. **8.** Firms/Vendor who are applying as a vendor will have to Pledge the Fixed Deposit of Rs.25000/- (Twenty five Thousands only) as security money in the respective gram Panchayat and those vendor whose quotation accepted, whose security money will be kept as a earnest money and those vendor whose quotation rejected their security money will be re-funded. If Firms/vendor whose quotation approved fails to fulfill the terms and conditions of the agreement, his agreement would be liable to be cancelled and his security money stand forfeited. **9.** Firm/Vendor will have to deposit Rs.1000/-(Rs. One Thousands only) towards the stationary expenses who are applying for vendor and this amount is non refundable. **10.** The quotations which do not follow terms and conditions will be rejected. **11.** All quotations should be submitted in the office of concerned Gram Panchayat. **12.** As per Panchayat Raj Act Rule 1997 under section 137 of Himachal Pardesh no office bearer of Panchayat (Paradhan, Up-Pardhans, Ward Members or any other Person in his/her blood relation cannot be vendor in same Gram Panchayat.

**Gram Panchayat Gadiara**

जब हम विनम्रता में महान होते हैं, तब हम महानता के सबसे करीब होते हैं। -रबींद्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

# सांप्रदायिक सौहार्द

अब जबकि संसद में वक्फ संशोधन बिल पास हो गया है, तो देशभर में इस बिल के खिलाफ कई मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक दलों ने विरोध दर्ज करवाना शुरू कर दिया है। बिल के खिलाफ आठ राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इससे सांप्रदायिक हिंसा तो नहीं भड़क जाएगी? वक्फ संपत्तियां, जो कि मुसलमानों की धार्मिक और सामाजिक कल्याण के लिए होती हैं, पर सरकार का नियंत्रण बढ़ाने के उद्देश्य से यह बिल प्रस्तुत किया गया था। इस बिल के माध्यम से वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को और अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, इसमें वक्फ बोर्डों को मजबूत करने और वक्फ संपत्तियों के सही उपयोग को सुनिश्चि करने के लिए कई प्रावधान हैं। विरोध करने वाले लोगों का कहना है कि यह बिल वक्फ बोर्डों की स्वायत्तता को खत्म करता है और सरकार का नियंत्रण बढ़ा देता है। उनका तर्क है कि इससे मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप होगा और वक्फ संपत्तियों का सही तरीके से उपयोग नहीं हो पाएगा। इसके अलावा, कुछ का यह भी कहना है कि इस बिल के जरिए सरकार धार्मिक मामलों में दखलअंदाजी करना चाहती है। यह चिंताजनक है कि जब किसी मसले पर समाज के एक हिस्से के लोग विरोध करते हैं, तो कभी-कभी उसे सांप्रदायिक रूप भी दिया जा सकता है। खासकर जब यह मामला धर्म से जुड़ा हो, तो कुछ तत्व इसका राजनीतिक और सांप्रदायिक इस्तेमाल कर सकते हैं।

आशंका इस बात की है कि यदि इस मुद्दे को समय रहते सही तरीके से न संभाला गया तो यह सांप्रदायिक हिंसा का कारण बन सकता है। मुस्लिम समुदाय के कुछ इलाके इस बिल को एक धार्मिक हस्तक्षेप मानते हैं और अगर उनके इन आस्थाओं को नजरअंदाज किया गया या नकारा गया, तो यह उनके गुस्से और असंतोष को बढ़ा सकता है। ऐसे में सवाल उठता है कि देश में इस मसले को शांत कैसे किया जाए? इस मसले को शांत करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे तनाव को कम किया जा सके और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखा जा सके। किसी भी मसले का सबसे बेहतर हल संवाद और बातचीत ही होता है। यहां तक कि दो देशों में पनपी दुश्मनी भी संवाद के जरिए खत्म की जा सकती है। कई बार तो युद्ध तक खत्म हो सकते हैं। और ये तो देश का आंतरिक मामला है। सरकार इस मसले को अच्छे से हल कर सकती है। सरकार को मुस्लिम समुदाय के नेताओं और वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधियों से खुलकर बातचीत करनी चाहिए। उनके सवालों और चिंताओं का समाधान करना आवश्यक है।

जब किसी समुदाय को लगता है कि उनकी आवाज सुनी जा रही है, तो वे खुद को कम असुरक्षित महसूस करते हैं और संघर्ष की संभावना बनी रहती है। मुस्लिम समुदाय की विरोध की वजहों को समझना भी जरूरी है, क्योंकि वक्फ बिल के खिलाफ विरोध केवल संपत्ति या नियंत्रण को लेकर नहीं है, बल्कि यह धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं से जुड़ा हुआ है। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह इस मामले में संवेदनशील रहे और मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता और स्वायत्तता को बनाए रखने के उपाय खोजे। वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब लोगों को यह यकीन हो जाएगा कि वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग हो रहा है और उनकी संपत्तियों का प्रशासन न केवल सरकार, बल्कि समुदाय के हित में भी हो रहा है, तो विरोध की स्थिति काफी हद तक कम हो सकती है। इस मुद्दे के दौरान, सरकार को सभी समुदायों के बीच एकजुटता और सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए।


किसी भी स्थिति में हिंसा का रास्ता सही नहीं होता है। सभी समुदायों को यह समझने की जरूरत है कि अगर समाज में सांप्रदायिक सौहार्द है तो समाज की प्रगति और समृद्धि में भी वृद्धि होगी। राजनीतिक दलों को इस मामले में धैर्य और समझदारी से काम लेना चाहिए। किसी भी मामले को केवल राजनीतिक फायदे के दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिए, क्योंकि इससे समाज में विभाजन की स्थिति बन सकती है। आत्मनिरीक्षण और संवेदनशीलता दिखाना भी श्रेयस्कर होता है। समाज के हर वर्ग को यह समझना चाहिए कि किसी भी मुद्दे को बिना समझे और बिना एक-दूसरे का सम्मान किए बढ़ाना, अंतत: सामूहिक शांति को खतरे में डाल सकता है। हमें किसी भी विचारधारा के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखनी चाहिए और यह समझना चाहिए कि हर पक्ष का दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है।

बेशक वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विरोध करना एक लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन यदि इस मसले को सांप्रदायिक रूप से उठाया गया और गलत दिशा में बढ़ाया गया तो यह पूरे समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यह ऐसा संकट भरा समय है जब सभी पक्षों को एक साथ बैठकर बातचीत करनी चाहिए, मुद्दे का सही समाधान तलाशना चाहिए और किसी भी प्रकार की हिंसा से बचना चाहिए। इस तरह, हम एक मजबूत और शांतिपूर्ण समाज की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### लोकप्रिय कवि,संपादक और मुख्य ब्लॉग विश्लेषक

**रवींद्र** प्रभात अंतर्जाल पर सक्रिय लेखकों में अग्रणी और चर्चित हैं। वह हिंदी कवि, कथाकार, उपन्यासकार, व्यंग्यकार, स्तंभकार, संपादक और ब्लॉग विश्लेषक हैं। उन्होंने लगभग सभी साहित्यिक विधाओं में लेखन किया है। व्यंग्य और गजल में रवींद्र प्रभात की प्रमुख उपलब्धियां हैं। सन 1991 में प्रकाशित अपने पहले गजल संग्रह 'हमसफर' से पहली बार वे चर्चा में आए थे। रवींद्र प्रभात का जन्म महींद्वारा गांव, सीतामढ़ी जनपद, बिहार के एक मध्यमवर्गीय ब्राह्मण परिवार में हुआ। इनका मूल नाम रवींद्र कुमार चौबे है। इनके अब तक 2 उपन्यास, एक काव्य संग्रह, दो गजल संग्रह, दो संपादित पुस्तक और एक ब्लॉगिंग का इतिहास प्रकाशित है। उनका बचपन गांव में बीता और वहीं रहकर उन्होंने प्राथमिक शिक्षा बेला परिहार के राजकीय प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त की। उन्होंने बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय बिहार से भूगोल में उच्च शिक्षा प्राप्त की है। इसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश के राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद से मास्टर ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन का अध्ययन किया। विश्व के एक बड़े व्यावसायिक समूह सहारा इंडिया परिवार, लखनऊ में ये प्रशासनिक पद पर कार्यरत हैं। संवाद सम्मान-2009, सृजनश्री सम्मान-2011, हिंदी साहित्यश्री सम्मान-2011, बाबा नागार्जुन जन्मशती कथा सम्मान-2012, प्रबलेस चिट्ठाकारिता शिखर सम्मान-2012 आदि। ■



रवींद्र प्रभात
जन्म : 5 अप्रैल, 1969



कविता

### मावअ

*रवि कुमार, मैहरी काथला (बिलासपुर)*

*मावअ ममता री कामधेणु,*
*कने पयारा री गागर।*
*इस गागरा रे पाणिये च,*
*लोको बेहंदे करोड़ा सागर।*
*मावअ पैहला गुरु अणमोल,*
*रिश्ते रा दुनिया च अणचुक मोल।*
*जन्म दित्या, पालया पोसया,*
*घरा च गंगासागर नवाअया।*
*फाके रहाणे संताण जो,*
*छप्पन भोग खिलाया ।*
*मावआं री गोद हुंदी ठंडी छांव,*
*दुणिया च अमर तुसारा नांव।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मिडल क्लास दुर्गति का नया क्लास बन रहा है भारत में

भारत की आजादी के 75 साल पूरे हो गए हैं। हम सब भारतीय इतने उत्साहित होकर आजादी का जश्न मना रहे थे। भांति-भांति प्रकार के अलकारी शब्दों की शब्दावली से खुद का गुणगान कर रहे थे। आजादी जैसे मिली कैसे मिली इस पर भी बात लोग बोल रहे थे। भीख में मिली आजादी लीज पर मिली आजादी कोई कहे असली आजादी 2014 में मिली कोई महान भारत के महान संगठन के प्रमुख तो यहां तक कह गए आजादी तो देश को 2022 को 21 जनवरी को मिली, जब अयोध्या में रामलला विराजमान हुए। खैर सबके अपने-अपने विचार थे।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

सबके अपने-अपने राम है। मिडल क्लास का राम कुछ और तरह के और धनवानों के राम और तो राज सत्ता के राम अलग तरह के राम है। जितने विचार है देश में उतने हमारे राम है, परंतु इन विचारों का सत्ता के शीर्ष पर बैठे देश के नए राजा ने कभी विरोध नहीं किया या यह नहीं कहा कि आजादी की असली तारीख कौन सी है। अगर तारीख पर विवाद है तो फिर यह हम सब 75वीं वर्ष गांठ आजादी की क्यों मना रहे हैं। यह भारत का मिडल क्लास या मृतक क्लास जो है देश में यह क्यों नहीं पूछता है सत्ता से कि हम सब कौन सी आजादी का जश्न मनाए।

मिडल क्लास आज ऐसी स्थिति में पहुंच गया है, जहां उसे चाहिए सब कुछ पर मिल कुछ नहीं रहा है । वह तो अब ढंग से बिस्कुट भी खरीदने की औकात में नहीं है हां बिस्कुट के वजन कम कर दिया छोटा कर दिया, जिससे मृतक क्लास यह कह सके कि हम भी इलिट क्लास की तरह बिस्कुट खाते हैं। नौकरी में सुबह जाता है पर शाम तक डरा ही रहता है। शहरों महानगरों के जाम से वह जब जूझता हुआ घर आता है। तब उसके चेहरे पर घर आने की खुशी नहीं होती है। वह हर रोज डर कर नौकरी पर जाता है। निजी कंपनियों में कहीं शाम को घर जाते समय मेरा हिसाब न कर दिया जाए कि कल से आपकी जरूरत नहीं है। वह भीड़ में भाग दौड़ करता रहता है।



जाम में सड़क से लड़ता हुआ थका हारा रेंगता हुआ घर पहुंचता है। पर इतना थका हारा होता है कि रात सो जाता सुबह दौड़ जाता है। उसके शहर में कब क्या हो रहा है। मिडल क्लास को पता नहीं चल पा रहा है। कहा मस्जिद में मंदिर मिला है। कहा लोग ढोल लेकर सड़क पर हनुमान चालीसा का पाठ किसी मस्जिद के सामने कर रहे हैं। वह तो बस अपनी नौकरी और रोटी के लिए दौड़ रहा है। जहां उसको पहुंचना चाहिए, वहां नहीं पहुंच पा रहा है। देश में नई सियासत शुरू हुई संभल में मंदिर खोजने लगे मस्जिद में फिर वहां से मृतक मिडल क्लास के बेरोजगार युवा बाराबंकी में पहुंच गए। सलार गाजी की कब्र पर सालाना लगने वाले मेले को रोकने के लिए सलार गाजी एक मुस्लिम योद्धा था। जो युद्ध में हार गया और बाराबंकी में दफन हो गया।

कब पीर बन गया यह भी नहीं पता पर उसकी दरगाह पर मेला लगता है। उसके नाम पर रामपुर मुरादा बाद में भी मेला लगने लगा। नव हिंदू वादी बहुत तेजी से उसके मेले का विरोध शुरू कर दिया हर तरफ से राजनीति शुरू हो गई, बयान दर बयान चल रहा था कि महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र सामने आ गई और राजनीति के नए हिंदू सब बाराबंकी के सलार गाजी को भूलकर औरंगजेब की कब्र पर चढ़ने लगे। मिडल क्लास के लोग कहने लगे औरंगजेब की कब्र हटा दी जाए, यहां तक नेताओं के बयान आने लगे और सब एक सुर में कहने लगे, मुस्लिम आक्रांताओं का महिमामंडन नहीं होगा और हर आक्रांत की हर निशानी मिटानी होगी। पर कभी किसी ने नहीं कहा कि अब लाल किले से भारत की आजादी का झंडा नहीं फहराया जाएगा। तभी हम सुरक्षित होंगे। इसके बाद तो कब्र में सोया औरंगजेब भी परेशान हैरान की भारत की जमीन पर आज भी लोग कब्र खोज रहे हैं। जब कि चीन अमेरिका आदि देश (एआई) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कैंसर की दवा खोज रहे हैं। खैर वह अपनी कब्र में अभी आराम से है। यह चल ही रहा था राणा सांगा भी आ गए। अब तो हमारे सभी महाराजा के समर्थक भी सड़क पर कि हमारे राजा महान तुम्हारे राजा से अब देश में भांति-भांति के महाराजा आ गए है, कुछ महाराजा की मूर्तियां लगने, लगी मंदिर बनाने लगे और तो और जाति-जाति के महाराजा आए है।

हर लोग अपने महाराजा को महान बताने में लग गए हैं। वीर कोई बता रहा है तो कोई दूसरे के महाराजा को शैतान बता रहा है। होड़ मची है किसका महाराजा कितना महान था। किसा नहीं था। अब नई लड़ाई शुरू हो गई, हर जाति के लोग अपनी जाति के लोगों को महान बताने में लग गए हैं।

देश के सबसे अमीर व्यापारियों का सोलह लाख करोड़ बैंक का लोन सरकार ने माफ कर दिया है। उसकी भरपाई मिडल क्लास पर बैंकों का शुल्क और ब्याज दर बढ़ाकर पूरा किया जा रहा है। यह भी एक नायाब तरीका सरकार का कि मिडल क्लास को केवल धर्म में मंदिर में उलझा कर महंगाई बढ़ा दो नौकरी सरकारी समाप्त कर दो। जब भी अपने हक की बात करेंगे, तो कहो हिंदू खतरे में है, एक नया मंदिर का कारिडोर बनाने की घोषणा करे, सब मिडल क्लास ताली थाली बजाने लगेंगे, नौकरी भूल जाएंगे। महंगाई को भूलकर हर समय हिंदू खतरे में है। आफिस चाय की दुकान चौराहों पर बस यही बोलता चिल्लाता नजर आएगा। कहीं भी देख ले न महंगाई की बात, न रोजगार की बात, न देश में बढ़ते बलात्कार की बात बस मिडल क्लास यही कहता है कि हिंदू खतरे में है, जिसकी देश में हिंदू प्रधानमंत्री, हिंदू गृह मंत्री, हिंदू राष्ट्रपति फिर भी खतरे में है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# समय रहते किया गया प्रयास ही असली बचाव होता है

चार अप्रैल 1905 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में आए भूकंप ने अपार विनाश किया था। इस त्रासदी में हजारों लोगों की जान चली गई और शहरों तथा गांवों की बड़ी संख्या मलबे में तब्दील हो गई। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.8 मापी गई थी, जिसने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया। कांगड़ा, धर्मशाला और आसपास के इलाकों में भारी तबाही हुई, कई ऐतिहासिक मंदिर और इमारतें ध्वस्त हो गईं।



लेखक : सिकंदर बंसल
शिक्षाविद्, रामपुर बुशैहर

उस समय न तो आधुनिक आपदा प्रबंधन प्रणाली थी और न ही वैज्ञानिक तरीकों से किसी प्रकार की पूर्व चेतावनी दी जा सकती थी, जिससे हानि को रोका जा सके। हिमाचल प्रदेश एक भौगोलिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र है, जहां भूकंप के अलावा अन्य प्राकृतिक आपदाएं भी बार-बार आती हैं। यहां बादल फटने, भू-स्खलन, बाढ़, जंगल की आग और हिमस्खलन जैसी आपदाएं आम हैं। 2013 में उत्तराखंड में आई विनाशकारी बाढ़ का असर हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों पर भी पड़ा था।

2023 में भारी बारिश के कारण राज्य में भू-स्खलन और बाढ़ से लगभग 400 लोगों की मौत हुई और हजारों घर प्रभावित हुए। 2021 में किन्नौर जिले में भू-स्खलन की एक बड़ी घटना में कई लोगों की जान गई थी। हिमस्खलन की घटनाएं विशेष रूप से लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिलों में देखी जाती हैं, जहां हर साल कुछ लोगों की जान चली जाती है। आज के समय में आपदा प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों और रणनीतियों की मदद से ऐसे विनाशकारी प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सरकार और विभिन्न एजेंसियां अब भूकंपरोधी इमारतों के निर्माण, आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं, और भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली पर कार्य कर रही हैं। 'समय पर सावधानी बरतना ही समझदारी है,' इसलिए जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। आपदा प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य जनहानि और संपत्ति की हानि को न्यूनतम करना है। इसके लिए आवश्यक है कि लोगों को भूकंप से बचाव और सही प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक किया जाए। स्कूलों, सरकारी संस्थानों और स्थानीय निकायों के माध्यम से भूकंप से बचने के उपायों के बारे में शिक्षित किया जा सकता है। नियमित रूप से भूकंप सुरक्षा अभ्यास (ड्रिल) आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि लोग आपात स्थिति में घबराने के बजाय सही निर्णय ले सकें। 'अकाल मृत्यु से बचने के लिए सतर्कता ही सबसे बड़ी ढाल है।' इसके अतिरिक्त, भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना अनिवार्य होना चाहिए।



सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण कार्य भूकंपरोधी तकनीकों के अनुसार हों। नई तकनीकों, जैसे कि अर्ली वार्निंग सिस्टम और भूकंप पूर्वानुमान तकनीक का विस्तार कर, आपदा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

'बचाव ही सबसे बड़ी समझदारी है,' इसलिए हमें पहले से तैयारी रखनी चाहिए। पंचायत स्तर पर आपदा से निपटने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। राज्य में भूकंप और अन्य आपदाओं के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। हिमाचल प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों में आपदा प्रबंधन शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है, ताकि युवा पीढ़ी को इस विषय पर संवेदनशील बनाया जा सके। आधुनिकता में घरों का निर्माण अधिक हो गया है। भूमि पर अत्यधिक भार पड़ रहा है, जिससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। 'जितनी चादर उतने ही पैर फैलाने चाहिए,' लेकिन अनियंत्रित शहरीकरण के कारण जमीन पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। यह न केवल आपदाओं की तीव्रता को बढ़ा सकता है, बल्कि भविष्य में और अधिक गंभीर संकटों को जन्म दे सकता है। आज जब जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं बढ़ रही हैं, तब हमें सतर्क रहने और जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। 'समय रहते किया गया प्रयास ही असली बचाव होता है,' इसलिए हमें तैयारी और सावधानी से काम लेना चाहिए। कांगड़ा जैसी त्रासदी हमें सिखाती है कि समय रहते यदि उचित कदम उठाए जाएं, तो जान-माल की हानि को रोका जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**देश** व प्रदेश का कोई भी परिवार नहीं चाहेगा कि हमारा बच्चा नशे से ग्रसित हो और नशा बेचने वाली गतिविधियों में संलिप्त हो। तो हम यह कैसे मान सकते हैं कि उनके परिवारों को इस मानसिक प्रताड़ना के साथ-साथ उनको सरकारी योजनाओं से वंचित कर देंगे और साथ में उनका सामाजिक व आर्थिक बहिष्कार कर देंगे। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हम यह भी नहीं कह सकते हैं कि देश व प्रदेश के सभी परिवार इसमें संलिप्त नहीं हैं, कुछ संस्थाएं अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के चक्कर में आए दिन समाचार पत्रों में खबर लगवा देती हैं कि यदि कोई भी ऐसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो हम ऐसे परिवारों के सदस्यों को सभी सुविधाओं से वंचित कर देंगे। क्या हमने सोचा है कि जो परिवार पहले ही अपने परिवार के सदस्य के बर्बाद होने का दंश झेल रहा हो, वो सामाजिक व आर्थिक बहिष्कार को भी झेल पाएगा? **अनु, कांगड़ा**

# 'आतिशी चक्र' संगठन के योजनाकार पंडित इंद्रपाल

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास त्याग, तप, समर्पण, सतत संघर्ष व बलिदान का इतिहास है। भारत माता के क्रांतिकारीवीर सपूतों ने मां भारती की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व हंसते-हंसते बलिदान कर दिया। वीर शिरोमणि क्रांतिकारियों की एक लंबी श्रृंखला है, जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत को नाकों चने चबाए हैं। इसी श्रृंखला में हिमाचल प्रदेश के क्रांतिकारी इंद्रपाल भी अपना विशेष स्थान रखते हैं। सरदार भगत सिंह, यशपाल, चंद्रशेखर आजाद, रूपचंद, भगवती चरण बोहरा, लेखराम जाट, बुढ़केश्वर दत्त, हंसराज वायरलेस,भीम सेन, सेवा राम, मास्टर कुंदन, लाला कुंदन लाल, देअंत राय, गुलाब सिंह, अमरीक सिंह, जहांगीरी लाल, हरनाम सिंह, जयप्रकाश, धर्मपाल, महाराज कृष्ण, नत्थू राम, कुलबीर सिंह उनके क्रांतिकारी साथी थे।



लेखक :डॉ. राकेश कुमार शर्मा
सरदार पटेल विवि, मंडी

हिमाचल प्रदेश के नादौन के सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी इंद्रपाल का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व भारत की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद है। स्वतंत्रता सेनानी इंद्रपाल की भूमिका अंग्रेज अफसरों के अंदर दहशत पैदा करना, बम निर्माण की सिद्धता, बम विस्फोट करने तथा छदम् वेश में क्रांतिकारियों के संदेश और बड़े विस्फोटों में रही है। जिला हमीरपुर के नादौन कस्बे में जन्में क्रांतिकारी इंद्रपाल की भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका रही । उनका जन्म 5 अप्रैल, 1905 को पंडित हरिराम व माता रमादेवी के घर हुआ। इंद्रपाल चार भाइयों में सबसे बड़े थे। इंद्रपाल का बचपन का नाम मंगतराम था, जिन्हें प्यार से सभी मंगतू कहकर पुकारते थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नादौन में हुई और मिडल कक्षा की पढ़ाई कांगड़ा जिले के देहरा गोपीपुर से पूर्ण हुई। मंगतराम बचपन से कुशाग्र बुद्धि के थे, इसलिए कांगड़ा जिला के मेधावी छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति का लाभ उन्हें भी मिला। यह छात्रवृत्ति केवल चार छात्रों को ही मिला करती थी। पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए, उन्होंने आठवीं कक्षा पास करने के उपरांत ही अध्यापन कार्य करना प्रारंभ कर दिया था।

अपने छोटे से अध्यापन काल में उन्होंने बणी बग्गी तथा चौकी मन्यारा के स्कूल में पढ़ाया। कुछ समय के उपरांत इंद्रपाल ने अध्यापक की नौकरी छोड़ दी और चार-पांच वर्षों के एकांतवासी जीवन के बाद वे लाहौर चले गए। लाहौर में उनका संपर्क मास्टर नंदलाल कातिब से हुआ। मास्टर नंद लाल ने इंद्रपाल को कातिबी (संपादक) का काम सिखाया और वे उनके प्रिय शिष्य बन गए। इंद्रपाल समाचार पत्रों में कातिब का कार्य करने लगे। उस समय क्रांतिकारी परमानंद के संरक्षण में लाहौर से 'हिंदू संगठन' साप्ताहिक पत्र उर्दू में प्रकाशित होता था, जिसके संपादक कृष्णदास भल्ला थे। इंद्रपाल ने इसमें कातिब का कार्य शुरू किया। कुछ समय बाद वे रावलपिंडी आ गए व वहां पर सनातन धर्म सभा द्वारा प्रकाशित साप्ताहिक सुदर्शन चक्र में संपादक की नौकरी कर ली। कुछ वर्षों तक रावलपिंडी में कार्य करने के उपरांत वे पुन: लाहौर आ गए व सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के उर्दू दैनिक 'भीष्म' में नौकरी करने लगे। लाहौर में रहते हुए इंद्रपाल का संपर्क 'नौजवान भारत सभा' के क्रांतिकारियों से हुआ। इंद्रपाल चंद्रशेखर आजाद व सरदार भगत सिंह द्वारा स्थापित "हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक आर्मी' से जुड़े। इंद्रपाल ने इस दौरान मंजिल-ए-आज़ादी नामक पुस्तक लिखी।



क्रांतिकारी इंद्रपाल की जयंती पर विशेष

जब क्रांतिकारियों ने वायसराय लॉर्ड इरविन की गाड़ी को उड़ाने की योजना बनाई इसका दायित्व इंद्रपाल को सौंपा गया, क्योंकि वे बम बनाने के कार्य में सिद्धहस्त हो गए थे। बम फेंकने की तैयारी का कार्य इंद्रपाल को सौंपा गया। क्रांतिकारियों को सूचना मिली कि 24 अक्तूबर, 1929 को वायसराय की गाड़ी के नीचे विस्फोट करने का निर्णय किया गया। जिसे बाद में स्थगित करना पढ़ा। अब वे कुछ समय बाद वे लाहौर आ गए। क्रांतिकारियों को सूचना मिली कि वायसराय 23 दिसंबर, 1928 को दिल्ली में गांधी से भेंट करने के लिए कोल्हापुर से दिल्ली लौट रहे हैं। इस कार्य के लिए इंद्रपाल दिल्ली पहुंच गए।

वायसराय की गाड़ी को बम से उड़ाने का दायित्व इंद्रपाल, यशपाल व भगवती चरण को सौंपा गया। तीनों ने बम विस्फोट की तैयारियां समय पर पूर्ण कर लीं। जैसे ही वायसराय की गाड़ी मथुरा से दिल्ली की ओर आई तो गहरे कोहरे व धुंध के कारण कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। क्रांतिकारियों ने अनुमान के आधार पर बम फेंक दिया। धमाका वायसराय की स्पैशल गाड़ी के खाना बनाने के डिब्बे के नीचे हुआ। वायसराय व उनका सचिव उससे अगले डिब्बे में थे। वे बच गए व धुंध का लाभ उठाते हुए क्रांतिकारी वहां से भागने में सफल हो गए। इंद्रपाल दिल्ली से वापस लाहौर आ गए। हिमाचल प्रदेश के नादौन के सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी इंद्रपाल का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व भारत की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद है। इंद्रपाल द्वारा देश की आजादी के लिए किए गए, महत्वपूर्ण कार्यों को अमर बनाने के उद्देश्य से नादौन में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हर मानव को चाहिए कि वह अपने भीतर के राम को पहचाने

रामायण न केवल एक ऐतिहासिक ग्रंथ है, बल्कि यह हमारे भीतर चलने वाली आध्यात्मिक यात्रा का भी प्रतीक है। इसके सभी पात्र और घटना हमारे जीवन के किसी न किसी पहलु को दर्शाते हैं। राम का अर्थ प्रकाश, दिव्यता और आत्मा से है।



लेखक : श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

यह हमारे भीतर की चेतना है, जो हमें सही मार्ग पर ले जाती है। जब भीतर का प्रकाश जागृत होता है, तब सच्चे अर्थों में राम हमारे भीतर जन्म लेते हैं। दशरथ का अर्थ 'दस रथ' अर्थात् दस इंद्रियां-पांच ज्ञानेंद्रियां (आंख, कान, नाक, जीभ, त्वचा) और पांच कर्मेंद्रियां (हाथ, पैर, मुंह, गुदा, जननेंद्रिय) हैं। जब ये इंद्रियां संतुलित होती हैं और कुशलता (कौशल्या) से जुड़ती हैं, तब आत्मा रूपी श्रीराम का जन्म होता है। यह दर्शाता है कि जब हम अपने इंद्रियों को नियंत्रित करते हैं और कुशलता से कार्य करते हैं, तब हमारे भीतर दिव्यता प्रकट होती है।

लक्ष्मण जागरूकता का प्रतीक हैं, जो आत्मा के साथ हमेशा रहती है। भरत चमक और प्रतिभा को दर्शाते हैं, जो हमारे भीतर की सकारात्मक ऊर्जा है। शत्रुघ्न का अर्थ 'शत्रु का नाश करने वाला' होता है। जब भीतर शत्रु उत्पन्न ही नहीं होते, तो हमें उनसे लड़ने की आवश्यकता ही नहीं होती।



यह दर्शाता है कि आत्मा जब जागृत होती है, तो सभी नकारात्मक भाव समाप्त हो जाते हैं। अयोध्या हमारे शरीर का प्रतीक है, जो वध करने लायक नहीं है। हमारा शरीर एक मंदिर है, जिसमें आत्मा रूपी राम का वास होता है। जब हमारा मन और आत्मा संतुलन में होते हैं, तब हम सच्चे अर्थों में अयोध्या में निवास करते हैं। सीता मन का प्रतीक हैं।

जब मन लोभ और मोह के वशीभूत हो जाता है, तब अहंकार रूपी रावण उसे हरण कर लेता है। यही कारण है कि जब हम अपने मन को विषय-वासना और अहंकार में उलझा देते हैं, तो हमारा जीवन असंतुलित हो जाता है। हनुमान प्राण-शक्ति के प्रतीक हैं। जब आत्मा और मन अलग हो जाते हैं, तब प्राण-शक्ति (हनुमान) ही उन्हें पुन: जोड़ने का कार्य करती है। इसलिए हनुमान को भक्ति और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। जब हम अपने भीतर की ऊर्जा को सही दिशा में लगाते हैं, तब हमारी आत्मा और मन का मिलन संभव होता है।

यह पूरी कथा हमारे भीतर निरंतर घटित होती रहती है। जब हमारा मन लोभ में फंसकर भटक जाता है, तब अहंकार रूपी रावण उसे हर लेता है, लेकिन जब हम अपनी प्राण-शक्ति को जागृत करते हैं और आत्मा की ओर बढ़ते हैं, तब हमारा मन पुन: शुद्ध होकर अपने वास्तविक स्थान (अयोध्या) में लौट आता है। रामायण केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि हमारे भीतर की आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिबिंब है। आत्मा (राम), जागरूकता (लक्ष्मण), ऊर्जा (भरत), और मानसिक शांति (शत्रुघ्न) जब संतुलन में होते हैं, तभी जीवन में सच्चा आनंद संभव होता है। तभी वास्तविक रूप से राम नवमी का उत्सव सार्थक होता है। आइए, इस राम नवमी अपने भीतर के राम को जाग्रत करें और अपने जीवन को सत्य, प्रेम और प्रकाश से आलोकित करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सेरी बंगलो के चरटुदढ़ में विराजी हैं गढ़ाकोडी माता

## अलौकिक शांति स्थल पर देवी के पास शक्तियां अर्जित करने पहुंचते हैं नाग धमुनी

**लक्की, करसोग**

**करसोग** के सेरी बंगलो नामक स्थान पर सेरी मंदिर से थोड़ी दूर पश्चिमोत्तर दिशा में स्थित चरटुदढ़ में आदिशक्ति पारस्वरूपा महामाया गढ़ाकोडी माता का प्राचीन मंदिर एक अलौकिक शांति स्थल है। जनश्रुतियों के अनुसार 765 ई. में सुकेत संस्थापक राजा वीरसेन ने इस मंदिर की स्थापना की थी।

सुकेत रियासत के अंतर्गत यह क्षेत्र कभी रामगढ़ के नाम से जाना जाता था। नैणसागर इस गढ़ का पालसरा था। नैणसागर लोगों से मनमानी वेगार करवाता तथा कर लगाकर लोगों को लूटता था। कर न देने पर कठोर सजाएं व मृत्युदंड देता था। यहां ब्राह्मणों ने देवी को प्रसन्न करने के लिए तपस्या की, स्तुति से प्रसन्न होकर देवी प्रसन्न हुई और अन्याय का नाश करने का आशीर्वाद दिया। थोड़े ही समय में यहां देवी के कोप से इस गढ़ पर भयंकर बज्रपात हुआ। सात दिन तक भयंकर बरसात होने से संपूर्ण गढ़ वाला टिल्ला ध्वस्त हो गया। एक अन्य जनश्रुति के अनुसार विजन नामक ब्राह्मण इस मंदिर में पूजा करता था। मां काली की कृपा से विजन के वंश वृद्धि हुई। सुकेत के राजा ने विजन को रहने के लिए वगैण नामक गांव दान किया। यही ब्राह्मण परिवार आज भी गढ़ाकोडी माता के पुजारी हैं। मंदिर के गर्भगृह में बेहद शक्तिशाली महिषासुरमर्दिनी, प्रचंड धूमावती, श्रीगणेश के श्री विग्रह पूज्य हैं। (अनंत ज्ञान)



### सेरी बंगलो में देवर्षि नारद मुनि का भी है मंदिर

**सेरी** बंगलो में देवर्षि नारद मुनि का मंदिर भी है। यहीं नाग धमुनी का मंदिर भी है। गौर हो कि नाग धमुनी वर्ष में एक बार महामाया के प्राचीन स्थान पर आकर लोक कल्याण के लिए शक्तियां अर्जित करते हैं। देवदारों के पेड़ों से घिरा यह मंदिर अनायास ही श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां से देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि आसमान बहुत नीचे है।

# कमरुनाग के नाम पर सोशल मीडिया पेज चलाकर फैलाई भ्रामक जानकारी

**उमेश, सुंदरनगर**

**देव** श्री कमरुनाग कमेटी सुकेत ने विभिन्न सोशल मीडिया द्वारा मंडी जनपद के आराध्य बड़ा देव कमरुनाग के नाम पर सोशल मीडिया पेज बनाकर की जा रही भ्रामक टिप्पणियों को लेकर कड़ी चेतावनी जारी की है। वहीं देव श्री कमरुनाग कमेटी सुकेत मझोठी रोहांडा ने शरारती तत्वों को चेतावनी दी है कि यदि वे अपनी भ्रामक टिप्पणियों को तुरंत हटा नहीं देते हैं, तो देव कमेटी को मजबूरन कानूनी कार्रवाई करनी पड़ेगी। इसके साथ कमेटी ने लोगों से भी अपील की है। जानकारी देते हुए देव श्री कमरुनाग कमेटी सुकेत मझोठी रोहांडा के सचिव दुनी चंद ठाकुर ने कहा कि बीते 2 अप्रैल को बड़ा देव कमरुनाग के पूजन को लेकर सामने आए प्रकरण में प्रशासन और सुकेत सर्व देवता कमेटी की कोई गलती नहीं है। सोशल मीडिया पेज पर कमरूनाग देव के नाम पर भ्रामक जानकारी दी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

**कमरुनाग कमेटी ने दी चेतावनी, सोशल मीडिया से जल्द हटाएं भ्रामक जानकारी**

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री गोमा करेंगे लघु शिवरात्रि मेला का समापन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पांच दिवसीय राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर का समापन पांच अप्रैल को आयुष, कानून, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र करेंगे। मेले का समापन 5 अप्रैल को दोपहर 2 बजे देवी-देवताओं की शोभायात्रा की अगुवाई के उपरांत सायं 5 बजे मेला मैदान जोगिंद्रनगर में किया जाएगा। यह जानकारी मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने दी।

### घर से बरामद किया 2 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गुप्त सूचना पर पुलिस थाना सरकाघाट की विशेष टीम ने हैप्पी पुत्र अमृत लाल निवासी गांव गरोड़, तहसील सरकाघाट के घर की तलाशी के दौरान 2 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंधाड़ा में 7 तक आंशिक तौर पर बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उप-मंडल-2 मंडी सुनील शर्मा ने बताया कि विद्युत अनुभाग रंधाड़ा में 5, 6 तथा 7 अप्रैल को उच्चतम आवेग की लाइनों में लगी लकड़ी की कड़ियों को बदलने का कार्य किया जायेगा, जिस कारण इन दिनों सुबह 10 से सायं 5 बजे तक गजनोहा, लोहारडी, नटनेह, रंधाड़ा, साई, अलाथू, बेहल, पैड़ी, जगनाह, तांदी, पतरौण तथा कोठीगैहरी में बीच-बीच में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### संस्था ने स्लम एरिया में किया कन्या पूजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सामाजिक सेवा में अग्रणी रहने वाली संस्था आर्ट ऑफ लिविंग वूमैन क्लब के द्वारा स्लम एरिया में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने गरीब और वंचित वर्ग की बच्चियों को पूजन कर सम्मानित किया। संस्था की अध्यक्ष माया वरधान ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में बेटियों के महत्व को उजागर करना और उनके प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में कन्याओं को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया और बच्चियों को प्रसाद एवं उपहार वितरित किए गए जिससे उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। इस अवसर पर संस्था की शिक्षिका अर्चना कपूर, प्रधान किरण शर्मा, सचिव खुशबू शर्मा, कोषाध्यक्ष अंजलि सभरवाल एवं पुष्पा ठाकुर पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य मृदुला, नीलम, वत्सल, भुवनेश्वरी भी उपस्थित रहे।

### करसोग मेले के दौरान भारी वाहनों पर प्रतिबंध

**लक्की शर्मा, करसोग।** उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग गौरव महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच से 11 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय जिला स्तरीय नलवाड़ मेले के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए बस अड्डा करसोग से भ्याल (राजकीय महाविद्यालय करसोग के निकट) तक सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मेले में भारी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। इसलिए यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए सड़क मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक लागू रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### फिल्म अभिनेता मनोज को दी श्रद्धांजलि

**भीम बसेड़ू, महादेव।** फिल्म अभिनेता एवं निर्माता मनोज कुमार जो भारत कुमार के नाम से भी विश्व विख्यात थे के आकस्मिक हुए निधन से देश एवं विदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। क्षत्रिय संघ सुंदरनगर ने दिवंगत मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया। वहीं, शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। संघ के संस्थापक सदस्य कृष्ण चंद्र महादेविया कहा कि कई-कई फिल्म अवार्ड प्राप्त मनोज कुमार खासकर देशभक्तिपूर्ण फिल्मों के लिए जाने जाते थे, जो देशभक्ति पूर्ण गीतों में जोश भरते रहे और टैक्स फ्री फिल्म उपकार का गीत 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरे मोती....भुलाए नहीं भूलता। मनोज कुमार जैसे महान अदाकार यादों में सदैव जिन्दा रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### मीनाक्षी ने उत्तीर्ण की एनएमएमएस परीक्षा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में शिक्षा खंड गोपालपुर-2 की राजकीय माध्यमिक पाठशाला रोपा ठाठर की छात्रा मीनाक्षी ने राष्ट्रीय माध्यमिक स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस- 2024-25) कड़ी मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्कूल स्टाफ सदस्यों व स्कूल प्रबंधन समिति ने मीनाक्षी को इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। स्कूल स्टाफ सदस्यों ने मीनाक्षी को उसकी उपलब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया।

### हिंदी रंगमंच दिवस व लालचंद प्रार्थी की जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गलमा जिला मंडी में हिंदी रंगमंच दिवस और लालचंद प्रार्थी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों के सामने एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। हिंदी रंगमंच दिवस और लालचंद प्रार्थी जयंती को स्कूल में मनाने के पीछे उद्देश्य यह था कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को रंगमंच व साहित्य के साथ जोड़ा जाए, क्योंकि आज के समय में नशा विकराल रूप धारण कर चुका है। विद्यालय के प्रधानाचार्य तिलक ने इस कार्यक्रम की भरपूर सराहना की और उन्होंने बार-बार ऐसे साहित्यिक ऐसे सांस्कृतिक और ऐसे रंगमंच विद्या से जुड़े कार्यक्रमों को अपने स्कूल में करवाने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर संस्था की सेक्रेटरी और रंगकर्मी दक्ष उपाध्याय ने हिंदी रंगमंच दिवस और स्व. लालचंद प्रार्थी के योगदान के बारे में बच्चों को अवगत करवाया।

# संधोल में चला पीला पंजा

## सहायक आयुक्त राजस्व की कार्रवाई से मचा कब्जाधारियों में हड़कंप

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**संधोल** में प्रदेश सरकार की जमीन पर अवैध कब्जाधारियों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को हटाने की प्रशासन की कार्यवाही लगातार जारी है। सहायक आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार संघोल द्वारा पद संभालने बाद ही सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को पहले नोटिस देकर खुद जगह खाली करने को लेकर जगह-जगह नोटिस चस्पा करवाएं थे। जिसमें उन्होंने साफ हिदायत दी थी कि एक महीने के भीतर अवैध कब से खुद हटा ले अन्यथा टाइमलाइन पूरी होते ही प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा और जो भी समान होगा उसके कोई भी जिम्मेदारी प्रशासन की नहीं होगी।

इसी कार्रवाई के चलते पिछले कल कब्जाधारियों ने अपने कब्जे स्वयं हटा लिए थे, जिन्होंने कब्जे नहीं हटाए इनपर आज संधोल के कैंप बाजार में पीला पंजा चला कर राजस्व विभाग ने हटा दिया है। संधोल में इस प्रकार की कार्रवाई से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किए बैठे लोगों में हड़कंप मच गया है। (अनंत ज्ञान)



### पहले भी अवैध खनन पर कसा था शिकंजा

**बता** दें कि इससे पहले रही सहायक आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार संधोल ओशिन शर्मा ने खनन माफिया पर रात के अंधेरे में कार्रवाई कर पूरे हिमाचल प्रदेश के खनन माफिया के दिलों में डर पैदा कर दिया था।, वहीं उनकी जगह आए सहायक आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार संधोल विपिन कुमार की अवैध कब्जाधारियों पर की जा रही कार्यवाही से संधोल में हड़कंप मच गया है।

### सहायक आयुक्त बोले-एक हफ्ते में हटा लें कब्जे

**सहायक** आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार संधोल विपिन कुमार ने बताया कि अवैध कब्जाधारियों पर उच्च न्यायालय के आदेश पर कार्रवााई की जा रही है। सहायक आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार संधोल विपिन कुमार ने अवैध कब्जाधारियों चेतावनी देते हुए कहा कि यह प्रकिया निरंतर जारी रहेगी। अवैध कब्जाधारी स्वयं एक सप्ताह के भीतर अपने अवैध कब्जे हटा लें अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# मंदिर चोरीकांड में बाप बेटा समेत 3 गिरफ्तार

**29 मार्च को जोगिंद्रनगर की कधार पंचायत में सरी मंदिर से हुई थी चोरी**

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की कधार पंचायत स्थित सरी मंदिर में 29 मार्च को हुई चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने बाप-बेटे समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मखन सिंह पुत्र गुरचरण सिंह, बॉबी सिंह पुत्र मखन सिंह व रवि कुमार पुत्र सूरत राम, तीनों निवासी बैजनाथ, के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और बैजनाथ पुलिस की सहायता से इन आरोपियों को दबोचा गया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से मंदिर से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। चोरी में शामिल अन्य संभावित लोगों की भी तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है व उम्मीद जताई है कि मंदिर से चोरी सामान जल्द बरामद होगा।

# सुंदरनगर में होगा साहित्यिक सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, महादेव।** साहित्यिक आयोजन सुंदरनगर में सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर द्वारा एक दिवसीय साहित्यिक सम्मेलन का आयोजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या सुंदरनगर में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिला भर के अनेक जाने-माने कवि लेखक सहभागी होंगे। परिषद के कोषाध्यक्ष और जाने-माने कवि सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी साहित्यिक कार्यक्रम दो सत्रों में चलेगा। पहले सत्र में चर्चा-परिचर्चा होगी और दूसरे सत्र में बहुभाषी कभी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है कि सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर हर वर्ष भव्य साहित्य के पक्ष में सुंदर आयोजन करती आई है। इस बार भी अनेक भव्य आयोजन परिषद द्वारा किए जाएंगे, जिनमें पहला कार्यक्रम छह अप्रैल को किया जाएगा।

## एकांकी स्पर्धा में माउंट मौर्य स्कूल विजेता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के तीसरे दिन विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित एकांकी प्रतियोगिता में माउंट मौर्य स्कूल प्रथम, जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज द्वितीय तथा पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर तृतीय स्थान पर रहा। इसी दौरान आयोजित लोक नृत्य प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर पहले, माउंट मौर्य स्कूल दूसरे तथा जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। स्कूल एवं कॉलेज विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक एवं प्रधानाचार्य राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर आशीष कोड़ा ने विजेता विद्यार्थियों एवं संस्थानों को पुरस्कृत किया। इन प्रतियोगिताओं में मृदुला शर्मा, पवन कुमार शास्त्री तथा लीला देवी ने बतौर निर्णायक की भूमिका निभाई।

## मंगवाई में सिटीजन सेवा पोर्टल की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के तहत वार्ड नंबर 5 मंगवाई (रामनगर) में पार्षद योगराज की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आमजनमानस को सिटीजन सेवा पोर्टल बारे जागरूक किया गया कि वह अपनी समस्याओं को https://citizenseva.hp.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से दर्ज करवाने बारे जानकारी प्रदान की ताकि आमजनमानस को बार-बार कार्यालय में न आना पड़े और उनकी शिकायतों का निवारण घर बैठे ही हो जाए। इस शिविर में आम जनमानस ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याओं बारे अवगत करवाया, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर ही कुछ समस्याओं का निष्पादन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को इस पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाने वाली सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस शिविर में नगर निगम के अधिकारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कबड्डी ओपन में मंडी बना चैंपियन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर आयोजित पुरुषों की कबड्डी ओपन प्रतियोगिता में मंडी की टीम विजेता तथा पालमपुर की टीम उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 13 टीमों ने भाग लिया। इसी अवसर पर आयोजित वॉलीबाल ओपन प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र हरियाणा की टीम विजेता तथा राणा रोपा की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया। इसी तरह आयोजित महिला बैडमिंटन के सिंगल वर्ग में सोक्षी जसवाल विजेता तथा अश्मिता ठाकुर रनरअप रही। इस प्रतियोगिता में कुल आठ महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## महिला मंडल बनाड़ व पटट की नाटी सर्वश्रेष्ठ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के तीसरे दिन महिला मंडलों के लिए आयोजित लोकनृत्य प्रतियोगिता में महिला मंडल बनाड़ व पटट विजेता बने। महिला मंडल बंडेरी माता काथला दूसरे तथा महिला मंडल पदवाहन तथा महिला मंडल पशाकोट घरौण तीसरे स्थान पर रहा। इसी दौरान महिला मंडलों की समूह गान प्रतियोगिता में महिला मंडल सेरू भचकेहड़ा पहले, महिला मंडल पदवाहन दूसरे तथा महिला मंडल कोटरोपी तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह आयोजित म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता में महिला मंडल सेरू भचकेहड़ा विजेता तथा महिला मंडल खील घमरेहड़ उपविजेता रहा।

## बाखली स्कूल को मिला पुलिस का संरक्षण

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाखली को पुलिस चौकी पंडोह के सहायक उप निरीक्षक दीपक कुमार ने गोद लिया है। उनके साथ स्थानीय सेवानिवृत्त पंचायत निरीक्षक कृष्ण कुमार भी सहभागिता निभाएंगे विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं संरक्षण हेतु इस प्रक्रिया के निपटारे के दौरान प्रधानाचार्य सोमनाथ शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए संपूर्ण स्टाफ का योगदान भी बना रहेगा।

## जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का समापन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में दो दिवसीय जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का समापन किया गया। यह प्रतियोगिता प्रधानाचार्या एवं आयोजन सचिव अभियंता नवीन कुमारी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में मंडी जिला के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से कुल 18 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में चार व्यवसायों - पोशाक निर्माण, सतही अलंकरण तकनीक, यांत्रिक फिटर तथा नलसाज में प्रतिभागियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न व्यवसायों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों में रेखा पोशाक निर्माण, प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर, प्रियांका सतही अलंकरण तकनीक, प्रशिक्षण संस्थान चच्योट, अविनाश ठाकुर यांत्रिक फिटर, जोगिंद्रनगर तथा अनिल कुमार नलसाज, जोगिंद्रनगर शामिल रहे।

## तुंगल महोत्सव में दो दिन होगी स्थानीय पकवानों की भरमार

**विजय, कोटली।** उपमंडल मुख्यालय पर दो दिनों में तुंगल महोत्सव की धूम रहेगी। इस दौरान क्षेत्र के लिए विशेष योगदान देकर इलाके का नाम रोशन करने वाली चुनिंदा हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। मंच के संस्थापक प्रशांत ने बताया कि महावीर चक्र विजेता सूबेदार कांशीराम, शहीद परिवारों व अन्य बड़ी हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। 5 व 6 अप्रैल को जहां एक ओर लोक-कलाकार क्षेत्र की लोक संस्कृति की झलकियां प्रस्तुत करेंगे। वहीं दूसरी ओर पुराने समय में त्योहारों के मौकों पर बनाए जाने वाले खास पकवानों का स्वाद भी चखने को मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

# सांसद कंगना जोगिंद्रनगर दौरे पर जनता के बीच पेश करें एक साल का लेखा-जोखा : डॉ. धरवाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ. राकेश धरवाल ने जारी बयान में सांसद कंगना रनौत के 7 अप्रैल को प्रस्तावित जोगिंद्रनगर दौरे को लेकर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत दिलाने के बाद सांसद को अब जाकर जोगिंद्रनगर की याद आई है।

डॉ. धरवाल ने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र ने लोकसभा चुनाव 2024 में मंडी संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक बढ़त दिलाकर सांसद कंगना रनौत को जिताया था। लेकिन जीत के एक वर्ष बाद भी इस क्षेत्र में कोई नई परियोजना, विकास कार्य या सांसद निधि से सहायता नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि हम उन्हें मनाली में उनका नया पांच सितारा रेस्टोरेंट खोलने के लिए बधाई देते हैं, लेकिन जोगिंद्रनगर के लिए उन्होंने क्या किया, यह भी जनता को जानना चाहिए। डॉ. धरवाल ने यह भी पूछा कि 2024-25 के वित्तीय वर्ष में सांसद द्वारा जोगिंद्रनगर की किसी भी पंचायत, गांव या कस्बे के लिए क्या योगदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सांसद ने आपदा में केंद्र सरकार से प्रदेश सरकार को कितनी आर्थिक सहायता दिलवाई, इसका भी ब्यौरा दिया जाना चाहिए।



### विधायक राणा पर भी निशाना साधा

**धरवाल** ने विधायक प्रकाश राणा पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राणा पिछले दो वर्षों से अपनी विधानसभा से गायब हैं और अधिकतर समय सऊदी अरब में अपने व्यापार को बढ़ाने में व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें जानकारी है कि पिछले दो वर्षों में विधायक महोदय मुश्किल से 5 या 6 दिन ही विधानसभा क्षेत्र में उपस्थित रहे हैं।

# हेमंत शर्मा की पहाड़ी नाटियों पर झूमे श्रोता

## शिवरात्रि मेले की सांस्कृतिक संध्या में डॉ. अरुण चंदन ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**राज्य** स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला 2025 की तीसरी सांस्कृतिक संध्या लोकगीतों और पहाड़ी नाटियों की धुनों से सराबोर हो गई। शिमला के प्रसिद्ध गायक हेमंत शर्मा ने अपनी सुरीली आवाज से ऐसा समां बांधा कि दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए।

उन्होंने 'होबे लालिए हो', 'सुणे रा कानों झुमका', 'विद्या रा डाडू' और 'धारे पांदे री गुजरिए' जैसी नाटियों से पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। कुल्लू के लोकगायक रमेश ठाकुर ने भी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. अरुण चंदन, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर भारत क्षेत्रीय एवं सुगमता केंद्र, राष्ट्रीय औषध पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय भारत सरकार (जोगिंद्रनगर) रहे। इस अवसर पर मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



संध्या में हिमाचल के कई नामी लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिमला के रामेश्वर शर्मा, कांगड़ा के संजीव दीक्षित, बिलासपुर की राखी गौतम और कुल्लू के धीरज शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से तालियों की गूंज बढ़ा दी। इस दौरान नायब तहसीलदार विनय राशपा, थाना प्रभारी सकीनी कपूर सहित मेला समिति के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# रिकांगपिओ-धर्मपुर बस सेवा 3 माह से बंद

## लोग परेशान, क्षेत्रीय प्रबंधक के कार्यालय के घेराव की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**रिकांगपिओ**-धर्मपुर वाया पटड़ीघाट चलने वाली बस सेवा पिछले लगभग तीन माह से बंद पड़ी रही हैं जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा शुक्रवार को पटड़ीघाट में एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें पटड़ीघाट युवक मंडल और महिला मंडल की सामूहिक बैठक हुई जिसमे दर्जनों युवाओं व महिलाओं ने भाग लिया। स्थानीय लोगो का कहना है कि धर्मपुर रिकांगपिओ वाया पटड़ीघाट बस सेवा जो पिछले लगभग तीन माह से बंद पड़ी है इस सेवा के बंद होने से स्कूली बच्चो और आईटीआई जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है व भारी भरकम किराया देकर के निजी गाड़ियों में जाना पड़ रहा है स्थानीय लोगो ने ट्रैफिक प्रबन्धक धर्मपुर से आग्रह किया है कि इस बस सेवा को जल्द से जल्द शुरू किया जाए अन्यथा हम पथ परिवहन निगम प्रबंधक धर्मपुर के कार्यलय का घेराव करेंगे। इस बारे में कार्यकारी ट्रैफिक प्रबन्धक धर्मपुर मेहर चंद ने बताया कि बसों की कमी के कारण यह बस सेवा बंद हुई है जैसे ही बसें मिल जाएगी तुरंत इस बस सेवा को निरंतर चलाया जाएगा ।



**जागरूकता**

# कांगड़ा में आए भूकंप पर डीसी मंडी ने एकजुटता मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## 'जन-जन को समझाना, भूकंपरोधी मकान बनाना' का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जिला** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी और नेहरू युवा केंद्र द्वारा शुक्रवार को मंडी में वर्ष 1905 की कांगड़ा भूकंप त्रासदी की 120वीं वर्षगांठ पर नागरिक एकजुटता मार्च निकाला गया।

उपायुक्त कार्यालय से निकला यह मार्च सेरी मंच होते हुए आइटीआई चौक मंडी पहुंचा और वापस इंदिरा मार्केट का चक्कर लगाता हुआ सेरी मंच पर जाकर संपन्न हुआ। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपूर्व देवगन ने मार्च को उपायुक्त कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मार्च में बाल स्कूल मंडी और कन्या स्कूल मंडी के छात्र-छात्राओं, आईटीआई मंडी के प्रशिक्षुओं के अतिरिक्त अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

मार्च में शामिल छात्र-छात्राएं और प्रशिक्षु हाथों में भूकंप से बचाव के उपायों की जानकारी देती हुई तख्तियां लेकर चल रहे थे और जन-जन को समझाना है, भूकंप रोधी मकान बनाना है और जिम्मेदारी निभाएं, सुरक्षित निर्माण कराने के नारे लगाकर लोगों को जागरूक कर रहे थे।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मार्च को रवाना करने से पहले उपायुक्त कार्यालय में एकत्रित अधिकारियों, कर्मचारियों और मार्च में शामिल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भूकंप को न रोका जा सकता है और न ही इसके होने का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। सुरक्षित भवन निर्माण ही भूकंप से हमें बचा सकता है। इसलिए हमें अपने घरों का निर्माण भूकंपरोधी तरीके से ही करना चाहिए।



### भूकंप आने पर ये करें

**डीसी** ने कहा कि यदि कभी भूकंप आए तो हमें किसी मजबूत मेज या अन्य वस्तुओं के नीचे अपने को छुपा लेना चाहिए और जब तक कंपन ना रुके तब तक उस भवन से बाहर नहीं निकलना चाहिए। इस अवसर पर एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार, भारती मोंगरा, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्रीति नेगी, प्रवीण भारद्वाज और नरेन कैथ, स्कूलों और आईटीआई के अध्यापक मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएसपी अंब ने चिंतपूर्णी में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चैत्र नवरात्र के दौरान चिंतपूर्णी में डीएसपी अंब वसुधा सूद ने चिंतपूर्णी मंदिर पहुंचकर माथा टेका और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्हें मंदिर में हवन भी डाला। डीएसपी वसुधा सूद ने नवरात्र के दौरान की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। डीएसपी ने बताया कि चैत्र नवरात्र के दौरान पुलिस प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक के मेलों के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था भी बेहतर देखने को मिली है। जगह-जगह मुख्य प्वॉइंट पर पुलिस के जवान और होमगार्ड के जवान ड्यूटी पर हैं। इस मौके पर डीएसपी के साथ थाना प्रभारी जयराम शर्मा और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। डीएसपी ने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद कहा कि वे चिंतपूर्णी मंदिर की व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं।

### नेशनल मींस में जटेहड़ी के स्टूडेंट्स छाए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बंगाणा उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जटेहड़ी के दो छात्रों ने नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप 2024-25 में अपनी प्रतिभा दिखाकर स्कूल और इलाके का मान सम्मान बढ़ाया है। आदित्य शर्मा पुत्र राजीव कुमार ने 119 अंक लेकर दूसरा स्थान और रक्षिता ठाकुर पुत्री अजय कुमार ने अंक 103 अंक लेकर योगिता क्रम सूची में 12वां स्थान हासिल किया। स्कूल के छात्रों ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं अध्यापकों को दिया। स्कूल के शिक्षकों ने इन दोनों विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान कुलदीप ने भी इन होनहार विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि जटेहड़ी स्कूल के शिक्षक मेहनती और कर्मठ व विद्यार्थियों के साथ तालमेल बहुत ही सराहनीय होने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों के बारे में भी अवगत करवाते रहते हैं। कार्यवाहक प्रिंसिपल शशि पाल ने छात्रों, शिक्षकों और परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

### भक्ति गीतों में कृष्ण के रूपों का किया वर्णन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के नायली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ने श्रद्धालुओं को भक्ति और श्रद्धा से अभिभूत कर दिया। यह कथा आचार्य नीरज शास्त्री द्वारा प्रस्तुत की जा रही है, जो अपने भजनों और दिव्य वाणी से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण के जन्म की महिमा पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने बहुत श्रद्धा और भावनाओं के साथ सुना। कथा में व्यास आचार्य नीरज शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण के स्वागत के लिए स्वागतम, स्वागतम कृष्णा जैसे भजनों की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित सभी भक्त श्रद्धा से झूम उठे। भक्ति गीतों में कृष्ण के अनेक रूपों और उनके जीवन के अद्भुत प्रसंगों का वर्णन किया गया। भजन के प्रत्येक शब्द ने श्रोताओं के हृदय को छू लिया और वातावरण में एक दिव्य शांति का अनुभव हुआ। इस अवसर पर सुंदर झांकी का भी आयोजन किया गया, जिसमें बाल कृष्ण के रूप में भगवान की सुंदर प्रस्तुति की गई।

### ऊना में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमोत्कर्ष परिषद संस्था ऊना की ओर से शनिवार को एमसी पार्क ऊना में स्थित वरिष्ठ नागरिक मंच ऊना के भवन में आंखों के निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का आयोजन दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। हिमोत्कर्ष परिषद संस्था ऊना के जिलाध्यक्ष करनपाल सिंह मनकोटिया ने बताया कि शिविर में रोटरी आई अस्पताल धुसाड़ा की टीम अपनी सेवाएं देगी।

### मुबारिकपुर में प्रवक्ता पद पर तीन नियुक्तियां

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर में प्रवक्ता पद पर तीन नियुक्तियां हुई हैं। प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने बताया कि मुबारिकपुर स्कूल में विधायक राकेश कालिया के प्रयासों से प्रवक्ता पदों पर तीन नियुक्तियां हुई हैं। स्कूल में अर्थशास्त्र, राजनीती विज्ञान व इतिहास प्रवक्ता के पदों पर नियुक्तियां हुई हैं। इन तीन प्रवक्ताओं की नियुक्तियां होने से स्टूडेंट्स को इसका विशेष लाभ होगा। स्कूल प्रबन्धन समिति के प्रधान बाल कृष्ण, समिति के सदस्यों तथा बच्चो के अभिभावकों ने शिक्षा विभाग तथा विधायक राकेश कालिया का आभार व्यक्त किया।

### चिंतपूर्णी में शौचालयों की हालात खराब

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मंदिर में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, लेकिन भरवाईं में शौचालय की दुर्दशा श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन गई है। शौचालय की खराब हालत और रिपेयर की आवश्यकता को लेकर श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन से गुहार लगाई है। श्रद्धालुओं का कहना है कि शौचालय की दुर्दशा के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय के दरवाजे टूटे हुए हैं, पानी की व्यवस्था नहीं है और शौचालय की सफाई भी नहीं हो रही है। इससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है और उनकी धार्मिक यात्रा का आनंद भी खराब हो रहा है। श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन से अनुरोध किया कि शौचालय की रिपेयर और सफाई की व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। कार्यवाहक मंदिर अधिकारी अरुण संख्यान ने कहा कि जल्द ही शौचालय का एस्टीमेट बनाकर रिपेयर करवाया जाएगा और साफ-सफाई करवाई जाएगी।

### मॉकड्रिल से भूकंप से बचाव के तरीकों बारे बताया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में भूकंप को लेकर होमगार्डस व अग्निशमन कर्मियों ने मॉकड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान 4 अप्रैल, 1905 में कांगड़ा में आए भूकंप की यादें ताजा की और भविष्य में ऐसी कोई त्रासदी न आए। इसके बचाव कार्य करने के लिए स्थितियों से निपटने का अभ्यास किया। भूकंप के दौरान पैदा होने वाली स्थिति में आग पर काबू पाने, बहुमंजिला इमारतों के ध्वस्त होने पर घायलों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भी ले जाने का अभ्यास कर जनमानस को अलर्ट किया। जागरूकता मुहिम में अपने आप का बचाब करते हुए अनमोल जानों को बचाने के गुर सिखाए गए।

# खैर की लकड़ी के 36 मोच्छे बरामद

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



गगरेट के जंगलों से रात के अंधेरे में बहुमूल्य खैर के पेड़ों का कटान कर इसकी तस्करी करने का वन विभाग ने भंडाफोड़ किया है।

वीरवार रात्रि करीब ग्यारह बजे वन विभाग की टीम ने बड़ोह गांव के भट्ठियांवाला में खैर के पेड़ की लकड़ी लेकर जा रहे एक वाहन को पकड़ा। तलाशी के दौरान वाहन से 36 मोच्छे खैर के पेड़ की लकड़ी के बरामद हुए, जिनकी बाजार में कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है। वन विभाग की शिकायत पर गगरेट पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी व वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। वन विभाग को पिछले कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही थीं कि गगरेट के जंगलों से रात के अंधेरे में बहुमूल्य खैर के पेड़ की लकड़ी को काटकर इसकी तस्करी की जा रही है। हालांकि, विभाग के पास जो सूचना पहुंची थी, उसके अनुसार विभागीय टीम ने तस्कर की भी शिनाख्त की थी, लेकिन वीरवार रात्रि जब वन खंड अधिकारी अशोक कुमार, वन रक्षक

#### वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज, युवक किया गिरफ्तार

पंकज शर्मा, वन रक्षक विक्रांत सिंह व वन रक्षक बलदेव कुमार ने भट्ठियांवाला के पास नाका लगाया हुआ था, तो रात करीब 11 बजे एक वाहन जंगल की ओर से आता दिखाई दिया, जिसे चैकिंग के लिए रोका तो उसमें चालक के साथ दो लोग मौजूद थे, जो अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में कामयाब हो गए। वन विभाग की टीम ने जब वाहन की तलाशी ली, तो उसमें खैर के पेड़ की लकड़ी के 36 मोच्छे बरामद हए। टीम ने जब वाहन चालक से पूछताछ की, तो उसने अपना नाम अश्विनी कुमार निवासी भट्ठियांवाला बताया और भागे हुए व्यक्तियों में से एक का नाम सन्नी कुमार बताया। दूसरे का नाम चालक भी नहीं जानता था, जब उससे खैर की लकड़ी संबंधित वैध कागजात मांगे, तो वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर वन विभाग के कर्मियों ने इसकी लिखित शिकायत गगरेट पुलिस में की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी पड़ताल शुरू कर दी है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि की है।

## केंद्र से आर्थिक सहायता लेकर हो रहा हिमाचल में विकासः बलबीर

**अनंत ज्ञान, अंब।** पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह ने अंब में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश सरकार को भरपूर सहायता भेज रही है, लेकिन हिमाचल प्रदेश के मंत्री व मुख्यमंत्री हर समय केंद्र से कुछ नहीं मिल रहा का राग अलापते रहते हैं। यदि केंद्र सरकार द्वारा परियोजनाओं के लिए धनराशि उपलब्ध नहीं होती, तो हिमाचल प्रदेश में कोई भी विकास कार्य नहीं हो पाता।

बलबीर सिंह ने कहा यह जो विकास कार्य चल रहे हैं। यह सिर्फ केंद्र द्वारा की जा रही मदद से चल रहे हैं। उसमें भी राज्य सरकार केंद्र से मिलने वाली राशि को प्रदेश के राजकीय कोष में जमाकर मनमाने ढंग से फिजूल खर्च कर रही है। बल्क ड्रग पार्क के लिए जो राशि केंद्र द्वारा दी गई, उसमें कोई काम नहीं हुआ। जल जीवन मिशन के तहत 40 करोड़ मिला था। उसमें से भी 25 करोड़ किसी और जगह स्थानांतरित कर दिया गया।

# विमल नेगी मौत मामले की सीबीआई जांच हो : सत्ती

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

चीफ इंजीनियर बिमल नेगी, जो कि हिमाचल प्रदेश के एक प्रमुख चीफ इंजीनियर थे, उनकी रहस्यमयी मृत्यु ने राज्य में हलचल मचा दी है।

उनके परिजनों के साथ ही भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी इस मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर जोरदार विरोध जताया है। विमल नेगी की संदिग्ध मौत को लेकर उठे सवालों ने राजनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है, जिसमें सत्ता पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस मामले की गंभीरता को समझते हुए जिला ऊना मुख्यालय पर भाजपा नेताओं ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ एक कैंडल मार्च का आयोजन किया, जिसमें विमल नेगी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और साथ ही सीबीआई जांच की मांग की गई। सदर ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि विमल नेगी की मृत्यु केवल एक दुर्घटना नहीं हो सकती, बल्कि इसके पीछे कोई गहरी साजिश हो सकती है। इस कैंडल मार्च में शामिल होने वाले भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यह समय है जब सरकार को गंभीरता से मामले की जांच करवानी चाहिए और विमल नेगी के परिजनों को न्याय दिलवाना चाहिए। सत्ती ने कहा कि जब चीफ इंजीनियर के परिजनों ने भी साफ तौर पर सीबीआई जांच की मांग की है क्योंकि उनका मानना है कि राज्य सरकार द्वारा करवाई जा रही प्रारंभिक जांच में कहीं न कहीं पक्षपाती रवैया हो सकता है।

उनका आरोप है कि सरकार और कुछ बड़े अधिकारी इस मामले में शामिल हो सकते हैं, जिन्हें बचाने के लिए जानबूझकर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। सत्ती ने कहा कि यदि सीबीआई जांच नहीं करवाई जाती है, तो यह पूरी स्थिति संदेह के घेरे में रहेगी। सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा नेताओं ने सुक्खू सरकार पर तीखे सवाल उठाए हैं। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने भी इस मामले में कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अगर विमल नेगी की मौत की सीबीआई जांच होती है, तो सत्ता सरकार और कुछ बड़े अधिकारी मुश्किलों में फंस सकते हैं।

## दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने घोटालों को न भूलें अनुराग : रायजादा

**अनंत ज्ञान, ऊना**



लोकसभा में वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान सांसद अनुराग ठाकुर की ओर से कांग्रेस नेताओं पर दिए गए बयान को ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने निंदनीय करार दिया है। रायजादा ने कहा कि वक्फ बिल पर लोकसभा में चर्चा के दौरान सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं पर वक्फ की जमीन हड़पने के आरोप लगाए हैं, जो कि निराधार हैं।

रायजादा ने कहा कि भाजपा का पुराना रिवाज किसी पर भी आरोप लगाकर बदनाम करना है, इसमें अनुराग ठाकुर भी पूरी तरह से निपुण हो गए हैं। प्रदेश की जनता ने अनुराग ठाकुर को लोकसभा में हिमाचल के हितों की परैवी के लिए भेजा था, लेकिन अनुराग ठाकुर अपना ज्यादातर समय कांग्रेस को कोसने में व्यर्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेवान में झांकना चाहिए। रायजादा ने कहा कि अनुराग ठाकुर ये न भूले कि उन व उनके पिता पर धर्मशाला में करोड़ों रुपए के जमीन घोटाले के भी आरोप लगे हैं। पिता व पुत्र ने मिलकर तत्कालीन सरकार को 100 करोड़ का चूना लगाया था। जमीन स्टेडियम के लिए लीज पर ली थी और उसकी जगह रेस्टोरेंट बनाया गया था। रायजादा ने कहा कि हिमाचल में आई आपदा के समय में भारी जान-माल का नुकसान हुआ, लेकिन भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल की कोई बात केंद्र में नहीं उठाई। लोकसभा में प्रदेश के सांसद हिमाचल की बात रखने में नाकाम रहे। आपदा का पैसा तक दिलवाने में नाकाम रहे।

## चिंतपूर्णी में 50 लाख हुआ चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** चिंतपूर्णी मंदिर में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं ने मां चिंतपूर्णी को भक्ति और श्रद्धा के साथ चढ़ावा चढ़ाया। पांच दिनों के चढ़ावे का कुल आंकड़ा 5032135 रुपए है, जो कि एक रिकॉर्ड है। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। चढ़ावे का विस्तृत आंकड़ा इस प्रकार है। पहले दिन का चढ़ावा 14,40,816 रुपए, दूसरे दिन का चढ़ावा 9,94,778 रुपए, तीसरे दिन का चढ़ावा 10,38,249 रुपए, चौथे दिन का चढ़ावा 7,63,970 रुपए, जबकि पांचवें दिन का चढ़ावा 7,94,322 रुपए रहा। तीसरे नवरात्र के बाद श्रद्धालुओं की गिरती तादाद से चढ़ावे पर भी असर पड़ रहा है। शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं की तादाद में वृद्धि होने की संभावना है। मां चिंतपूर्णी के दरबार में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शनों को आते हैं।

## बड़ूही-डूमखर सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यान : बबलू

**हीना पठानिया, बड़ूही**



विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बड़ूही-डूमखर सड़क पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

विधायक ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से कहा कि इस सड़क का निर्माण क्षेत्रीय लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए आश्वासन दिया कि किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। बड़ूही-डूमखर सड़क का निर्माण कार्य उनकी प्राथमिकता में शामिल है और इसके पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को परिवहन सुविधा में बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर विधायक के साथ लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता भानु ओहरी, कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर रविंद्र कुमार, विधायक के विशेष प्रतिनिधि राजकुमार गौतम, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### हिमकेप्स कॉलेज में आपदा से संबंधित जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमकेप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग बढ़ेडा में शुक्रवार को आपदा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इसमें मास मीडिया व सूचना समन्वयक शारदा शाश्वत तथा जिला स्वास्थ्य समन्वयक गोपाल कृष्ण ने शिरकत की। गोपाल कृष्ण ने छात्राओं को आपदा से संबंधित जानकारी दी तथा प्राकृतिक आपदा के समय किस प्रकार से बचा जा सकता है । इस बारे विस्तार से जानकारी दी। संस्थान के चैयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने भी छात्राओं को इस विषय पर संबोधित किया।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता नवाजे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भदसाली में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में डीसी जतिन लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। यह फुटबाल टूर्नामेंट सिद्ध जय राजा भरथरी, पौणाहारी लाडले फुटबाल क्लब भदसाली द्वारा 30 अप्रैल को बाबा बालक नाथ के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शुरू किया गया था। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और ओपन श्रेणी की फुटबाल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें कुल 28 टीमों के 450 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को डीसी द्वारा सम्मानित किया। ओपन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को 7,100 और उपविजेता को 5,100 रुपए तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### गाय की बचाई जान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली उपमंडल के ललड़ी स्थित बहुआयामी पशु चिकित्सालय में प्लास्टिक सर्जरी चिकित्सीय प्रक्रिया के माध्यम से एक गाय की जान बचाई गई। इस अत्याधुनिक पशु चिकित्सालय में यह एक नई चिकित्सा उपलब्धि शामिल हुई है। गाय का मुंह एक दुर्घटना के दौरान गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे उसका जीवन संकट में आ गया था। बहुआयामी पशु चिकित्सालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सक और सर्जन डॉ. मनोज शर्मा और उनकी टीम ने गाय के मुंह की हड्डियां और मांस की कमी को भरने के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों का उपयोग किया।

## राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्राओं ने चमकाया नाम

**विवेक शर्मा, अंब**




राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकारला की दो होनहार छात्राओं ने राष्ट्रीय साधन सहयोग्यता छात्रवृत्ति की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और अपने गांव का नाम रोशन किया है।

इन दोनों छात्राओं अंबिका धीमान पुत्री राकेश कुमार और सोनिया चौधरी पुत्री तारु राम ने अपनी कठिन मेहनत और लगन से इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण किया। इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि विद्यालय में भी एक नई प्रेरणा का संचार हुआ है। यह परीक्षा गरीब और मेहनती छात्रों को उनकी पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस छात्रवृत्ति के तहत इन दोनों छात्राओं को हर साल 12-12 हजार की राशि 12वीं कक्षा तक बतौर छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। यह राशि उनकी शिक्षा को और सुगम बनाने में मदद करेगी और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने में सहारा प्रदान करेगी। यह छात्रवृत्ति विद्यार्थियों को आर्थिक संकट से उबारने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने के लिए एक प्रेरणा भी देती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल बक्शी ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय और गांव के लिए गर्व का पल है। (अनंत ज्ञान)

## 42 जरूरतमंद परिवारों को 4.72 लाख रुपए के चेक बांटे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शुक्रवार को कुटलैहड़ कांग्रेस कार्यालय जोगी पंगा में कार्यक्रम के दौरान 42 जरूरतमंद परिवारों को 4.72 लाख रुपए के चेक वितरित किए।

इसके साथ ही उन्होंने चार परिवारों को उनके मकान में हुए नुकसान के कारण आर्थिक सहायता भी प्रदान की। विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में जनता की भलाई और उनके समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मेरी प्राथमिकता है कि यहां के हर नागरिक को समुचित सुविधाएं मिलें और किसी भी प्रकार की आवश्यकता में वे अकेले न महसूस करें। आज जिन परिवारों को आर्थिक चेक वितरित किए गए हैं, वे सभी जरूरतमंद हैं और उनके जीवन में यह मदद निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। कुटलैहड़ क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों की मदद करना प्राथमिक जिम्मेदारी है।

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्द्रनगर


ओम प्रकाश
बिल्डिंग परिसर
जोगिंद्रनगर

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले की हार्दिक शुभकामनाएं


राकेश धरवाल
पूर्व ब्लाक सचिव कांग्रेस जोगिन्द्रनगर

NEW CRESCENT
Garoru, Joginder Nagar, Distt. Mandi, (H.P.)
Schooling ► Play way to +2(Science)
Coaching Cricle ► NEET/JEE/NDA/CUET
LEAD PROPEL
ADMISSION OPEN
Hostel & Transport Facility Available
- Excellent Results
- Secure and Safe Campus
- Best Infrastructure.
- Crash Course for NEET
- Motivational Support
- Study Materials
- Outdoor-Indoor Sports
- Study Hall 24x7
- Music, Dance, Yoga, Karate, Hobby Classes.
- Maximum Selections in Competitive Exams.
Mob: 94184-21703
94180-97145

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


जीवन ठाकुर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जोगिन्द्रनगर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी
की तरफ से
राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमारी ठाकुर
प्रधानाचार्य

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जोगिंद्रनगर, जिला मंडी (हि.प्र.)
Email Id: itijogindernagar@rediffmail.com, Website: www.itijogindernagar.edu.in
परिधान क्षेत्र में करियर बनाएँ
- ड्रेस मेकिंग DRESS MAKING (40 सीटें)
- सतही अलंकरण तकनीक SOT- कढ़ाई (40 सीटें)
- सिलाई तकनीक SEWING TECHNOLOGY (20 सीटें)
All Trades are Affiliated to NCVT
- सरकारी एवं निजी क्षेत्र में सुनहरे अवसर ।
- स्वयं का व्यवसाय शुरू करें!
- विशेष प्रशिक्षण – आधुनिक मशीनें, अनुभवी प्रशिक्षक ।
- NIFT जैसे शीर्ष संस्थानों के सहयोग से औद्योगिक प्रशिक्षण!
- सत्र के अंत में फैशन शो आयोजित होगा, जिसमें प्रशिक्षु अपनी डिजाइनिंग प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।
एडमिशन प्रारंभ
जून–जुलाई 2025 (PROPOSED) जल्दी करें
संपर्क करें: 01908299070
Er. Naveen Kumari
Principal
सभी क्षेत्रवासियों को लघु शिवरात्रि मेले की हार्दिक शुभकामनाएं

ASCENT LEAD SCHOOL
PUBLIC SR. SEC. SCHOOL BRIDGE MANDI, TEH. JOGINDER NAGAR, DISTT. MANDI (H.P.)
A School of Excellence
10TH CLASS TOPPERS


Raveet Kaur 692(98.8%) 8th Position in Board
Kanishtha 683(97.5%)
Shaurya 678(96.8%)
Priti 674(96.2%)
Suryansh Thakur 673(96%)
Kavya 663 (94.7%)
Ujasvi 662(94.5%)
Ishan Thakur 659(94.1%)
Ankush 655(93.5%)
Kanika Raj Rana 653(93.2%)
Mamta 649(92.7%)
Sheetal 648(92.5%)
Anamika 640(91.4%)
Anshika 635(90.7%)
Aarnik 634(90.5%)
Aditi Thakur 628(89.7%)
Sujeshwar Sain 627(89.5%)
Kartik 612(87.4%)
Registration/Admissions Open
For Classes Nursery to 10+2 Science, Commerce & Arts Stream)
Transport & Hostel Facility Available
Ph. 94184-57284, 98576-00039 (Director/Principal)
Website : www.ascentpublicschool.com, Email: ascentjnr@gmail.com

# सच्चे मन से माता शीतला की चौखट पर कामना करने से पूरी होती है भक्तों की मनोकामना

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू मुख्यालय के नजदीक सरवरी पुल के पास स्थित शीतला माता मंदिर अपनी मान्यताओं के लिए जाना पहचाना जाता है। शीतला माता को भगवान शिव की अर्धांगिनी मां पार्वती का अवतार माना जाता है। शीतला मंदिर कुल्लू के पुजारी मदन देव शर्मा जो कि पिछले 40 सालों से मंदिर में माता के मंदिर में अपनी मुख्य पुजारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहें हैं, ने मंदिर के बारे में बताया कि माता का मंदिर इसी स्थान पर हजारों सालों से विद्यमान है, मगर मंदिर के नवनिर्माण को करीब 40 साल से ऊपर हो चुका है। उन्होंने बताया कि शीतला माता की पूजा करने से दैहिक, दैविक ओर भौतिक तापों से मुक्ति मिलती है। सच्चे मन से माता के चौखट में मन्नत मांगने से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और माता के दरबार से कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता। उन्होंने बताया कि खासकर चेचक जैसी बीमारियों के लिए तो मां का नीर रामबाण है, जो कि कभी निष्फल नहीं जाता।





**शीतला मंदिर में हर रोज आते हैं हजारों भक्त :** शीतला माता मंदिर सरवरी कुल्लू में हर रोज हजारों लोग माता के दर्शनों का लाभ लेने के लिए दूर-दूर से यहां पर पहुंचते हैं। शीतला मंदिर में दूर से आने वाले भक्तों के ठहरने के लिए धर्मशाला भी है, जहां पर भक्त विश्राम कर सकते हैं। मुख्य पुजारी के अनुसार हिमाचल ही नहीं, बल्कि अन्य प्रदेशों से भी हजारों की संख्या में भक्त माता के दर्शन और अपने कष्टों का निवारण के लिए पहुंचते हैं। बहुत से लोग अपने शारीरिक कष्टों ओर बीमारियों की रोकथाम के लिए माता रानी के दरबार में पहुंचते हैं और माता रानी के आशीर्वाद से सभी भक्त ठीक होकर जाते हैं।

## क्या है मंदिर का इतिहास

**शीतला** माता मंदिर के इतिहास से कई जनश्रुतियां जुड़ी हुई हैं। एक कथा के पुरातन समय में राजस्थान से एक राजा यहां पर ठहरने के लिए आया था। एक दिन ठहरने के बाद दूसरे दिन जब उसने घर वापस जाना था तो एक कन्या को खेल आई और राजा को रोक दिया और कहा कि यहां पर मेरी स्थापना करो। इसके बाद कन्या कहीं पर लुप्त हो गई और माता के रूप में यहां पर विराजमान हुई। इसके बाद राजा ने यहां पर माता को स्थापित कर उसकी पूजा-अर्चना की। यहां पर माता के तीन रूप के दर्शन होते हैं। इसमें शीतला माता, ज्वाला माता, भेखली माता विराजमान है। बताया जाता है कि यहां पर जो भी अपने दुखों को लेकर जाता है, माता उसके दुखों को दूर करती है। ऐसे कई वाक्य यहां पर पेश आ चुके हैं। पति की लंबी आयु के अकसर महिलाएं यहां पर आकर माता से मन्नत मांगती हैं।

## माता के मंदिर में होता है चेचक की बीमारी का इलाज

शीतला माता मंदिर के पुजारी के अनुसार माता सभी बीमारियों को दूर करने की माता है और इस मंदिर में बहुत दूर-दूर से हजारों लोग अपने शारीरिक कष्टों का निवारण के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि मान्यताओं के अनुसार चिकन पॉक्स या चेचक उस इंसान को होता है, जिस पर माता का बुरा प्रकोप पड़ता है। माना जाता है कि इस दौरान उनकी पूजा करने पर माता व्यक्ति की शरीर में आती है और बीमारी को ठीक कर देती है। जो लोग सच्चे मन से माता रानी के समक्ष अपनी परेशानी और तकलीफों को बयां करते हैं, उन्हें माता रानी कभी भी खाली हाथ नहीं लौटाती। यहां पर आने वाले भक्त माता रानी को नमक और झाड़ू चढ़ाते हैं या फिर मनोकामना पूरी होने पर नमक और झाड़ू चढ़ाते हैं।

## बिना धोती नहीं होती है माता रानी की पूजा

शीतला माता के पुजारी के अनुसार मंदिर में माता रानी की पूजा करते समय विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है कि पुजारी धोती पहनकर पूजा पाठ करे, बिना धोती की पूजा नहीं की जा सकती। माता रानी की पूजा सुबह और शाम 7.30 बजे नियमित रूप से होती है। उन्होंने बताया कि माता की मंदिर में चमड़े के बने उत्पाद सहित शराब और मादक पदार्थ को ले जाने और इस्तेमाल की सख्त मनाही है।

**नवरात्र में माता रानी के दरबार में लगता है भक्तों का तांता :** जिले के सभी मंदिरों में नवरात्र शुरू होने से भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है। नवरात्र में नव दुर्गा की पूजा विशेष रूप से की जाती है, ऐसे में शीतला माता मंदिर में भी भक्तों का तांता लग जाता है और इस दौरान भक्त माता रानी के दरबार में पूजा-अर्चना कर पुण्य कमाते हैं।

**कैसे करें माता रानी की पूजा :** शीतला सप्तमी-अष्टमी के दिन सुबह जल्दी उठकर माता शीतला का ध्यान करें। शीतला सप्तमी के दिन व्रती को सुबह नित कर्मों से निवृत्त होकर स्वच्छ व शीतल जल से स्नान करना चाहिए। सप्तमी के दिन महिलाएं मीठे चावल, हल्दी, चने की दाल और लोटे में पानी लेकर पूजा करती हैं। माता शीतला को जल अर्पित करें और उसकी कुछ बूंदे अपने ऊपर भी डालें। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### छात्राओं ने नागरिक एकजुटता मार्च में लिया हिस्सा




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू की छात्राओं ने नागरिक एकजुटता मार्च में हिस्सा लिया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू द्वारा अटल सदन ढालपुर कुल्लू में कार्यशाला आयोजित की गई, जिसके बाद नागरिक एकजुटता मार्च निकाला गया। अटल सदन में उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल 1905 को आया कांगड़ा भूकंप भारतीय इतिहास के सबसे घातक भूकंपों में से एक था और यह महत्वपूर्ण है कि हम इस घटना को आपदा जागरूकता दिवस के रूप में याद रखें और इसे एक आपदा के रूप में लें और भविष्य में ऐसी आपदाओं को रोकने के लिए कदम उठाए जाएं। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया और लोगों को जागरूक करने की एक पहल की। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य समुदाय को आपदा प्रबंधन की तैयारियों के प्रति जागरूक करना और स्थानीय स्तर पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण को बढ़ावा देना है। संस्थान के प्रबंधक निदेशक सुखदेव मसीह ने सभी छात्राओं को आपदा दिवस के महत्व के बारे में बताया और हमेशा चौकन्ना रहने की सलाह दी।

### एनएमएमएस परीक्षा में नमहोंग स्कूल के छात्र छाए

**अनंत ज्ञान आनी।** आनी खंड में स्थित सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नमहोंग के दो मेधावी विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। हाल ही में घोषित नतीजों में आठवीं कक्षा की छात्रा वेदिका गर्ग और छात्र अनुराग ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। प्रधानाचार्य केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि नमहोंग स्कूल आनी ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र का उभरता विद्यालय है। इस उपलब्धि पर उन्होंने स्कूल स्टाफ और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह तथा सभी सदस्यों व स्थानीय लोगों ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक राम दयाल, प्रदीप कुमार, टेक चंद, भानु प्रकाश, नरेंदर कुमार, मोनिका ठाकुर, प्रेम लता, नरेश ठाकुर, सौरव ठाकुर, रिचा ठाकुर, ममता ठाकुर, सुशील कुमार आदि सभी शिक्षक व गैर शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी।

### कल धूमधाम से मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान आनी।** भाजपा मंडल आनी की बैठक शुक्रवार को विश्रामगृह आनी में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता आनी मंडलाध्यक्ष वेद ठाकुर ने की। बैठक में 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाने की योजना बनाई गई। सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने घरों में भाजपा का झंडा लगाकर इस दिन को विशेष बनाएं। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके अलावा 9 अप्रैल को खेगसू में आनी विस क्षेत्र के तीनों मंडलों का संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें करीब 500 कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में बरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेंद्र ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, महामंत्री उगम ठाकुर, प्रेम राणा, रमा ठाकुर, भीम सैन, अच्छर सिंह, डोलमा देवी, मधु सूद, मीनाक्षी शर्मा, चमन ठाकुर, गगन साहसी, चंद्र ठाकुर, गंगा देवी, देवेंद्र शर्मा, रामकृष्ण, ओंकार शर्मा, रणवीर, कुलदीप शर्मा, जिया लाल और धर्म सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे।

### आपदा पर संयम बरतने का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान आनी।** पीएम श्री विद्यालय आनी में चार अप्रैल को तहसीलदार आनी भीम सिंह नेगी की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय आपदा जागरूकता दिवस आयोजित किया गया। सर्वप्रथम 11 बजे भूकंप का मॉकड्रिल किया गया जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान आपदा के लिए गठित इवेक्यूएशन कमेटी, रेस्क्यू कमेटी, फर्स्ट एड कमेटी आदि ने भी अपना भूमिका निर्वहन किया। मॉक ड्रिल के पश्चात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवक्ता कुंदन शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा आपदा के दौरान संयम बरतने का संदेश दिया । आपदा प्रबंधन पाठशाला प्रभारी प्रवक्ता नरेश ठाकुर ने पाठशाला की आपदा प्रबंधन योजना की जानकारी दी तथा पाठशाला कैंपस को विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से बहुत तंग माना। अग्निशमन विभाग आनी से कंपनी कमांडर होमगार्ड्स रंजीत कटोच, फायरमैन प्रीतम सिंह ने अन्य फायरमैन के साथ विद्यार्थियों को आपदा के दौरान सुरक्षा हेतु विभिन्न गतिविधियों का व्यावहारिक ज्ञान दिया। तहसीलदार भीम सिंह नेगी ने विद्यार्थियों तथा विभिन्न विभागों से उपस्थित अधिकारी तथा कर्मचारियों और विद्यालय प्रशासन से आपदा प्रबंधन योजना निर्माण तथा क्रियान्वयन की अपील की तथा पाठशाला प्रशासन और फायर ब्रिगेड आनी के आपदा सुरक्षा प्रयासों की तारीफ की ।

# जनसेवा की ओर बढ़े सुमित ठाकुर के हाथों ने कदमों को पहुंचाया दिल्ली

**अनंत ज्ञान, मनाली**

कहते हैं कि पसीने की स्याही से लिखते हैं जो अपनी मेहनत को उनके मुकद्दर के पन्ने, कभी खाली नहीं रहते। इस बात को चरितार्थ किया है कुल्लू जिले के मनाली के शुरू गांव से संबंध रखने वाले युवा आइकन सुमित ठाकुर ने। सुमित ठाकुर को राष्ट्रीय युवा सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

युवा सेवा एवं खेल मंत्री केंद्र सरकार मनसुख मांडवीय, केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे, युवा सेवा एवं खेल मंत्रालय सचिव मीता राजीव लोचन ने सुमित ठाकुर को दिल्ली में सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार वर्ष 2021 व 22 में रक्तदान जन-जागरुकता कार्यक्रमों, अंगदान, युवाओं को समाजसेवा से जोड़ने, भारत सरकार की योजनाओं को गरीब व असहाय लोगों तक पहुंचाने व कोविड काल में बेहतरीन सेवा-जागरूकता कार्य करने के परिणामस्वरूप प्राप्त हुआ है। केंद्र सरकार ने दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित कर सुमित ठाकुर के जनसेवा कार्यों को प्रमाणिकता दी है। देश के 7 करोड़ युवाओं में से 11 युवाओं का चयन भारत सरकार के युवा सेवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा इस राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु किया गया था जिसमें जनसेवा में किए गए कार्यों के बलबूते हिमाचल प्रदेश,कुल्लू-मनाली के सुमित ठाकुर के चयन से हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन हुआ है।



**कुल्लू जिले के सुमित ठाकुर राष्ट्रीय युवा सेवा पुरस्कार से सम्मानित**

**युवाओं के लिए बने प्रेरणा :** गौरतलब रहे कि सुमित ठाकुर के मन में स्कूली समय से ही जनसेवा का ऐसा भाव जागृत हुआ कि उस भाव को अपने सेवा व जागरूकता कार्यों से साकार करते हुए युवाओं की प्रेरणा बना दिया। सुमित की इस उपलब्धि के लिए स्थानीय क्षेत्र व घर में बधाई देने वालों का तांता लगा है। सोशल मीडिया पर युवाओं के बीच अच्छी पहुंच रखने से सोशल मीडिया सुमित ठाकुर को बधाई देने वालों से भरा पड़ा है।

### अभिभावकों और साथियों को दिया श्रेय

सुमित ठाकुर ने पुरस्कार मिलने पर इसका श्रेय अपने माता-पिता रिश्तेदारों अपने गुरुजनों अपने साथियों को दिया है। मनाली जैसे व्यवसायिक गतिविधियों व पर्यटन के लिए प्रसिद्ध नगर से होने के बावजूद जहां हर कोई व्यवसायों से जुड़ कर पैसा बनाने की होड़ में लगे हैं, वही सुमित ठाकुर जनसेवा का भाव लिए सेवा कार्य करते जा रहे हैं जो कि मिसाल कायम करने वाली बात है।

# पांगणा के कार्तिक का प्रवक्ता गणित पद पर चयन

**अनंत ज्ञान, आनी।** सुकेत की प्राचीन राजधानी पांगणा के कार्तिक गुप्ता ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा संघ द्वारा आयोजित गणित प्राध्यापक परीक्षा को उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्तिक गुप्ता पांगणा के व्यवसायी कर्मचंद गुप्ता के पुत्र हैं। कार्तिक गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बहनों के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है।



कार्तिक ने कहा कि यदि लक्ष्य निर्धारित और दृढ़ संकल्प हो तो सफलता की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। गणित प्रवक्ता पद पर चयनित होने पर कार्तिक कुल्लू जिले के निरमंड क्षेत्र से अपने करियर की शिक्षा क्षेत्र में शुरूआत करेंगे ।पांगणा वासियो को कार्तिक गुप्ता की इस उपलब्धि पर गर्व है।

# अत्यधिक कंक्रीट का प्रयोग सतत् विकास के अनुकूल नहीं : तोरुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला आपदा प्रबंधन अभिकरण कुल्लू द्वारा कांगड़ा में साल 1905 में आए विनाशकारी भूकंप की याद में शुक्रवार को आपदा जागरूकता दिवस के रूप में अटल सदन में मनाया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उपायुक्त ने कहा कि आपदा के समय के लिए कार्य करने के लिए स्थानीय युवाओं को आपदा स्वयंसेवक के रूप में प्रशिक्षण देकर तैयार किया जा रहा है । इसमें वे सभी लोग शामिल होंगे, जो आपदा के समय प्रशासन के साथ पूरी तरह से आपदा प्रबंधन तथा खोज एवं बचाव अभियान में प्रशासन की मदद करते हैं। इसी के साथ-साथ एक नई मुहिम के तहत प्रत्येक पंचायत में आपदा प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में आए हुए वक्ताओं को भी सराहना करते हुए कहा कि इन वक्ताओं ने भवन निर्माण की पारंपरिक शैली से भवन निर्माण के तरीकों पर जानकारी उपलब्ध करवाई गई है।

उन्होंने सतत् विकास के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा कार्बन फुटप्रिंट में वृद्धि हो रही है हमारे प्रति व्यक्ति उपभोग की आवश्यकताओं में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा की आवश्यकता से अधिक भवन का निर्माण अत्यधिक कंक्रीट का प्रयोग सतत विकास के अनुकूल नहीं है। कार्यक्रम में जिला राजस्व अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारी विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, पुलिस, एसएसबी के लोग उपस्थित रहे।

# घर-घर स्थापित होंगे सौर ऊर्जा पैनल, मिलेगी सब्सिडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

हिमाचल में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना घर-घर बिजली पैदा होगी। इस योजना के तहत घर-घर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित किए जाएंगे। अधिशाषी अभियंता विद्युत केलांग विजय ठाकुर ने बताया कि इसके लिए केंद्र सरकार प्रति किलोवाट सोलर पैनल स्थापित करने पर सब्सिडी भी प्रदान करेगी। सरकार की इस योजना के तहत मकान मालिक सब्सिडी हासिल कर घरों पर 1 से लेकर करीब 10 किलोवाट तक के सोलर पैनल लगा सकते हैं, लेकिन सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी 3 किलोवाट पैनल तक ही मिलेगी।

वहीं, मकान मालिक इस योजना का लाभ उठाकर प्रति माह कम से कम 300 यूनिट तक बिजली पैदा कर सकेंगे, जिससे उनकी मासिक बिजली बिल की समस्या भी खत्म होगी। वहीं, यदि बिजली का अधिक उत्पादन करते हैं तो इसे बिजली बोर्ड को बेच भी सकते हैं। उपभोक्ता सोलर रूफ टॉप के सीधे पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं और यदि कोई प्रश्न या अपलोडिंग उपभोक्ता सोलर रूफ टॉप अपलोडिंग प्रक्रिया के लिए विद्युत उपखंड केलांग नोडल अधिकारी को कॉल कर सकते हैं। इसके लिए एर विपिन शर्मा सिस्सू और टांडी क्षेत्र संपर्क नंबर 94598-84823, एर तरसेम सिंह केलांग क्षेत्र संपर्क नंबर 70184 33379, एर रोहित ठाकुर गेमूर क्षेत्र संपर्क नंबर 70182-69399 पर जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### क्या है सोलर संयंत्र पर बिजली सबसिडी

| सोलर पैनल | सबसिडी |
|---|---|
| 1 किलोवाट | 33 हजार रुपए |
| 2 किलोवाट | 66 हजार रुपए |
| 3 किलोवाट | 85800 रुपए |

# गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान बनी 108

## सेवा ने लगभग 78,000 गर्भावस्था से संबंधित मामलों सहित कुल 4.27 लाख से अधिक आपात स्थितियों को संभाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/ हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत मेडस्वान फाउंडेशन द्वारा संचालित 108 (एंबुलेंस सेवा) ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 15 जनवरी, 2022 को अपना परिचालन शुरू करने के बाद से मेडस्वान फाउंडेशन द्वारा संचालित 108 एंबुलेंस सेवा ने लगभग 78,000 गर्भावस्था से संबंधित मामलों सहित कुल 4.27 लाख से अधिक आपात स्थितियों को संभाला है जिसमें 3,060 से अधिक सुरक्षित प्रसव में सफलतापूर्वक सहायता प्रदान करना शामिल है।

यह उपलब्धि राज्य भर में मातृ और नवजात स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के लिए सेवा की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हर 9 घंटे में औसतन एक नवजात शिशु के जन्म के साथ, यह सेवा गर्भवती माताओं के लिए जीवन रेखा के रूप में उभरी है, विशेष रूप से दूरदराज एवं दुर्गम क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य सेवा की पहुंच सीमित है। 108 एंबुलेंस सेवा ने राज्य के व्यापक स्वास्थ्य लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए मातृ और नवजात मृत्यु दर को कम करने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है। कुशल एंबुलेंस स्टाफ और आवश्यक डिलीवरी किट से लैस, यह सेवा सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करती है।




कई मामलों में जब प्रसव पीड़ा से गुजर रही माताओं को विभिन्न जटिलताओं के कारण उच्च चिकित्सा सुविधाओं के लिए रेफर किया गया, तो कठिन परिस्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालते हुए एंबुलेंस कर्मचारियों ने रास्ते में ही सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करवा सैकड़ों जिंदगियां बचाई हैं। अस्पताल-पूर्व प्रसूति देखभाल और संस्थागत स्वास्थ्य सेवा के इस सहज मिश्रण ने जीवन घातक जटिलताओं को टाला है। आपातकालीन प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण अंतराल को पाटकर, 108 सेवा ने हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य सूचकांकों को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत किया है, जिसने देशभर में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया है।

### पहाड़ी भू-भाग में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच चुनौतीपूर्ण

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी और कठिन भू-भाग में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अक्सर चुनौतीपूर्ण होती है। 108 एंबुलेंस सेवा ने इस चुनौती को एक अवसर में बदल दिया है और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे की रीढ़ के रूप में उभरी है, जो पूरे राज्य में यहां तक कि सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में भी 24×7 सेवा सुनिश्चित करती है। यह उपलब्धि हिमाचल प्रदेश सरकार के विजन, एनएचएम के समर्पण और मेडस्वान फाउंडेशन की परिचालन उत्कृष्टता का प्रमाण है। संख्याओं से परे, 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा सहायता प्राप्त प्रत्येक प्रसव आशा और खुशी की कहानी कहता है। हजारों परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लाता है। सेवा के प्रशिक्षित कर्मचारियों और मजबूत आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली ने अस्पताल-पूर्व देखभाल को नए सिरे से परिभाषित किया है। 3,000 से अधिक प्रसव मात्र एक संख्या नहीं है। यह प्रदेश के लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस सेवा पर रखे गए भरोसे का प्रतिबिंब है और स्वस्थ राज्य की ओर एक कदम है। प्रदेश सरकार के निरंतर मार्गदर्शन और एनएचएम के अटूट समर्थन के तहत, मेडस्वान फाउंडेशन प्रदेश के लोगों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने और जीवन बचाने के अपने मिशन को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम राज्य के नागरिकों से अपील करते हैं कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में 108 टोल फ्री नंबर डायल करें।

**आयोजन** स्व. लाल चंद प्रार्थी की याद में शाम-ए-गजल कार्यक्रम आयोजित

# हिमाचल की संस्कृति के उत्थान में प्रार्थी का अहम योगदान : कंवर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा स्व.लाल चंद प्रार्थी की 109वीं जयंती के उपलक्ष पर शाम-ए-गजल कार्यक्रम का आयोजन सूत्रधार भवन के सभागार में बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कुल्लू कविता ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम स्व. लाल चंद प्रार्थी जी को पुष्पांजलि व दीप प्रज्जवलित कर की गई।

संस्था द्वारा कार्यक्रम में पधारे मुख्यातिथि को कुल्लवी परंपरा अनुसार शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में पधारे विशेष अतिथि समाजसेवी एवं एमडी कुल्लू हाईवे पेट्रोल पंप नजदीक भूतनाथ बृज, डीसी यादव तथा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेडियो तथा दूरदर्शन के उच्च श्रेणी के गजल गायक डॉ. सुधीर शर्मा तथा इनके साथ आए तरुण राज गौड़ को भी कुल्लवी परंपरा अनुसार शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में संस्था के उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह ने मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लाल चंद प्रार्थी ने हिमाचल प्रदेश की संस्कृति के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने करवाया कार्यक्रम का आयोजन।

हिमाचल प्रदेश में भाषा-संस्कृति विभाग और भाषा अकादमी की स्थापना, कुल्लू के प्रसिद्ध दशहरा मेले को अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करना तथा कुल्लू में मुक्ताकाश कला केंद्र की स्थापना उनके ही प्रयास से हुई, इसलिए लाल चंद प्रार्थी को 'चांद कुल्लवी' के नाम से भी जाना जाता है । इस शाम-ए-गजल कार्यक्रम में संस्था के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत व नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गईं। इसमें डिंपल, अमीषा सेन, रामेश्वर महंत ने अपनी गायकी तथा रेखा व तारा शर्मा ने अपनी बेहतरीन नृत्य की प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी। इसके पश्चात् कार्यक्रम में पधारे विशेष मेहमान कलाकार डॉ. सुधीर शर्मा ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन गजलों की पेशकश प्रस्तुत कर अपनी गायकी से समां बांधा । इनके साथ तबले पर तरुण राज गौड़ तथा बांसुरी पर निशांत गौतम ने संगत की।

इस अवसर पर मुख्यातिथि कविता ठाकुर ने भी कला, संस्कृति के संरक्षण व संबर्धन के साथ समाज सेवा में किए जा रहे संस्था के प्रयासों की भूरी-भरी प्रशंसा की। इस संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन सुंदर श्याम महंत द्वारा बखूभी निभाया गया। कार्यक्रम में एपीआरओ जय प्रकाश शर्मा, जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, साहित्य एवं कला संस्कृति मंच के अध्यक्ष अनुराग प्रार्थी व सचिव शिवानी, कमला प्रार्थी, इंद्रा शर्मा, प्रेमलता अवस्थी, हेमा शर्मा, कैप्टन रणधीर सल्हुरिया, सुधीर सहित सूत्रधार कला संगम कुल्लू के संरक्षक मंडल सदस्य युवराज बौध, उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोंगेंद्र ठाकुर, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव मंजुलता शर्मा, यशोदा शर्मा व हितेश गोगी, लोकनृत्य प्रभारी सीमा शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य सुबोध सूद, विशेष आमंत्रित सदस्य सुंदर श्याम, प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर तथा प्रबंधक उत्तम चंद उपस्थित रहे ।

सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन जो कि इन दिनों न्यूजीलैंड में हैं, उन्होंने भी वहां से इस कार्यक्रम में पधारे सभी मेहमानों का धन्यवाद किया और इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सूत्रधार की संपूर्ण कार्यकारिणी, सभी सदस्यों व समस्त कलाकारों को बधाई दी है।

# देवसदन में बहुभाषी कवि सम्मेलन में 50 कवियों ने प्रस्तुत की रचनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**युवाओं को प्राचीन संस्कृति की जानकारी बेहद जरूरी : प्रोमिला**

हिमाचल प्रदेश सरकार के भाषा एवं संस्कृति विभाग कुल्लू द्वारा स्वर्गीय लाल चंद प्रार्थी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को एक बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन देव सदन में किया। इस सम्मेलन में विभिन्न वरिष्ठ एवं युवा कवियों द्वार हिंदी, पहाड़ी, संस्कृत, और उर्दू भाषाओं में कविताएं सुनाई गईं। कवि सम्मेलन में लगभग 50 कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की इस सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार तोब्दन ने की।

कार्यक्रम में परिचर्चा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस पूरे समारोह के दौरान स्व. लाल चंद प्रार्थी द्वारा हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को सहेजने के लिए दिए गए योगदानों को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि लाल चंद प्रार्थी कुल्लू हिमाचल प्रदेश सरकार में मंत्री रहे उन्होंने 1967 में भाषा-संस्कृति विभाग और अकादमी की स्थापना की थी। उन्होंने कुल्लू जिला के इतिहास को 'कुल्लू देश की कहानी' नामक पुस्तक में लिखा था। उन्होंने 1972-73 में जिला कुल्लू के ढालपुर में उत्तर भारत का पहला ओपन एयर थियेटर (कला केंद्र) बनवाया था। उन्होंने कहा कि स्व. लाल चंद प्रार्थी ने प्रदेश की संस्कृति को सहेजने के लिए जो योगदान दिया था, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि युवाओं को जब तक प्राचीन संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी नहीं होगी, तब तक इन बातों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे नहीं पहुंचाया जा सकता। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार, सेवानिवृत्त प्रोफेसर वरयाम सिह, डॉ. सूरत ठाकुर, इशिता रंजन, अनुराग प्रार्थी उपस्थित रहे।

# जल्द मिलेगी पार्किंग की सुविधा

## सपरून में फुटपाथ का हो रहा निर्माण और स्लिप रोड भी बनेगा, नगर निगम ने पार्किंग का शुरू किया कार्य

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सपरून में निर्माणाधीन फुटपाथ के साथ अब स्लिप रोड और पार्किंग का भी निर्माण होगा। नगर निगम ने इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इससे यहां पर जल्द स्थानीय लोगों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी। खासकर पार्किंग का लाभ वार्ड-13 और 14 के निवासियों को मिलेगा। पार्किंग की कमी से यहां पर अधिकतर वाहन सड़क किनारे ही पार्क किए जा रहे हैं।

वहीं, फुटपाथ के साथ स्लिप रोड बनने से हाउसिंग कॉलोनी और क्लीन की तरफ जाने वाले वाहनों को फोरलेन से मुड़ने में जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा। स्थानीय लोगों की मांग पर पार्षद राजीव कौड़ा ने नगर निगम से स्लिप रोड और पार्किंग निर्माण की मंजूरी प्रदान करवाई है।

**फुटपाथ को 20 लाख मंजूर**

सपरून में फुटपाथ निर्माण को सरकार से 20 लाख रुपए की राशि मंजूर हुई है। हालांकि इस कार्य को पूरा करने के लिए 60 लाख रुपए की रिवाइज्ड डीपीआर बनी है। फोरलेन की जद में आए फुटपाथ का नए सिरे से निर्माण के लिए स्थानीय सामाजिक संस्थाओं सहित वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा को चार साल संघर्ष करना पड़ा। पार्षद के प्रयासों से फुटपाथ निर्माण की योजना सिरे चढ़ी।

कुछ महीने पहले ही स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मौजूदगी में इसका शिलान्यास हुआ है। शुरू में फुटपाथ निर्माण वाली जगह रेहड़ी-फड़ी का कब्जा हो गया था, जिससे हाईकोर्ट के आदेश से हटाया गया है। (अनंत ज्ञान)



सपरून में शुरू हुआ पार्किंग का निर्माण कार्य।

### चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

सपरून में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबौन, आंजी, तथा वार्ड -1 का देऊंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उपनगरों और आसपास के गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों की भीड़ के बीच में से चलने को मजबूर होना पड़ता है। यदि समय रहते फुटपाथ का निर्माण होता है तो लोगों को जल्द पैदल चलने की आसानी होगी और दुर्घटनाएं भी नहीं होंगी।।

> सपरून में फुटपाथ निर्माण के अलावा पार्किंग और स्लिप रोड का निर्माण किया जा रहा है। फुटपाथ बनने से जहां स्थानीय लोगों को पैदल चलने की सुगमता होगी, वहीं यहां पर जल्द पार्किंग की सुविधा भी होगा।
> **-राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

### पार्किंग के लिए 10 लाख रुपए मंजूर

नगर निगम ने सपरून में पार्किंग निर्माण की योजना मंजूर करवाई है। इसके लिए सरकार से 10 लाख रुपए की राशि मिली है। यहां पार्किंग बनने से करीब 50 वाहनों को पार्क करने की सुविधा होगी। हालांकि सपरून में लोक निर्माण विभाग का रैन शेल्टर पार्किंग निर्माण में बाधा बना हुआ है। निगम को अभी तक रैन शेल्टर को तोड़ने की अनुमति नहीं मिली है।

# गोवंश हत्याकांड के विरोध में हरिपुरधार में निकाली रैली



गोवंश हत्याकांड के विरोध में हरिपुरधार में रोष रैली निकालते लोग।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर जिले के हरिपुरधार में रुद्र सेना देवभूमि संगठन और हिंदू सनातनी लोगों द्वारा गत दिनों पांवटा सहित और उत्तराखंड की सीमा पर हुए गोवंश हत्याकांड के विरोध में सैकड़ों लोगों द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में रुद्र सेना, हिंदू संगठन और सनातनी संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा पांवटा साहब में गोवंश की निर्मम हत्या का कड़े शब्दों में विरोध किया और गोवंश हत्या करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की मांग की गई।

इन संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हरिपुरधार बाजार में रैली निकालकर गोवंश हत्यारों और जिहादी घुसपैठियों के खिलाफ नारेबाजी की गई और विभिन्न प्रकार के स्लोगन का प्रदर्शन किया गया। रुद्र सेना देवभूमि संगठन हरिपुरधार इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र राणा ने बताया कि पांवटा साहिव में हुए गोवंश के जघन्य हत्या के अपराधियों ने सनातन और हिंदू धर्म की आस्था पर गहरी चोट की है। पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार हरिपुरधार के माध्यम से देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंप कर मांग की कि इस प्रकार के गोवध हत्यारों, जिहादी घुसपैठियों और राष्ट्र विरोधियों को कड़ी सजा देने के लिए विधेयक लाया जाना चाहिए और इस कानूनी प्रक्रिया में ऐसे जघन्य अपराधियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल देवभूमि है और शांतिप्रिय राज्य है और यहां जेहादी घुसपैठिए और गोवंश हत्यारे आपसी भाईचारा और शांति खराब करने की कुचेष्टा कर रहे हैं, ऐसे लोगों पर लगाम लगाई जानी चाहिए।

## आपदाओं से बचाव की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण के उद्देश्य के साथ आज यहां आपदा जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) तथा स्कूली बच्चों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। जागरूकता कार्यक्रम में एनडीआरएफ 14वीं वाहिनी जसूर (नूरपुर) और एसडीआरएफ के जवानों द्वारा उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारियों तथा स्कूल के बच्चों को आग की घटना, भूस्खलन तथा भूकंप के आने पर उससे बचाव व राहत कार्यों पर आधारित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मनमोहन शर्मा ने कहा कि इस मॉकड्रिल का उद्देश्य आगज़नी जैसी घटना घटित होने पर राहत व बचाव के संबंध में त्वरित उठाए जाने वाले विभिन्न प्रभावी कदमों की तैयारियों को सुनिश्चित करना है ताकि इस प्रकार की आपदा के समय में प्रभावित लोगों के बचाव के लिए समय रहते प्रभावी कदम उठाकर जान माल के नुकसान को कम किया जा सके। इससे पहले स्कूल के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली भी निकली गई। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन, उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, डॉ. शालिनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व स्कूली बच्चे इस अवसर पर उपस्थित थे।

## आपदा में तत्परता से कम होगी जानमाल की हानि : डीसी



**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त कार्यालय के प्रांगण में आज प्रातः 11 बजे चेतावनी संयंत्र हूटर की ध्वनि के साथ भूकंप आपदा प्रतिक्रिया ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें उपायुक्त कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। ड्रिल के उपरान्त उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा ने बताया कि आज 1905 में कांगड़ा में आए भूकंप की याद में आपदा जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को आपदा के समय होने वाली जान-माल की हानि को कम करने के लिए जागरूक तथा भूकंप की स्थिति में तैयारी और तत्परता सुनिश्चित करना है। मॉकड्रिल के दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा, एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान, कमांडेंट होमगार्ड तोता राम शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी चेतन चौहान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अनीता ठाकुर, अरविंद ठाकुर सहित उपायुक्त कार्यालय, वन विभाग के कर्मचारी तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रों को आपदा के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में 4 अप्रैल 1905 को कांगड़ा में आए विनाशकारी भूकंप को याद करते हुए स्कूली बच्चों में जागरूकता हेतु मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे अलार्म बेल बजने के साथ ही सभी विद्यार्थी और अध्यापक सचेत हो गए और आपदा से स्वयं को बचाने के लिए अलग-अलग दरवाजों से कतारों में खुले मैदान में एकत्रित हुए। कुछ छात्रों ने अपने आप को डेस्क के नीचे अपने सिर को ढक लिया। मेडिकल टीम फर्स्ट एड करने में जुट गई। सभी कर्मचारियों व छात्रों की पूर्ण गिनती करने के बाद आपदा प्रबंधन समन्वयक प्रकाश चंद ने सभी बच्चों को इस मॉकड्रिल के बारे जानकारी प्रदान की। इस ड्रिल में प्रथम कक्षा से लेकर दसवीं तक सभी विद्यार्थियों के साथ सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्याध्यापक पीसी बढ़ ने सभी से अपने घर में परिवार के साथ मॉकड्रिल के बारे जानकारी देने को कहा।

## दाड़लाघाट में आपदा प्रबंधन पर मॉकड्रिल आयोजित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में आपदा प्रबंधन से संबंधित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों,अध्यापकों और अभिभावकों ने भाग लिया। मॉकड्रिल में भूकंप जैसी आपदा आने पर कैसे अपनी कार्यवाहियों को धरातल पर लागू करना है, इसका जीवंत नमूना प्रस्तुत किया गया। विद्यालय में आपदा प्रबंधन प्रभारी सीमा शर्मा ने एक भूकंप रोधी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप की स्थिति में कैसे सुरक्षित स्थानों पर पहुंचना है और कैसे आपदा की स्थिति में प्रतिक्रिया करनी है। तेजेंद्र कुमार ने 4 अप्रैल 1905 को कांगड़ा में आए भूकंप से हुए जानमाल की संपूर्ण जानकारी दी। इस मॉकड्रिल के सफल संपादन में भोपाल सिंह ने भरपूर सहयोग दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए तथा इस मॉकड्रिल के सफल संचालन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह मॉकड्रिल आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाने में बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## बुघार में अग्नि से सुरक्षा की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में एक आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल का आयोजन किया प्रधानाचार्य रेखा राठौर के उद्बोधन से हुई। उन्होंने प्रातःकालीन सभा में 4 अप्रैल 1905 को आए कांगड़ा भूकंप की भयावहता पर प्रकाश डालते हुए आपदा से बचाव और जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया। सुबह ठीक 11 बजे जैसे ही फायर अलार्म बजा, मॉकड्रिल को निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार संपन्न किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य छात्रों और स्टाफ को आपातकालीन निकासी, प्राथमिक उपचार और अग्नि सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था।

# शूलिनी मंदिर में नवरात्र पर माता कात्यायनी का श्रद्धालुओं ने किया गुणगान

**अनंत ज्ञान, सोलन**



चैत्र शुक्ल नवरात्र के मां दुर्गा के छठे स्वरूप माता कात्यायनी के नवरात्र पर नवरात्र उत्सव मंडल व नव दुर्गा संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने मिलकर शूलिनी माता मंदिर परिसर में माता कात्यायनी का नवरात्र पढ़ा।

मंडल के सदस्य व समाजसेवी मुकेश गुप्ता ने माता कात्यायनी के बारे में संक्षिप्त वर्णन किया। गुप्ता ने कहा कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती की उपासना व कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। मां दुर्गा की छठीं शक्ति हैं मां कात्यायनी। नवरात्र में छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस देवी को नवरात्रि में छठे दिन पूजा जाता है।

भजनों को हरीश मारवाह, प्रदीप अंग्रेवर, राकेश अग्रवाल, विकास ओबराए, अमित ओबराए, किशन ग्रोवर, मोहन दत्त शर्मा, नवीन शर्मा, साहिल ने बहुत मधुर स्वरों के साथ गाया।

# कोटला बड़ोग स्कूल के चार छात्रों को 4 वर्ष तक मिलेगी 12-12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, सोलन**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बड़ोग जिला सिरमौर के 4 छात्रों का राष्ट्रीय माध्यमिक मेरिट छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) में चयन हुआ है। यह छात्रवृत्ति केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाती है और इसका उद्देश्य माध्यमिक स्तर पर शिक्षा प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

चयनित छात्रों में अविनाश, काव्यांश, ज्योति और नैंसी शामिल हैं। इन छात्रों को प्रति वर्ष 12,000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जो 4 वर्ष तक जारी रहेगी। यह छात्रवृत्ति छात्रों को अपनी शिक्षा जारी रखने में मदद करेगी और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में समर्थन प्रदान करेगी। प्रिंसिपल बंसी लाल नेगी ने कहा कि हमें अपने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व करते हैं। यह उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हमें उम्मीद है कि यह छात्रवृत्ति उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगी।

विद्यालय के अध्यापकों ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। एसएमसी के अध्यक्ष गोविंद राम शर्मा और प्रधान ग्राम पंचायत दारोदेवरिया देवेंद्र कुमार कंवर ने कहा हमें अपने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व हैं। यह हमारे विद्यालय के प्रिंसिपल बंशीलाल नेगी की मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुविधाओं का परिणाम है।

हमें उम्मीद है कि यह छात्रवृत्ति उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। इन बच्चों के इस उपलब्धि के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया।

## यशराज ने उत्तीर्ण की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनागुघाट के छात्र यशराज ने राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। यशराज ने सोलन जिले में पांचवां स्थान प्राप्त कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय शर्मा और शिक्षकों ने यशराज को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इससे अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी।

# वन मंडल जोगिंद्रनगर की मोनिका रही टॉपर

**अनंत ज्ञान, सोलन/कंडाघाट**



**वन प्रशिक्षण संस्थान चायल के दीक्षांत समारोह में वन रक्षकों को बांटे प्रमाण पत्र**

वन प्रशिक्षण संस्थान चायल में वन रक्षकों के 75वें सत्र के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समीर रस्तोगी भारतीय वन सेवा अधिकारी प्रधान मुख्य अरण्यपाल (वन बल प्रमुख) वन विभाग हिमाचल प्रदेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण सत्र 7 अक्तूबर से 4 अप्रैल तक चला।

इसमें वन विभाग हिमाचल प्रदेश के 12 वन वृत्तों क्रमशः बिलासपुर, चंबा, धर्मशाला, हमीरपुर, कुल्लू, मंडी, नाहन, रामपुर, शिमला, सोलन, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी एवं वन्य प्राणी शिमला के 44 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया एवं सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र, मेडल व ट्रॉफी वितरित किए गए। वन प्रशिक्षण संस्थान चायल के निदेशक हितेंद्र शर्मा हिमाचल प्रदेश वन सेवा अधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंच संचालन का कार्य सह-निदेशक वन प्रशिक्षण संस्थान चायल रीना ठाकुर ने किया। 75वें बैच के शैक्षिक टापर वन मंडल जोगिंद्रनगर की कुमारी मोनिका, द्वितीय स्थान पर मंडी वन मंडल की कुमारी भारती देवी व तृतीय स्थान पर वन्यप्राणी मंडल जीएचएनपी शमशी की कुमारी खिला देवी रही।

12 किमी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वन्य प्राणी मंडल जीएचएनपी शमशी के वीरेंद्र सिंह, रहे। 6 किमी हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पांवटा साहिब वन मंडल की कुमारी मनीशा ठाकुर रही। वन प्रशिक्षण संस्थान चायल की ओर से मुख्य अतिथि व आए हुए अन्य अतिथिगणों का धन्यवाद वन प्रशिक्षण संस्थान, चायल की संयुक्त-निदेशक नीना देवी, हिमाचल प्रदेश वन सेवा अधिकारी ने किया।

दीक्षांत समारोह में हितेंद्र शर्मा निदेशक वन प्रशिक्षण संस्थान चायल, नीना देवी संयुक्त-निदेशक, मोहित दत्ता व अश्वनी कुमार उपनिदेशक, वन प्रशिक्षण संस्थान, चायल, वन राजिक तारा दत्त, रीना ठाकुर, वनीता भारद्वाज व भरत कोहली, उप वन राजिक मोहित गौतम व संदीप कुमार, कनिष्ठ सहायक प्रवीन कुमार व वन रक्षक, वन प्रशिक्षण संस्थान, चायल सर्व अंकुश शर्मा, सुमेश राज, वैशाली ठाकुर, बंधू शर्मा व अनुज कुमार तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## 30 अप्रैल को प्रदेश का सबसे पुराना नाहन स्कूल मनाएगा स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, नाहन।** वर्ष 1783 में स्थापित हिमाचल प्रदेश के सबसे पुराने स्कूलों में शुमार राजकीय शमशेर वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नाहन 30 अप्रैल को अपना स्थापना दिवस मनाएगा। स्थापना दिवस समारोह के मद्देनजर नाहन के कांग्रेस विधायक को अजय सोलंकी ने स्कूल का दौरा किया। इस दौरान सोलंकी ने कहा कि यह हिमाचल प्रदेश का सबसे पुराना स्कूल है और यहां से हिमाचल के पहले मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार समेत कई नामी हस्तियों ने शिक्षा ग्रहण की है। अजय सोलंकी ने कहा कि स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल में विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए हॉस्टल की भी व्यवस्था सरकार द्वारा शुरू की जा रही है। दिव्यांग बच्चों के हॉस्टल के लिए 6 लाख रुपए की राशि जारी की गई है, साथ ही लेबोरेटरी के लिए भी 5 लाख रुपए की राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि स्कूल की जीर्णोद्धार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि स्कूल एक लंबा इतिहास समेटे हुए है।

# बारिश की कमी से कम हुई सोलन के मटर की फसल, किसान मायूस

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**गुजरात महाराष्ट्र में भी है मांग**



जिला मुख्यालय सोलन के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार होने वाले मटर की मांग इन दिनों गुजरात और महाराष्ट्र के बड़े शहरों की मंडियों में चल रही है, पर बारिश की कमी से किसानों की फसल कम होने से यह वर्ग परेशान है।

सोलन में पैदा होने वाला ऑफ सीजनल मटर स्वाद और गुणवत्ता में अच्छा माना जाता है। इसके चलते इसके अच्छे दाम किसानों को मिलते हैं, पर इस बार बारिश नहीं होने से जिले में कई किसानों की फसल तैयार होने के साथ पहले तुड़ान में ही सिमट गई है। समय पर अच्छी बारिश नहीं होने से पौधे समेत मटर की ग्रोथ ही नहीं हो पाई।

सबसे अधिक प्रभाव बारिश निर्भर क्षेत्रों में पड़ा है, जहां पर एक बार मटर की तुड़ाई की गई। इस दौरान इन किसानों को मटर के भी सही दाम नहीं मिल पाए हैं। जिले के कई किसान तो खरीद किए गए महंगे बीज और दवाओं की लागत भी पूरी नहीं कर पाए हैं। जानकारी के अनुसार इस बार समय पर बारिश न होने पर अधिकतर किसान तो मटर की बिजाई ही नहीं कर पाए थे, वहीं जिन किसानों ने सूखे में ही बिजाई की थी, उनकी फसल खराब हो गई। बारिश न होने से मटर ग्रोथ रुक गई।

हालांकि इस माह की शुरुआत में बारिश हुई है, लेकिन इसका मटर के लिए कोई फायदा नहीं हुआ है। इन दिनों मटर के दाम भी अच्छे मिल रहे हैं, लेकिन किसानों के पास फसल ही नहीं है। सिंचाई वाले क्षेत्रों से मटर की खेप रोजाना मंडी पहुंच रही है। अभी भी मटर 43 रुपए प्रति किलो तक बिका है।

> बारिश पर निर्भर क्षेत्रों में मटर की फसल पहले ही खराब हो गई थी, जिन क्षेत्रों में थोड़ी देरी से लगाई थी, वहां पर एक तुड़ान में ही खत्म हो रही है।
> **-देवराज कश्यप, जिला उपनिदेशक, कृषि विभाग सोलन।**

## स्व. अमित की याद में 8 को रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** क्योरटेक ग्रुप के संस्थापक स्व. अमित सिंगला की याद में 8 अप्रैल को जन्मदिवस पर 32वां रक्तदान शिविर क्योरटेक परिसर बद्दी में होगा। क्योरटेक ग्रुप के सीईओ सुमित सिंगला ने बताया कि स्व. अमित सिंगला के प्रति यह एक सच्ची श्रद्धांजलि है जिसमें जरूरतमंद मरीज़ों की जान बचाने हेतु रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भले समाज में अभी भी रक्तदान को लेकर भ्रांतियां हैं परंतु बद्दी रीजन में गत कई वर्षों से रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ी है जो कि एक सराहनीय काम है।

## पशु संजीवनी योजना के तहत राजगढ़ क्षेत्र के पशुपालकों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पशु संजीवनी योजना के तहत राजगढ़ के चार अलग अलग स्थानों पर पशुपालकों के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। घर-द्वार पर ही पशुपालकों को पशुओं की स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है। इस सेवा के तहत पशुपालक किसी भी समय टोल फ्री नंबर (1962) पर कॉल करके अपने पशुओं के लिए आपातकालीन उपचार सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी मानसी शर्मा के अनुसार आज राजगढ़ के चार अलग-अलग स्थानों जिसमें दुधम मतियाना, धरोटी, रेहड़ी गुसान व कोटला मांगन में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को पशु मोबाइल चिकित्सा इकाई के बारे में बताया गया कि किस तरह से पशुपालक को फ्री नंबर 1962 पर फोन करके क्या-क्या सुविधा मिल सकती है। मानसी शर्मा ने पशुपालकों को बताया इस सेवा का लाभ उठाना चाहिए। इसके साथ-साथ पशुपालन विभाग द्वारा प्रदेश में चलाई जा रही योजनाओं, दुधारु पशुओं की देखभाल, पशुओं के संतुलित आहार आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## धुंदन की छात्रा स्नेहा ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन की छात्रा स्नेहा ने राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। स्नेहा ने सोलन जिले में तीसरा स्थान हासिल करके अपना, अपने स्कूल और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने स्नेहा और उसके माता-पिता और सभी शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता इसकी मेहनत और अध्यापकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है। स्नेहा की इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है और इससे दूसरे छात्रों को भी प्रेरणा मिलती है।

**तालमेल** मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने वैश्विक सहयोग के लिए शूलिनी विवि का किया दौरा

# वैश्विक शिक्षा और करियर के रास्तों के बारे में जानकारी की साझा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने चल रहे वैश्विक शैक्षणिक कार्यक्रमों के तहत ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। आने वाले प्रतिनिधियों में वैश्विक शिक्षा रणनीति के कार्यकारी निदेशक डॉ. डेविड इजराइल और विज्ञान विद्यालय की संकाय कार्यकारी निदेशक रोज ब्रायंट स्मिथ शामिल थे। उन्होंने कई प्रमुख गतिविधियों में भाग लिया, जो अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अपनी यात्रा के दौरान डॉ. डेविड ने ग्लिच टेक फेस्ट का उद्घाटन किया, जो अत्याधुनिक तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करने वाला एक मंच है, जबकि सुश्री रोज ब्रायंट स्मिथ ने परिसर में प्रकृति और रचनात्मकता से फ्लावर फेस्ट का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त रोज ने छात्रों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया, जिसमें वैश्विक शिक्षा और करियर के रास्तों के बारे में जानकारी साझा की गई। शूलिनी विश्वविद्यालय में इनोवेशन एंड एंटरप्राइज के अध्यक्ष प्रो. आशीष खोसला और डॉ. डेविड के बीच एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक हुई, जिसमें शैक्षिक मूल्यांकन के लिए भारत में प्रस्तावित संयुक्त उद्यम पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा में वैश्विक शिक्षण मानकों और मूल्यांकन पद्धतियों को बढ़ाना है।



शूलिनी यूनिवर्सिटी पहुंचा मेलबर्न यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधिमंडल।

प्रतिनिधियों ने एक व्यापक परिसर का दौरा भी किया, जिसमें नैनो टेक्नोलॉजी लैब, एआई और फ्यूचर सेंटर और आईपीआर और सीआरसी रिसर्च सेंटर सहित अत्याधुनिक शोध केंद्रों का दौरा किया। विश्वविद्यालय के अनुसंधान बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक दृष्टि से प्रभावित होकर डॉ. डेविड ने नवाचार से प्रेरित शिक्षा के लिए शूलिनी की प्रतिबद्धता की सराहना की। सुश्री रोज ब्रायंट स्मिथ ने विशेष रूप से परिसर की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की और सीखने और अनुसंधान के लिए इसके प्रेरक वातावरण का उल्लेख किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने कहा कि मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों की यात्रा शूलिनी विश्वविद्यालय के वैश्विक दृष्टिकोण को रेखांकित करती है।

हम भविष्य के सहयोगों को लेकर उत्साहित हैं जो नवाचार, अकादमिक उत्कृष्टता और शोध सफलताओं को बढ़ावा देंगे। यह हाई-प्रोफाइल यात्रा एक आशाजनक वैश्विक साझेदारी की शुरुआत का प्रतीक है, जो शूलिनी विश्वविद्यालय और मेलबर्न विश्वविद्यालय के बीच संबंधों को मजबूत करती है। डॉ. रोजी धान्टा, उपनिदेशक अंतरराष्ट्रीय मामले शूलिनी विश्वविद्यालय ने कहा कि यह सहयोग आने वाले वर्षों में अकादमिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों, संयुक्त अनुसंधान पहलों और नवीन शैक्षिक रणनीतियों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## रेणुका बांध परियोजना में तीन सुरंगों के डिजाइन को सीडब्ल्यूसी की मंजूरी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राष्ट्रीय महत्व की रेणुका बांध परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रगति सामने आई है। केंद्रीय जल आयोग ने परियोजना से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण डायवर्जन सुरंगों (टनलों) के डिजाइन को अंतिम रूप देकर स्वीकृति दे दी है। उम्मीद जताई जा रही है कि मई 2025 के अंतिम सप्ताह तक टेंडर आमंत्रित किए जा सकते हैं। इन 3 सुरंगों की लंबाई लगभग डेढ़ किलोमीटर होगी। इन सुरंगों का उद्देश्य बांध के पानी के बहाव को नियंत्रित करने और निर्माण के दौरान डायवर्जन का कार्य करना है। रेणुका बांध परियोजना के लिए सीडब्ल्यूसी को मुख्य परामर्शदाता नियुक्त किया गया है। उनके निर्देशों के अनुसार ही पूरी निर्माण प्रक्रिया चलेगी। इससे पहले 23 जनवरी को सीडब्ल्यूसी सहित विभिन्न तकनीकी संस्थानों की विशेषज्ञ टीम ने ददाहू में बांध स्थल का निरीक्षण किया था। सीडब्ल्यूसी द्वारा अनुमोदित नक्शों के आधार पर अब सुरंगों के निर्माण की अनुमानित लागत तैयार की जा रही है, ताकि टेंडर की प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के पूरी की जा सके। पॉवर कॉर्पोरेशन के निदेशक एसके चौधरी ने बताया कि डिजाइन का रिव्यू किया जा रहा है ताकि टेंडर के समय कोई तकनीकी खामी न रह जाए। रेणुका बांध परियोजना न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन और बिजली उत्पादन के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। परियोजना के सफल क्रियान्वयन से हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों को भी लाभ होगा, साथ ही हिमाचल में रोजगार और विकास के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कश्यप ने उठाया सैनिक रेस्ट हाउस निर्माण का मुद्दा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने लोक सभा में कहा की हिमाचल महान देवभूमि के साथ-साथ महान वीरभूमि भी है और पहला परमवीर चक्र मेजर सोमनाथ जोकि हिमाचल प्रदेश से थे, उनको मिला। उन्होंने कहा कि पिछला जब कारगिल का युद्ध हुआ उसमें भी चार परमवीर चक्र हिमाचल प्रदेश को मिले, इसलिए मेरे संसदीय क्षेत्र में जिला सिरमौर पोंटा साहिब में एक सैनिक रेस्ट हाउस बना। जिसमें केंद्रीय सैनिक बोर्ड की मदद राशि से 2010 में उसका निर्माण कार्य किया गया, लेकिन 1 सितंबर 2024 को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने उसको बंद कर दिया, वो भी बिना किसी नोटिस के, जिसके कारण जो भी भूतपूर्व सैनिक या वीर नारियां हैं, उनको बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कश्यप ने लोक सभा के सभापति के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री से आग्रह किया कि इसमें इंटरवीन करें और सैनिकों के लिए जो रेस्ट हाउस बना है, उसकी सुविधा सैनिकों को जल्द निर्माण कर समर्पित करे।

### सिकंदर ने मत्स्य पालन स्टार्टअप पर मांगी जानकारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार में मत्स्य पालन स्टार्टअप से संबंधित जानकारी सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से मांगी। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत मत्स्य पालन स्टार्टअप अथवा उद्यमिता को स्वीकृति प्रदान कर दी है? मत्स्य पालन और संबद्ध क्षेत्रों में प्रोद्योगिकीय प्रगति को बढ़ावा देने के लिए संस्वीकृत निधि का ब्योरा क्या है? केंद्रीय मंत्री ने बताया कि संबंधित मंत्रायल द्वारा किसान समृद्धि सह योजना के लाभ जैसे निष्पादन आधारित प्रोत्साहन, जलीय कृषि बीमा, संस्थागत ऋण की सुविधा, पात्र वित्तीय प्रोत्साहन के लिए दावा आवेदन और मात्सियकी सहकारी समितियों को सुदृढ्ढ करने का और फिशरस ट्रेसबिलिटी सिस्टम आदि को प्राप्त करने के लिए किसानों को रजिस्ट करने के उदेश्य से नेशनल फिशरीस डिजिटल प्लेटफॉर्म मोबाइल ऐप्लीकेशन लॉन्च किया है। आज तक 21,56,099 मछुआरे, मत्स्य किसान और हितधारक रजिस्टर हुए हैं।

### युवक से मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट में हुई वारदात की पंजाब के आदमपुर पुलिस थाने में दर्ज हुई जीरो एफआईआर गगरेट पुलिस थाने पहुंच गई है। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित ने कई संगीन आरोप लगाए हैं। इस मामले में अब गगरेट पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आदमपुर निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि वह आदमपुर का ही रहने वाला है और बाल काटने का काम करता है। करीब पांच-छह महीने पहले उसकी जान-पहचान आदमपुर की ही एक महिला के साथ हो गई। जिसके बाद दोनों ने एक साथ रहने की कसमें खा लीं। 27 मार्च को वे दोनों आदमपुर से गगरेट आए और एक होटल में किराए पर कमरा ले लिया। 28 मार्च को करीब तीन-चार बजे जब वह होटल से बाहर निकले तो होटल को बाहर दो इनोवा व एक फारच्यूनर और रेंज रोवर गाड़ी में महिला का पति और उसके साथी पहले से मौजूद थे। जिन्होंने उसे पकड़ लिया और मारपीट की। हालांकि महिला बार-बार कहती रही कि वह अपनी मर्जी से आई है लेकिन उसकी कोई बात नहीं सुनी गई। इसके बाद वे लोग उन्हें अलग-अलग गाड़ी में डाल कर अगवा करके ले गए। इस दौरान गाड़ी में एक लड़के ने पिस्तौल मेरे मुंह में डालकर कहा कि क्या तुझे अभी उड़ा दूं। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके गले की सोने की चेन, सोने का कड़ा, सोने की वाली, दो मोबाइल फोन, एक लाख रुपये कैश और पासपोर्ट भी चुरा लिया। आदमपुर ले जाकर उसके सारे कपड़े उतार दिए और उस्तरे शेव कर दीं जबकि सिर के बाल भी काट डाले। उसे नग्न अवस्था में बेहोश कर वे अस्पताल के पास फेंक कर भाग गए। आदमपुर पुलिस ने इस बावत जीरो एफआईआर दर्ज कर गगरेट पुलिस को भेज दी है। जिस पर पुलिस अब इस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। डीएसपी डा. वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि की है।

### विवि ने घोषित किए 13 परीक्षाओं के परिणाम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की 13 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित पीजी डिप्लोमा इन वूमेन स्टडीज (एनईपी) पहला सेमेस्टर, बीएचएमसीटी 7वां सेमेस्टर (सीबीसीएस), बीएचएमसीटी तीसरा सेमेस्टर (फ्रेश) नॉन-सीबीसीएस, एमएससी कंप्यूटर साइंस (सॉफ्टवेयर) पहला सेमेस्टर (री-अपीयर), एमएससी बॉटनी पहला सेमेस्टर (एनईपी), एमए (संगीत) पहला सेमेस्टर (फ्रेश) नॉन-सीबीसीएस, एमए (संस्कृत) तीसरा सेमेस्टर, एमएससी (अर्थशास्त्र) ऑनर्स 5वां सेमेस्टर (एनईपी), एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर आईयूएमएस (रि-अपीयर), एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर नॉन-सीबीसीएस (रि-अपीयर) एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश) (एनईपी) तथा बीएचएमसीटी प्रथम सेमेस्टर (नॉन-सीबीसीएस) (पुनःउपस्थिति) सीबीसीएस परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। इसके साथ ही मई 2024 में आयोजित एमएससी (अर्थशास्त्र) ऑनर्स चौथा सेमेस्टर (एनईपी) परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया है।

### पाइप लाइन बिछाने के चलते सड़क रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ सेक्टर 39 से एमईएस चंडी मंदिर तक 800 मिमी आई/डी एमएस पाइप लाइन बिछाने जा रहा है। पाइपलाइन को जोड़ने के लिए चंडी मंदिर में कार्य प्रगति पर है। इस कार्य के कारण, हाउसिंग बोर्ड चौक चंडीगढ़ में पंचकूला की ओर जाने वाली सड़क 5 अप्रैल 2025 (सुबह 10.00 बजे) से 6 अप्रैल, 2025 (शाम 10.00 बजे) तक बंद रहेगी।

### लॉरेंस इंटरव्यू केस में हाईकोर्ट ने 9 तक स्थगित की सुनवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बर्खास्त डीएसपी गुरशेर संधू को हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। संधू ने याचिका दाखिल करते हुए कहा था कि लॉरेंस बिश्नोई कभी भी उनकी हिरासत में नहीं था। वह पहले दिन से एजीटीएफ की हिरासत में था, जिसके बावजूद उसे बर्खास्त कर दिया गया। हाईकोर्ट ने कहा कि आप इस मामले को लेकर पहले ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर चुके हैं, अब हाईकोर्ट कैसे इस याचिका पर सुनवाई कर सकता है। हाईकोर्ट ने कोई राहत न देकर सुनवाई 9 अप्रैल तक स्थगित कर दी। याचिका दाखिल करते हुए संधू ने हाईकोर्ट को बताया कि लॉरेंस के हिरासत में इंटरव्यू के मामले में उसे बलि का बकरा बनाया गया है। इस मामले से उसका कोई लेना-देना नहीं है और लॉरेंस कभी उसकी हिरासत में नहीं था। लॉरेंस को खरड़ के सीआईए कॉम्प्लेक्स में रखा गया था क्योंकि उस समय एजीटीएफ के पास इंटेरोगेशन सेंटर नहीं था। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड मामले में उसे हिरासत में रखा गया था। संधू ने कहा कि इस मामले में केवल डीएसपी स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। संधू ने कहा कि पहले उसे सम्मानित किया गया था और उसकी प्रमोशन की भी तैयारी की जा रही थी। हालांकि मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। याची को कारण बताओ नोटिस देने के बाद बर्खास्त कर दिया गया। याची ने बताया कि उसे व उसके परिवार को गैंगस्टरों से खतरा है बावजूद इसके उनकी सुरक्षा हटा दी गई।

---

डीसी ऑफिस में भाजपा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के दौरान गरजे कांग्रेस के नेता

# अनुराग के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

> कहा- मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ टिप्पणियां करना घोर अपमान

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि मलिकार्जुन खड़गे देश के वरिष्ठतम नेता हैं। उनका किसी भी स्तर पर अपमान सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर की उनके नेताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उनकी टिप्पणियों से प्रदेश का नाम भी शर्मसार हुआ है, क्योंकि देवभूमि हिमाचल अपनी सभ्यता और संस्कारों के लिए जाना जाता है और उन्होंने इस सभ्यता का अपमान किया है।

मुकेश अग्निहोत्री ने जिला उपयुक्त कार्यालय के बाहर सांसद अनुराग ठाकुर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर अपने आकाओं को खुश करने के लिये अनाप-शनाप टिप्पणियां करते रहते हैं, जिन्हें वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। (अनंत ज्ञान)



### अमेरिका की नई पाबंदियों से हालत खराब होने के आसार

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि अमरीका की नई पाबंदियों से प्रदेश की बागवानी पर बहुत बड़ा विपरीत प्रभाव पड़ने वाला है। इसके अलावा प्रदेश के कर्मचारियों का 10 हजार करोड़ केंद्र सरकार नही दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार केंद्र सरकार की तानाशाही को अब बर्दाश्त नही करेगी और इसके खिलाफ हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी।

### संसदीय प्रणाली को किया तार-तार : विक्रमादित्य

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अनुराग ठाकुर पर आरोप लगाया कि उन्होंने संसदीय प्रणाली को तार तार कर उनके शीर्ष नेताओं का जिस प्रकार अपमान किया है, उसे सहन नही किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों ने उन्हें प्रदेश के मुद्दों व समस्याओं को सरकार के समक्ष रखने को चुना है, पर यह बहुत ही दुखदाई है कि उन्हें प्रदेश हित की कोई चिंता नही है।

### दुष्प्रचार का मुहंतोड़ जवाब दिया जाएगा : प्रतिभा सिंह



**कांग्रेस** अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि वह भाजपा के किसी भी दुष्प्रचार का मुहंतोड़ जवाब दे। सांसद अनुराग ठाकुर ने संसद में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व अन्य राष्ट्रीय नेताओं पर जो अभद्र टिप्पणियां और झूठे आरोप लगाए है, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी होगी। उन्होंने कहा कि जब तक अनुराग ठाकुर माफी नही मांगते तब तक उनके खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

### अनुराग के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी

**विधायक** हरीश जनारथा, महापौर सुरेंद्र चौहान, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने भी इस धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए अनुराग ठाकुर की आलोचना की। इस दौरान अनुराग के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की।

---

# विमल नेगी हत्या मामले में सीबीआई जांच पर सीएम को आपत्ति क्यों : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



जयराम ठाकुर ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन के महा प्रबंधक विमल नेगी की दुखद मृत्यु के बारे में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं और प्रबंधन पर एक से बढ़कर एक गंभीर आरोप लग रहे हैं। इसके बाद भी सरकार सीबीआई जांच से भाग रही है। पता चला है कि नेगी के परिजन इस पूरे मामले की सीबीआई जांच के लिए हाईकोर्ट का रुख करने वाले हैं।

ऐसे में सरकार सीबीआई जांच से भाग कर किसे बचाना चाहती है और किसके भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहती है। अगर परिजनों को सरकार की जांच पर भरोसा है तो उनके द्वारा सीबीआई जांच की मांग को लेकर न्यायालय जाने और कैंडल मार्च निकालने की बात क्यों सामने आ रही है? जयराम ने कहा कि सरकार ओपीडी के पेशेंट की नि:शुल्क जांच की सुविधा बंद करने और ओपीडी के रजिस्ट्रेशन के लिए शुल्क लेने पर विचार कर रही है। इस सूचना पर सरकार को रुख स्पष्ट करना चाहिए।

### कांग्रेस धरना देकर लोगों का ध्यान बांटने की कर रही कोशिश : बिंदल



**अनंत ज्ञान, शिमला।** कांग्रेस पार्टी की सरकार का धरना 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत को चरितार्थ करता है। कांग्रेस ने 2013 में सत्ता के लालच में वक्फ नियमों में बदलाव किए और वो बदलाव देश के लिए घातक साबित हुए और गरीब मुस्लमान के लिए हानिकारक साबित हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा करते हुए इस बात के संबंध में कोई उत्तर नहीं आया कि 2013 में केवल वोटों के लालच में वक्फ कानून में बदलाव क्यों किए और जब पूरे देश के लोगों को यह समझ आया गया कि कांग्रेस पार्टी ने अपने स्वार्थहित साधन के लिए कानूनों में बदल करके देश के खिलाफ काम किया तो अब कांग्रेस धरने पर उतारू है।

---

# प्रदेश के सभी गांवों में 660 नए टावर स्थापित करने का लक्ष्य : इंदु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने बताया कि हिमाचल के सभी गावों को मोबाइल नेटवर्क सुविधा देने के लिए 660 नए टावर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अभी तक राज्य के 12 जिलों में 423 टावर स्थापित करके 66 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है।

हिमाचल के दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्रों में मोबाइल संचार नेटवर्क को सुदृड़ करने के लिए 38 टावर्स स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमे से अब तक 37 टावर्स स्थापित कर दिए गए है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा की दृष्टि से 3 बॉर्डर आउटपुट इनपुट टावर्स स्थापित किए जाएंगे। यह जानकारी उन्हें केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उन्हें ससंद में दी।

बीएसएनएल द्वारा 4 जी रोलआउट में सभी स्वदेशी उपकरण लगाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2022 में 4 जी नेटवर्क की सेवाओं से वंचित क्षेत्रों को 4 जी नेटवर्क के अंतर्गत कवर करने के लिए 26,316 करोड़ की धनराशि मंजूर की गई है, जिसके अंतर्गत 3,001 टू जी टॉवरों को 4 जी टॉवरों में अपग्रेड किया जाएगा।

## पेयजल सुधार परियोजना में 96.3 मिलियन डॉलर का प्रावधान : भारद्वाज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश ग्रामीण पेयजल सुधार और आजीविकी परियोजना के कार्यंवन के लिए भारत सरकार और एशिया विकास बैंक के बीच 16 अगस्त, 2022 को ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसके अंतर्गत 96.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि का प्रावधान है।

यह जानकारी उन्हे ससंद में पूछे गए एक प्रश्न में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मन्त्री वीरन्ना सोमन्ना ने दी। इस परियोजना की कुल लागत 139.10 मिलियन अमेरिकी डॉलर है और इस परियोजना के माध्यम से हिमाचल के 10 जिलों के 620,000 लोगों को ग्रामीण जल आपूर्ति और स्वच्छ सेवाएं प्रदान करने का प्रावधान है। इस परियोजना के ऋण की अंतिम तिथि 30 जून 2028 है। ग्रामीण पेयजल योजनाओं को अपग्रेड किया जाएगा। वहीं केंद्रीय विद्युत नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने बताया की हिमाचल के सभी पंचायत घरों में मुफ्त सोलर रुफटॉप पावर प्लांट लगाने के कोई प्रस्ताव नहीं है।

# गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर तकनीकी आर्थिक रिपोर्ट 30 मार्च को सौंपी

**पुष्पेंद्र, शिमला**

> सरकार ने हाईकोर्ट में दी जानकारी

हिमाचल प्रदेश सरकार ने गग्गल एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट 30 मार्च 2025 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सौंप दी है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट को यह जानकारी गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से जुड़े मामले में सरकार ने दी।

न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को आदेश दिए अब वह एक सप्ताह की अवधि के भीतर इसकी तकनीकी व्यवहार्यता का गहन विश्लेषण करे और अगली सुनवाई की तारीख तक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करे। हाईकोर्ट ने सुनवाई के पश्चात पाया था कि इस मामले में वन भूमि का तबादला करने से जुड़ी स्वीकृति केंद्र सरकार के पास लंबित है।

तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट यानी टीईएफआर जो पर्यावरण संबंधी सेवाओं के लिए एक पूर्व-आवश्यक कार्य है, अभी तक प्राप्त नहीं हुई है और केवल उक्त रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही भारत सरकार वन मंजूरी के लिए अनुमति देने के लिए आगे बढ़ सकती है।

कोर्ट ने पाया था कि बाधा सीमा सतह सर्वेक्षण, जो किसी भी हवाई अड्डे के निर्माण, विकास के लिए एक पूर्वापेक्षित शर्त है, सक्षम प्राधिकारी के समक्ष विचाराधीन है। हाईकोर्ट ने इन खामियों को दूर करने से जुड़ी स्टेट्स रिपोर्ट तलब की थी। (अनंत ज्ञान)

---

# चंडीगढ़ कांग्रेस ने प्रॉपर्टी टैक्स में बढ़ोतरी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ कांग्रेस ने आज सेक्टर 17 स्थित नगर निगम कार्यालय का घेराव करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा स्थानीय भाजपा इकाई के साथ मिलीभगत से लगाए गए अभूतपूर्व प्रॉपर्टी टैक्स में वृद्धि, सैकड़ों नगर निगम कर्मचारियों की बर्खास्तगी और जल एवं बिजली शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि के खिलाफ किया गया।

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सेक्टर 17 में एकत्रित हुए और नगर निगम कार्यालय की ओर मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने काले झंडे और तख्तियां लेकर भारी टैक्स वृद्धि और लंबे समय से सेवा दे रहे एमसी कर्मचारियों की बर्खास्तगी का विरोध किया।

भारी पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को निगम भवन में प्रवेश करने से रोका, जिसके चलते पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की झड़प भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता नगर निगम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और भाजपा तथा चंडीगढ़ प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। एचएस लक्की ने प्रॉपर्टी टैक्स में वृद्धि की कड़ी निंदा करते हुए इसे चंडीगढ़ के नागरिकों के शोषण की संज्ञा दी। उन्होंने कहा, यह अनुचित वृद्धि पूरी तरह अस्वीकार्य है और कांग्रेस इसका डटकर विरोध करेगी। उन्होंने भाजपा की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ उपमहापौर, उपमहापौर और सभी पार्षद इस्तीफा देने को तैयार हैं।

लक्की ने आरोप लगाया कि स्थानीय भाजपा इकाई चंडीगढ़ प्रशासन के साथ मिलकर शहरवासियों पर यह आर्थिक बोझ थोप रही है। चंडीगढ़ के निवासी पहले ही कलेक्टर रेट्स में भारी वृद्धि से परेशान हैं। अब, जब व्यावसायिक प्रॉपर्टी टैक्स 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत और आवासीय टैक्स 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है, तो यह दिनदहाड़े लूट है। भाजपा को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, और हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में हार को जनता के असंतोष का प्रमाण बताया। नगर निगम चुनावों में भाजपा को करारा जवाब मिलने की भविष्यवाणी की।

### निगम द्वारा कर्मचारियों को बर्खास्त करना निंदनीय

**लक्की** ने नगर निगम द्वारा सैकड़ों कर्मचारियों की बर्खास्तगी की भी निंदा की और कहा कि यह मोदी सरकार के हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने के वादे के विपरीत है। उन्होंने बिजली पर सेस और पानी के शुल्क में संभावित वृद्धि की भी आलोचना की और कहा कि यह चंडीगढ़ के नागरिकों के लिए आर्थिक रूप से विनाशकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा, ÷यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। इस विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ उपमहापौर जसबीर सिंह बंटी, उपमहापौर तरुणा मेहता, दर्शना देवी, सचिन गालव, अच्छे लाल गौड़, राजीव शर्मा, राजीव मोदगिल, अजय शर्मा, कमलेश बनारसी दास, गुरचरण दास काला, सुरजीत ढिल्लों, राजदीप सिद्धू, जेड पी खान, बी एम खन्ना, यादविंदर मेहता, धर्मवीर, हरमेल केसरी, वसीम मीर, दिलावर सिंह, ममता, मेघा कल्याण, सुनील चोपड़ा, ममता डोगरा, दलजीत सिंह, गुरचरण सिंह, रूपी सिंह, विक्रम चोपड़ा सहित आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे साइक्लोथॉन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा से नशे के खात्मे के लिए कल 5 अप्रैल को हिसार से प्रदेश स्तरीय नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस जागरूकता अभियान का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 अभियान के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के गेट नंबर एक से फ्लेचर भवन (एचएयू प्रशासनिक ब्लॉक) का मार्ग चुना गया है। उन्होंने बताया कि हिसार जिला प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय साइक्लोथॉन के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि हिसार से शुरू होकर यह यात्रा भिवानी जिले में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

प्रवक्ता ने बताया कि इस साइक्लोथॉन में हिसार जिले से 43 हजार से अधिक साइक्लिस्ट जुड़ चुके हैं और इस जिले मे आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। हिसार से शुरू होने वाली यह यात्रा 27 अप्रैल तक चलेगी और राज्य के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए सिरसा में समाप्त होगी। कल यात्रा हिसार से भिवानी जिले की ओर बढ़ेगी और लाडवा, सुल्तानपुर, उमरा, रतेरा, ढाणी किरवार, तोशाम, सागबान व बापोड़ा होते हुए आगे बढ़ेगी।

# युवक की हत्या के मामले में मुख्य नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

> मामले में गिरफ्तार चार अन्य आरोपियों का बढ़ा तीन दिन का रिमांड




युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मनीमाजरा का रहने वाला है और उससे अभी पूछताछ जारी है। वहीं, इस मामले में गिरफ्तार किए गए चार अन्य आरोपियों को जांच टीम ने कोर्ट में पेश कर उनका दोबारा तीन दिन का रिमांड बढ़वाया है। जानकारी के अनुसार इस मामले में पुलिस को दिए बयानों में अर्जुन दलाल ने बताया कि वह यूआईईटी में अपने दोस्त आदित्य, अभय और अनिरुद्ध के साथ मासूम शर्मा का शो देखने के लिए गया था। शो में काफी भीड़ थी और इसी दौरान आदित्य की वहां कुछ युवकों के साथ बाहर निकलते समय आपसी कहासुनी हो गई।

उन युवकों ने आदित्य को धमकी दी कि उनसे पंगा लेकर बहुत बड़ी गलती कर ली, तुम्हें जान से मार देंगे। इसी बात को लेकर आदित्य व उसके दोस्तों की उन युवकों से बहस बढ़ गई। इसके बाद वह सभी दोस्त शो से बाहर निकल आए। इसी दौरान स्टेज के पास पीछे की तरफ इन युवकों ने अचानक से उन पर हथियारों के साथ हमला कर दिया। इन युवकों ने गाली-गलौच करते हुए आदित्य को पकड़ लिया और एक युवक ने उसकी टांग में चाकू घोंप दिया। हमलावरों ने अनिरुद्ध के सिर पर डंडे मारे, जिससे वह भी लहुलूहान हो गया। जब वह लहूलुहान हो गए तो हमलावर वहां से फरार हो गए थे। आदित्य को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने इस मामले में लविश निवासी मनीमाजरा, उदय निवासी न्यू इंद्रा कॉलोनी मनीमाजरा, साहिल निवासी 101/1 मनीमाजरा और राघव निवासी 35/3 सुभाष नगर मनीमाजरा को गिरफ्तार किया था। इन चारों आरोपियों को 30 मार्च को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया था और वीरवार को दोबारा कोर्ट में पेश कर इनका रिमांड बढ़ाया है। वहीं, जांच टीम ने मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है जो अभी 17 साल का नाबालिग है। जांच टीम ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है जो कि अकसर अपने साथ रखता था।

---

## सभी अस्पतालों के डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान करें प्रस्तुत : आनंद




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राज्य के अस्पतालों के डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान की स्थिति का अपडेट लेते हुए मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी अस्पतालों के डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान को एक माह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने महानिदेशक स्वास्थ्य के कार्यालय में आपदा प्रबंधन हेतु नोडल अधिकारी की तत्काल तैनाती के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ जिला अस्पतालों की आपदा प्रबंधन रणनीति व वर्किंग प्लान पर बैठक करते हुए इस मुद्दे पर स्वास्थ्य महकमे को सेंसटाइज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव आनंद आज उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आईटी पार्क स्थित कार्यालय में प्राधिकरण की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबंधन विभाग को एनडीएमए के सहयोग से जल्द ही भूकम्प संबंधित मॉकड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

## भाजपा का स्थापना दिवस 'एक गौरवशाली यात्रा'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक स्थापना दिवस सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सेवा कार्य, जनसंपर्क अभियान और विचार गोष्ठियां शामिल होंगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल, 1980 को हुआ था और तब से लेकर आज तक पार्टी ने भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि स्थापना दिवस के दौरान कार्यकर्ता अपने घर पर भाजपा का झंडा लगाएगा और विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत स्वच्छता अभियान, गरीबों की सहायता, रक्तदान शिविर और जनसंपर्क अभियान चलाए जाएंगे, ताकि भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया जा सके।

मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना है। भाजपा ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है और समाज के हर वर्ग तक अपनी पहुंच बनाई है। डिजिटल युग में पार्टी ने सोशल मीडिया और तकनीकी साधनों का प्रभावी उपयोग किया है, जिससे भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

**तैयारी** | मुख्य सचिव रस्तोगी ने की सीडीएस तथा एनडीए परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

# फरीदाबाद 12 और गुरुग्राम में बनाए 27 परीक्षा केंद्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

> प्रत्येक परीक्षा स्थल पर 10 पुलिसकर्मी होंगे तैनात

हरियाणा के मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने आगामी 13 अप्रैल को जिला फरीदाबाद और गुरुग्राम में होने वाली सीडीएस परीक्षा-1, 2025 तथा एनडीए एवं एनए-परीक्षा-1, 2025 के आयोजन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि इन परीक्षाओं के प्रदेश के जिला फरीदाबाद में 12 और गुरुग्राम में 27 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा स्थलों, खास तौर पर एंट्री गेट, पिछले गेट और पार्किंग में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परीक्षा स्थल के पास किसी भी प्रकार के व्यवधान या आंदोलन की अनुमति न दी जाए। संवेदनशील सामग्री लाने-ले जाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, प्रत्येक परीक्षा स्थल पर महिला पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 10 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जानी चाहिए। अनुराग रस्तोगी निर्देश दिए कि परीक्षाओं के लिए उम्मीदवारों तथा परीक्षा से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को आने-जाने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उनके आने-जाने के लिए पर्याप्त संख्या में बसों की व्यवस्था की जाए। परीक्षा के निर्बाध संचालन के लिए सभी केन्द्रों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि परीक्षा स्थलों पर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ और अन्य आईटी/संचार उपकरणों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक स्थल पर जैमर लगाए जा रहे हैं। परीक्षाओं में कदाचार के मामलों को देखते हुए संबंधित परीक्षा पदाधिकारियों को उचित रूप से जागरूक किया जाना चाहिए।

बैठक में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ए. श्रीनिवास, निगरानी एवं समन्वय की विशेष सचिव डॉ. प्रियंका सोनी, फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त एसके गुप्ता तथा गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने भी भाग लिया।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड





ऑरेंज कैप

**निकोलस पूरन**

189





पर्पल कैप

**नूर अहमद**

09



सिक्सर किंग

**निकोलस पूरन**

15

### अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 2. | दिल्ली | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 3. | बेंगलुरु | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 4. | गुजरात | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 5. | कोलकाता | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 6. | मुंबई | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 7. | लखनऊ | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 8. | चेन्नई | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 9. | राजस्थान | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 10. | हैदराबाद | 04 | 01 | 03 | 02 |

**आईपीएल** चेन्नई और दिल्ली के मैच में पिच स्पिनर के लिए मददगार

# नूर और कुलदीप निभा सकते हैं अहम भूमिका

**एजेंसी, चेन्नई**





दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर कुलदीप यादव और चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद इन दोनों टीमों के बीच शनिवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई की तेज गर्मी में यह मैच दोपहर बाद खेला जाएगा और जिस तरह से यहां की पिच स्पिनर के लिए मददगार रही है, ऐसे में दोनों टीमों की जीत की संभावना लगभग बराबर है। ऐसी परिस्थितियों में दिल्ली के लिए कुलदीप और चेन्नई के लिए नूर की भूमिका महत्वपूर्ण बन गई है। कुलदीप का इकोनॉमी रेट अभी तक 5.25 जबकि नूर का 6.83 है।

बीच के ओवरों में यह दोनों स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। यह दोनों कलाई के स्पिनर हैं और उनके बीच मुकाबला दिलचस्प होगा। दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए महेंद्र सिंह धोनी की मारक क्षमता कम होना चिंता का विषय है। शिवम दुबे को छोड़कर उसके मध्यक्रम में कोई भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जो अंतिम 10 ओवरों में 180 या 200 की स्ट्राइक रेट से रन बना सके।

चेन्नई के सलामी बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी की तेज गेंदबाजों के सामने कमजोरी खुलकर सामने आ गई है। धोनी ने उन्हें रुतुराज गायकवाड की जगह पारी का आगाज करने के लिए भेजने का फैसला किया था लेकिन वह अभी तक अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरे हैं।

**मैच : दोपहर 3.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस। गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा। कुलदीप यादव।

# पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आज शाम होगी भिड़ंत

**एजेंसी, मुल्लांपुर**





राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई में पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेगी तो सभी की निगाह खराब फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल पर टिकी रहेगी जो मैदान के बाहर की घटनाओं के बजाय अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरना चाहेंगे।

जायसवाल हाल में तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने मुंबई की टीम के अपने एक सीनियर साथी के साथ कथित मतभेदों के कारण घरेलू क्रिकेट में गोवा की तरफ से खेलने का फैसला किया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज आईपीएल में अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उन्होंने दिन मैच में केवल 34 रन बनाए हैं जिसका उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स पर काफी प्रभाव पड़ रहा है। जायसवाल की खराब फॉर्म का एक कारण उनका मैच अभ्यास की कमी है।

रॉयल्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर होंगे जिन्होंने लगातार दो अर्धशतक जमा कर अपनी शानदार फॉर्म का परिचय दिया है। वह लंबे शॉट खेलने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने अभी तक केवल दो मैच में 13 छक्के लगाए हैं। अय्यर ने आईपीएल 2024 में 16 मैच में इतने छक्के लगाए थे। अय्यर ने कप्तानी कौशल का भी शानदार नमूना पेश किया है। जिस तरह से ग्लेन मैक्सवेल का स्पिन गेंदबाज के रूप के रूप में इस्तेमाल किया, वह सराहनीय है।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन। हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), रियान पराग, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु ह्यहसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

# संजीवनी क्रिकेट चैंपियंस लीग की विजेता टीम बनी एमबीसी झटवाड़ी

**दशमी रावत, रोहड़ू**

इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम रोहड़ू में आयोजित संजीवनी क्रिकेट चैंपियंस लीग सीजन चार का समापन हो गया है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला शिमला की 32 पंचायतों के 352 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर भाजपा नेत्री शशि बाला बतौर मुख्यातिथि मौजूद रही।

वहीं रोहड़ू के पारसा गांव से संबंध रखने वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रेणुका सिंह ठाकुर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रही। वहीं संजीवनी क्रिकेट चैंपियंस लीग के टाइटल स्पान्सर सीएफसी-108 परमाणू के मालिक हरीश चौहान बतौर मुखतिथि मौजूद रहे। पहला सेमीफइनल मुकाबला एमबीसी झटवाड़ी व एनवाईएम धार के मध्म खेला गया, जिसमें एमबीसी झटवाड़ी की टीम पांच रन से विजयी रही। दूसरा सेमीफइनल मुकाबला सीएमसी खशधार व एसएमसी गांवसारी में खेला गया, जिसमें सीएमसी खशधार दस विकेट से विजयी रही।

वहीं फाइनल मुकाबला बठोलीगढ़ क्षेत्र की दोनों टीमें एमबीसी झटवाड़ी एवं सीएमसी खशधार के मध्य खेला गया, जिसमें एमबीसी झटवाड़ी की टीम 51 रन से विजयी रही। फाइनल मुकाबले के मैन आफ द मैच के पुरस्कार से एमबीसी झटवाड़ी के कप्तान संजीव घेष्टा को नवाजा गया। संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य गांव के खिलाड़ियों को खेलने का मौका प्रदान करना है, ताकि वे आगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। (अनंत ज्ञान)

# मार्श ने फिफ्टी लगाकर दी सुपर जायंट्स को मजबूती

**एजेंसी, लखनऊ**

आईपीएल का 16वां मैच शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला गया। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। ओपनर मिचेल मार्श और ऐडन मार्करम ने सधी हुई शुरुआत की, जिसकी बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम बड़े स्कोर की ओर अग्रसर हो रही थी।

मिचेल मार्श ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए जल्दी अपनी फिफ्टी पूरी की। वहीं ऐडन मार्करम ने भी उनका बखूबी साथ दिया। हालांकि मार्श 31 गेंदों में 60 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन वह अपनी टीम को एक अच्छा स्कोर देने में कामयाब रहे। मार्श की पारी में 9 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। उन्हें विग्नेश पुथुर ने अपनी ही बॉलिंग पर कैच किया। इसके बाद निकलसन पूरन ऐडन मार्करम का साथ निभाने के लिए क्रीज पर आए, लेकिन 9वें ओवर में लखनऊ ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया।

हार्दिक पंड्या ने ओवर की पांचवीं बॉल पर निकोलस पूरन को कैच कराया। पूरन ने 6 गेंद पर 1 चौका और 1 छक्का लगाया तथा महज 12 रन बनाकर चलते बने। मार्करम ने अपनी टीम के स्कोर को आगे बढ़ाते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने समाचार लिखे जाने तक 26 गेंदों में 39 रन बना लिए थे। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने 13 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 120 रन बना लिए थे। बदोनी दो रन बनाकर मार्करम का साथ निभा रहे थे।



## भारत की प्रणवी जोबर्ग ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग।** भारत की प्रणवी उर्स ने जोबर्ग महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए पहले दौर के शुरुआती 13 होल में पांच अंडर का स्कोर बनाया। जब खेल रोका गया तब कई खिलाड़ी पहले दौर को पूरा नहीं कर पाए थे। प्रणवी पांच होल शेष रहते हुए संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की मिमी रोड्स 18 होल पूरे करने में सफल रहीं। वह अभी आठ अंडर 65 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रही हैं। प्रणवी ने दसवें होल में बोगी के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर बैक नाइन पर शेष आठ होल पर पांच बर्डी के साथ अच्छी वापसी की। प्रणवी के अलावा अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (71) ने अपना राउंड पूरा किया था और वह संयुक्त 21वें स्थान पर हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### राहुल गांधी को लखनऊ हाईकोर्ट से झटका



**200 रुपए जुर्माना व समन रद्द करने की मांग खारिज**

**एजेंसी, लखनऊ।** राहुल गांधी की याचिका लखनऊ हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। उन्होंने वीर सावरकर मानहानि मामले में लखनऊ की सेशन कोर्ट के समन आदेश और 200 रुपए जुर्माने को लेकर हाईकोर्ट में 2 अप्रैल को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने उन्हें अल्टरनेट रेमेडी (वैकल्पिक उपाय) अपनाने का सुझाव देते हुए लखनऊ सेशन कोर्ट जाने को कहा है। दरअसल, 3 मार्च को लखनऊ की अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर राहुल गांधी पर 200 रुपए जुर्माना लगाया था। चेतावनी दी थी कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, अगर वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। गैर-जमानती वारंट भी जारी किया जा सकता है।

### हंस-3 के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** स्वदेशी विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सीएसआईआर-एनएएल और पायनियर क्लीन एम्प्स प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को दो-सीट वाले प्रशिक्षण विमान हंस-3 के लिए एक प्रौद्योगिकी लाइसेंस समझौता किया। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)-राष्ट्रीय वैमानिकी प्रयोगशाला (एनएएल) ने इस प्रशिक्षण विमान को डिजाइन किया है। यह समझौता विनिर्माण और व्यावसायीकरण के साथ उड़ान प्रशिक्षण और संबद्ध अनुप्रयोगों के लिए विपणन और बिक्री के बाद समर्थन के लिए है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक समारोह में कहा कि नई पीढ़ी का हंस-3 विमान आत्मनिर्भर भारत सहित विभिन्न लक्ष्यों को पूरा करने और विमान विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा देने में मदद करेगा। नागर विमानन मंत्री के राममोहन ने इस अवसर पर कहा कि देश को अधिक पायलटों की जरूरत है, और स्वदेशी विमान उन पायलटों को प्रशिक्षण देने में मदद करेंगे।

### सोशल मीडिया पर बच्चों के बैन की याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर कानूनी प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह नीतिगत मामला है। आप संसद से कानून बनाने के लिए कहें। यह हमारे दायरे से बाहर है। हालांकि, कोर्ट ने अन्य अथॉरिटी के सामने अपील करने की छूट दी है। पीठ ने कहा कि आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार अपील की जा सकती है। जेप फाउंडेशन की याचिका में केंद्र सरकार और अन्य अथॉरिटी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुंच को रेगुलेट करने के लिए बायोमेट्रिक वैरिफिकेशन जैसा एज वैरिफिकेशन सिस्टम शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इसके अलावा बाल संरक्षण नियमों का पालन करने में असफल रहने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सख्त कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई थी।



### सेना में भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा के मापदंड घटाने का कोई प्रस्ताव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बात से इनकार किया कि सेना में भर्ती के लिए पुरुष और महिला उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के मापदंडों को घटाने का कोई प्रस्ताव है।रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।उन्होंने कहा, ''भारतीय सेना ने ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।'' द्रमुक सांसद कलानिधि वीरास्वामी ने यह सवाल किया था कि क्या सरकार भारतीय सेना में भर्ती के लिए पुरुष और महिला उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा मापदंडों को घटाने का प्रस्ताव कर रही है।

## देश-विदेश

# एआई में 1.4 अरब डॉलर के निजी निवेश के साथ भारत 10वें स्थान पर

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) में 1.4 अरब डॉलर के निवेश के साथ भारत 10वें स्थान पर है और भारत तथा चीन दुनिया के दो ऐसे विकासशील देश हैं जो 2023 तक एआई में महत्वपूर्ण निजी निवेश करेंगे। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) द्वारा जारी प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि भारत 2024 में 'अग्रणी प्रौद्योगिकी के लिए तत्परता' सूचकांक में 36वें स्थान पर है, जो 2022 में उसके प्रदर्शन से बेहतर है। 2022 में भारत इस सूचकांक में 48वें स्थान पर था।





अग्रणी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तत्परता के मामले में दुनियाभर के 170 देशों की रैंकिंग में भारत ने 36वां स्थान हासिल किया। विश्व निकाय की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की रैंकिंग में पिछले वर्षों की तुलना में सुधार हुआ है। इस रैंकिंग में उन देशों को शामिल किया गया है, जो नयी एवं अहम तकनीकों को अपनाने में तत्परता दिखाते हैं।

सूचकांक में आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) परिनियोजन, कौशल, अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) गतिविधि, औद्योगिक क्षमता और वित्त तक पहुंच के संकेतकों को शामिल किया गया है। भारत आईसीटी के लिए 99वें, कौशल के लिए 113वें, आरएंडडी के लिए तीसरे, औद्योगिक क्षमता के लिए 10वें और वित्त के लिए 70वें स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2033 तक दुनियाभर में एआई बाजार 4800 अरब डॉलर का होगा और डिजिटल बदलाव में इसकी अहम भूमिका होगी।

## संभल : शाही जामा मस्जिद में हिंदू अनुष्ठान करने पर तीन हिरासत में

**एजेंसी, संभल (उप्र)।** दिल्ली से आए तीन लोगों को संभल की शाही जामा मस्जिद में कथित तौर पर पूजा और हिंदू अनुष्ठान करने के प्रयास के बाद पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा, ''तीन व्यक्ति कार से आए थे और उन्हें विवादित स्थल के पास हिरासत में ले लिया गया। उन्हें पुलिस थाने ले जाया गया है और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्हें भविष्य में संभल में प्रवेश न करने की चेतावनी भी दी जाएगी।'' हिरासत में लिए गए लोगों में से एक सनातन सिंह ने दावा किया, ''हम विष्णु हरिहर मंदिर में हवन और यज्ञ करने दिल्ली से आए थे, लेकिन पुलिस ने हमें गिरफ्तार कर लिया।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान में सिखों के उत्पीड़न की खबरों पर नजर रखता है भारत : सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि सरकार पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सिख समुदाय के सदस्यों के उत्पीड़न की खबरों पर नियमित रूप से नजर रखती है। विदेश राज्य मंत्री सिंह ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या वह पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सिख समुदाय के सदस्यों के उत्पीड़न के आंकड़े रखता है और दुनिया भर में सिखों की सुरक्षा और बचाव के लिए विदेश मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण क्या है?

सिंह ने कहा, ''भारत सरकार पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सिख समुदाय के सदस्यों के उत्पीड़न की खबरों पर नियमित रूप से नजर रखती है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों, जिनमें सिख समुदाय भी शामिल है, के खिलाफ अत्याचारों में उत्पीड़न, धमकी, जबरन विवाह, जबरन धर्मांतरण, उनके धार्मिक पूजा स्थलों पर तोड़फोड़ आदि शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ अत्याचार की खबरों के आधार पर भारत सरकार राजनयिक चैनलों के माध्यम से पाकिस्तान के समक्ष ऐसे मामलों को उठाती है।

उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान सरकार से आग्रह है कि वह अल्पसंख्यक समुदायों सहित अपने नागरिकों के प्रति अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करे तथा सांप्रदायिक हिंसा, अति पूर्वाग्रहों और धार्मिक असहिष्णुता को समाप्त करे।''

# प्रो. यूनुस से पीएम मोदी ने हिंदुओं की सुरक्षा का उठाया मुद्दा

**एजेंसी, थाईलैंड**



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रो. मोहम्मद यूनुस से शुक्रवार को थाईलैंड में मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर भारत की चिंताओं पर जोर दिया। इस इसकी जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पीएम मोदी ने लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और सबको साथ लेकर चलने वाले बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को दोहराया।

मिसरी के मुताबिक पीएम मोदी ने बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की भारत की इच्छा जाहिर की। प्रधानमंत्री ने यह भी आग्रह किया कि माहौल को खराब करने वाली किसी भी बयानबाजी से बचना चाहिए।

मिसरी ने कहा कि पीएम मोदी ने प्रो. यूनुस के सामने सीमा सुरक्षा का भी मुद्दा उठाया और कहा कि सीमा पर सुरक्षा बनाए रखने के लिए कानून का सख्त पालन और अवैध सीमा पार की रोकथाम जरूरी है। इसके अलावा, विक्रम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर भारत की चिंताओं को भी रेखांकित किया।

# लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ का सैन्य सम्मान से किया अंतिम संस्कार

**एजेंसी, चंडीगढ़**

गुजरात में जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटना में शहीद हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव का शुक्रवार को हरियाणा के रेवाड़ी जिले में उनके पैतृक गांव माजरा भालखी में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

यादव (28) बुधवार रात जामनगर वायुसेना स्टेशन के पास विमान दुर्घटना में शहीद हो गए थे। उनके परिवार ने बताया कि हाल ही में यादव की सगाई हुई थी और इस वर्ष नवंबर में उनकी शादी होनी थी। शहीद पायलट के सम्मान में भारतीय वायुसेना के जवानों ने बंदूकों की सलामी दी। हरियाणा के पूर्व मंत्री बनवारी लाल, रेवाड़ी जिले के बावल से भाजपा विधायक कृष्ण कुमार सहित हजारों लोग उनके अंतिम संस्कार में एकत्र हुए थे।



# पोको सी71 ने बाजार में रखा कदम

**एजेंसी, बेंगलुरु**



परफॉर्मेंस-फोकस्ड टेक ब्रांड पोको ने बजट स्मार्टफोन सेगमेंट में अपनी नई पेशकश पोको सी71 लॉन्च कर दिया है। बेहतरीन डिस्प्ले, दमदार फीचर्स और अत्याधुनिक परफॉर्मेंस के साथ यह स्मार्टफोन अपने मूल्य वर्ग में एक नई मिसाल कायम करता है। सिर्फ 6,499 में, पोको सी71 सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है जो 6.88 इंच का एचडी+ डिस्प्ले, 120एचजेड अडेप्टिव रिफ्रेश रेट और टीयूवी रहेइनलैंड ट्रिपल आई प्रोटेक्शन जैसी प्रीमियम विशेषताएं पेश करता है।

रिफाइंड, स्टाइलिश कैमरा डेको के साथ स्लीक फ्लैट फ्रेम डिवाइस को एक प्रीमियम लुक और फील देता है, जो इसे अपने सेगमेंट में सबसे अलग बनाता है। एक प्रीमियम गोल्डन रिंग कैमरा डेको और बोल्ड, आकर्षक लुक के लिए एक खास स्प्लिट-ग्रिड डिजाइन की विशेषता है। केवल 8.26 मिमी पतला होने से यह एक आरामदायक पकड़ प्रदान करता है। गोल्ड, ब्लू और ब्लैक जैसे तीन शानदार रंगों में उपलब्ध पोको सी71 एक डायनेमिक पैकेज में खूबसूरती और परफॉर्मेंस दोनों प्रदान करता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, पोको इंडिया के कंट्री हेड हिमांशु टंडन ने कहा कि हम नए पोको सी71 को पेश करते हुए रोमांचित महसूस कर रहे हैं। यह एक ऐसा डिवाइस है जो पावर, परफॉर्मेंस और इनोवेशन का प्रतीक है। यह फोन बजट स्मार्टफोन सेगमेंट को नई पहचान देता और उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाता है।

**फैसला** मलिक को कुछ मामलों में गवाहों से डिजिटल माध्यम से जिरह की मिली इजाजत

# न्यायालय ने मलिक को भौतिक रूप से पेश होने की नहीं दी अनुमति

**एजेंसी, नई दिल्ली**



उच्चतम न्यायालय ने जेल में बंद 'जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट' (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक को जम्मू की एक अदालत में भौतिक रूप से पेश होने की अनुमति नहीं दी, लेकिन उसे कुछ मामलों में गवाहों से डिजिटल माध्यम से जिरह करने की इजाजत दे दी।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने केंद्र के आदेश पर गौर किया जिसमें एक साल के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से उसकी आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया था। पीठ ने इस निषेधाज्ञा के मद्देनजर मलिक की भौतिक उपस्थिति को अनुचित पाया।

मलिक और अन्य सह-आरोपियों के खिलाफ दो मुकदमे जम्मू-कश्मीर से दिल्ली स्थानांतरित करने के अनुरोध संबंधी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर यह फैसला सुनाया गया। एक मामला आठ दिसंबर 1989 को तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से जुड़ा हुआ है और दूसरा मामला 25 जनवरी 1990 को चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या से संबंधित है।

### मैं आतंकवादी नहीं हूं

**जेल** में बंद 'जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट' (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह एक 'राजनीतिक पार्टी का नेता है, आतंकवादी नहीं' और उसने दावा किया कि अतीत में सात प्रधानमंत्रियों ने उससे संवाद किया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ के समक्ष 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के जरिए पेश हुए मलिक ने सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इस दलील का जिक्र किया कि आतंकवादी हाफिज सईद के साथ उसकी तस्वीरें हैं।